वर्ष 69 अंक 234 पृष्ठ 12+8 = 20
भोपाल, शनिवार 23 मई, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

'आज तुम सिर्फ तुम हो, यह सच से भी सच्चा है, इस पूरी दुनिया में, तुमसे बेहतर तुम कोई और नहीं हो सकता।'
- डॉ. सूस

# त्विषा केस: पति समर्थ ने किया सरेंडर दिल्ली एम्स की टीम करेगी पोस्टमॉर्टम

## प्रदेश सरकार ने की सीबीआई जांच की सिफारिश, जबलपुर में वकीलों ने किया हंगामा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एक्ट्रेस त्विषा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में त्विषा के पति समर्थ ने शुक्रवार को जबलपुर जिला कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वहां की पुलिस ने समर्थ को हिरासत में ले लिया। बाद में भोपाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। रात तक पुलिस उसे लेकर भोपाल पहुंच जाएगी।

वहीं त्विषा के शव का दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की टीम दोबारा पोस्टमॉर्टम करेगी। त्विषा के परिजन दोबारा पीएम कराने की मांग कर रहे थे, जिसे भोपाल कोर्ट ने ठुकरा दिया था। मगर हाईकोर्ट जबलपुर ने शुक्रवार मंजूरी दे दी। अब दिल्ली एम्स की टीम भोपाल आकर त्विषा के शव का पोस्टमॉर्टम करेगी। इस दौरान पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी भी होगी। वहीं इस हाईप्रोफाइल केस की जांच राज्य शासन ने सीबीआई को देने की सिफारिश की है। प्रदेश की गृह सचिव कृष्णावेणी देसावतु ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दिल्ली की विशेष पुलिस का दायरा पूरे मध्यप्रदेश तक बढ़ा दिया है। बता दें कि त्विषा के परिजनों ने प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर सीबीआई जांच की मांग की थी। सीबीआई को हैंडओवर होने तक भोपाल पुलिस अपनी कार्रवाई करती रहेगी।

मामले में आरोपी बनाई गई रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को भोपाल कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ दायर याचिका जस्टिस अवनींद्र सिंह ने युगल पीठ को रेफर कर दी। एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से भोपाल जिला अदालत द्वारा गिरिबाला सिंह को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने की मांग की गई थी। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि अग्रिम जमानत मिलने से केस की आरोपी रिटायर्ड जज गिरिबाला जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं और इससे सबूतों के भी प्रभावित होने की संभावना है। इस मामले को अब युगलपीठ में भेजा गया है, जहां 25 मई को अगली सुनवाई होगी। (संबंधित खबर पेज-5 पर)

### मुंह ढककर जबलपुर के जिला अदालत पहुंचा था समर्थ



शुक्रवार को समर्थ अपनी जमानत याचिका वापस लेने हाईकोर्ट पहुंचा। फिर सिर पर टोपी और मास्क लगाकर जबलपुर जिला अदालत में सरेंडर के लिए पहुंचा था। यहां वकीलों ने सरेंडर न करने को लेकर हंगामा किया। इसके बाद जिला अदालत ने उसका सरेंडर आवेदन नामंजूर करते हुए भोपाल पुलिस या भोपाल अदालत में जाकर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। मामले की जांच कर रहे भोपाल के एसीपी रजनीश कौल के अनुसार समर्थ को जबलपुर जिला अदालत के बाहर स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार का कहना है कि मामला जब तक सीबीआई के हैंडओवर नहीं हो जाता, भोपाल पुलिस मामले की जांच व कार्रवाई जारी रखेगी।

**दहेज हिंसा पर एनसीआरबी की रिपोर्ट**

### रोजाना 16 महिलाओं की होती है मौत, मप्र टॉप 3 में

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, भारत में साल 2024 में 5,737 दहेज मौतें दर्ज की गईं। हालांकि यह साल 2017 में दर्ज मौतों की तुलना में कम है, लेकिन आंकड़े अब भी चिंताजनक हैं। औसतन, देश में हर दिन 16 महिलाओं की हत्या सिर्फ दहेज के लिए की जा रही है। इस मामले में मप्र टॉप 3 में शामिल है। साल 2024 में दर्ज हुई कुल दहेज मौतों में से एक तिहाई से अधिक मामले अकेले उप्र में सामने आए, जहां कुल 2,038 केस दर्ज किए गए। इसके बाद 1,078 मौतों के साथ बिहार दूसरे स्थान पर रहा। उच्च संख्या वाले अन्य राज्यों में मध्य प्रदेश (450), राजस्थान (386), और पश्चिम बंगाल (337) शामिल हैं।

# मप्र में 30 तक तपिश से राहत नहीं पूरा उत्तर भारत गर्मी से हुआ बेहाल

## मानसून का 3 दिन में दिखेगा असर, केरलम-तमिलनाडु में बारिश की चेतावनी

**नगर संवाददाता, भोपाल।** इन दिनों देश का नक्शा मौसमी नजर में तीन रंगों में बंटा हुआ है। रेड, ओरेंज और येलो। जिन राज्यों में रेड रंग चमक रहा है, वहां भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है वहीं मप्र में भी 30 मई तक हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की गई है।

इधर, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक इस समय मानसून पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुका है। अगले दो से तीन दिन में यह बंगाल की खाड़ी में पूरी तरह पहुंच जाएगा। 26 मई को इसके केरलम के तट से टकराने की प्रबल संभावना है। इससे पहले मानसून का असर देश के तटीय राज्यों में दिखने लगेगा। आईएमडी इंडिया ने भारत के निचले राज्यों जैसे केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और पूर्वी राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। इन राज्यों में अगले दो से तीन दिन में भारी बारिश और तेज आंधी की संभावना है। इसके बाद मानसून आगे बढ़ेगा और देश के अन्य राज्यों में अपनी दस्तक देगा।



भोपाल के रोशनपुरा चौराहे में दोपहर 2 बजे बच्चों धूप से बचता दंपत्ति।

**रेड कलर वॉर्निंग**
छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा

**यहां ओरेंज अलर्ट**
राजस्थान, महाराष्ट्र बिहार, पश्चिम बंगाल तेलंगाना, आंध्र प्रदेश

### मप्र में पारा फिर 46 पार, चार जिलों में चली लू

मध्य प्रदेश में गर्मी का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। प्रदेश के चार जिलों में शुक्रवार को लू चली। इसमें टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी और रीवा का नाम शामिल है। छतरपुर के नौगांव में एक बार फिर पारा 46 डिग्री पार चला गया। यहां शुक्रवार को अधिकतम तामपान 46.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह देश का दूसरा सबसे गर्म स्थान रहा। नंबर वन पर उत्तर प्रदेश का बांदा जिला रहा। जहां अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। मप्र में नौगांव के बाद खजुराहो में पारा 46.4 डिग्री रहा।

### 13 जिलों में पारा 44 डिग्री, भोपाल में गिरा

शुक्रवार को एमपी के 13 जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री या इससे ऊपर रहा। हालांकि चार दिन पहले तक यह आंकड़ा 22 जिलों में था। प्रदेश में बीते तीन दिन में पारा कुछ नीचे की ओर लुढ़का है। हालांकि इससे गर्मी में कोई कमी नहीं आई है। बात करें प्रदेश की राजधानी भोपाल की तो यहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रहा।

## संक्षिप्त खबरें

**आज भारत आएंगे रूबियो**

### 'भारत दोस्त, जितना तेल चाहिए हम देंगे'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को भारत को बेहतरीन साझीदार बताया और कहा कि भारत जितना ईंधन खरीदना चाहता है, अमेरिका बेचने को तैयार है। अपनी पहली भारत यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उन्हें क्वाड देशों के मंत्रियों से मिलने का मौका मिलेगा। रूबियो 23-26 मई तक भारत में रहेंगे और कोलकाता, आगरा, जयपुर व नई दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, 'वे (भारत) हमारे बेहतरीन सहयोगी और साझीदार हैं।



### अमेरिका में खुफिया विभाग चीफ तुलसी का इस्तीफा

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। भारतीय मूल की अमेरिकी नेता गबार्ड ने ट्रंप को भेजे इस्तीफे में अपने पति की गंभीर बीमारी का हवाला दिया। गबार्ड का कार्यकाल 30 जून तक रहेगा। उनके स्थान पर एरन लुकास को कार्यकारी निदेशक बनाया गया है। गबार्ड ने एक्स पर कहा कि पति एक दुर्लभ प्रकार के बोन कैंसर से जूझ रहे हैं और वह कठिन समय में उनके साथ रहना चाहती हैं।



### आईपीएल में आज

**लखनऊ बनाम पंजाब**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम: हैदराबाद ने बेंगलुरु को 55 रनों से हराया।**

# वन्यजीव संरक्षण में रोल मॉडल बनकर उभरा है मप्र : मुख्यमंत्री

## जैव-विविधता दिवस पर कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री भी हुए शामिल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वैश्विक वन्यजीव संरक्षण का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक रोल मॉडल बनकर उभरा है। हमारी सरकार ने जैव विविधता के क्षेत्र में कई तरह के नवाचार कर प्रदेश नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट चीता विश्व में वन्यजीवों के पुर्नस्थापन का एक चमत्कारिक उदाहरण है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण पर आयोजित वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में चीता प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया था, तब कई लोगों ने इसे लेकर आशंकाएं जताई थी और डर का वातावरण निर्मित था। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को दोबारा बसाना चुनौतीपूर्ण था। प्रोजेक्ट की शुरुआत में कुछ ऐसे मामले सामने आए जिसने उन्हें तनाव में ला दिया था। रात भर यही बात सोचते रहते थे कि इन्हें कुछ हो गया ,तो केंद्रीय मंत्री क्या कहेंगे। हालांकि वन विभाग की टीम ने बेहतर प्रयास किए और चीतों का कुनबा बढ़ता गया। अब हमारे पास टाइगर स्टेट, लेपर्ड स्टेट, चीता स्टेट वल्चर स्टेट, घड़ियाल स्टेट ,वुल्फ स्टेट का टाइटल है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आईआईएफएम भोपाल में 5 रुपए के डाक टिकट की लॉचिंग की।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दुनिया की भीषण त्रासदियों में शामिल भोपाल गैस त्रासदी के अपशिष्ट का संपूर्ण निष्पादन कर पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बड़े नुकसान के बाद भी 30 प्रतिशत वन क्षेत्र बचा हुआ है, जिसमें से भारत के पास 23 फीसदी वन क्षेत्र है। हमारा उद्देश्य जीवों की किसी भी नस्ल को खत्म न होने देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता हरित भारत से होकर गुजरेगा।

**क्रीमी लेयर मामले पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

### माता-पिता आईएएस हैं तो आरक्षण क्यों चाहिए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने ऐसे परिवारों पर सवाल खड़े किए, जिन्होंने आरक्षण की मदद से पहले ही आर्थिक और शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की हासिल कर ली है और अब भी आरक्षण का फायदा ले रहे हैं। पिछड़े वर्गों के क्रीमी लेयर के लिए आरक्षण से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन बच्चों के लिए आरक्षण की जरूरत पर सवाल खड़े किए, जिनके माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं। कोर्ट ने कहा, 'अगर माता-पिता दोनों ही आईएएस अधिकारी हैं तो आरक्षण क्यों चाहिए?' बेंच ने कहा कि ऐसे में अगर बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम इस चक्र से कभी बाहर नहीं निकल पाएंगे।



**नीट केस में सीबीआई की कार्रवाई**

### फिजिक्स पेपर लीक की मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने महाराष्ट्र के पुणे से मनीषा संजय हवलदार को गिरफ्तार किया है, जिसे फिजिक्स के सवाल लीक करने का मुख्य स्रोत बताया जा रहा है। सीबीआई की जांच में सामने आया है कि मनीषा हवलदार को एनटीए यानी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। इस वजह से उसे फिजिक्स के प्रश्नपत्रों तक सीधी पहुंच हासिल थी। आरोप है कि अप्रैल 2026 के दौरान उसने परीक्षा से जुड़े कई फिजिक्स सवाल सह-आरोपी मनीषा मंढारे को शेयर किए थे। मनीषा मंढारे को सीबीआई पहले ही 16 मई 2026 को गिरफ्तार कर चुकी है।



# 12 राज्यों की 26 सीटों पर 18 को रास चुनाव

## खरगे और दिग्विजय समेत 24 सांसद हो रहे रिटायर, 2 सीटों पर होगा उपचुनाव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों पर 18 जून को चुनाव होगा। चुनाव आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। बता दें कि राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन, और रवनीत सिंह बिट्टू समेत 24 नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इन सभी सीटों से मौजूदा सदस्य 21 जून से 19 जुलाई के बीच रिटायर हो रहे हैं। इनके अलावा, दो रिक्त सीटों पर भी उपचुनाव होगा। ये सीटें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के नेता सीवी षणमुगम के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं। चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक, 1 जून को नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके बाद 9 जून को नामांकन की जांच की जाएगी, 11 जून को नामांकन वापस लिया जाएगा। इसके बाद 12 राज्यों की 26 सीटों पर 18 जून को मतदान होगा। राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा।



**मध्य प्रदेश में तीन सीटें हो रहीं रिक्त**
राज्यसभा चुनाव आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार-चार सीटों पर, मध्य प्रदेश और राजस्थान में तीन-तीन सीटों पर, झारखंड में दो सीटों पर और मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में एक-एक सीट पर होंगे।

**बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही इस्तेमाल**
आयोग ने निर्देश दिया है कि बैलेट पेपर पर प्रीफेंस टिक करने के लिए केवल वायलेट यानी बैंगनी रंग के स्केच पेन का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसरों को आदेश दिए गए हैं कि वह केवल वायलेट कलर पेन ही उपलब्ध कराएं। अन्य किसी कलर के पेन का उपयोग वर्जित होगा।

**सीक्रेट वेडिंग** बहामास के एक द्वीप पर होगी जूनियर ट्रंप की शादी

# शादी में नहीं होंगे ट्रंप, 50 लोग होंगे शामिल

**वॉशिंगटन/बहामास, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर इस वीकेंड बहामास के एक छोटे से द्वीप पर पाम बीच की सोशलाइट बेटिना एंडरसन के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस योजना से परिचित दो सूत्रों ने बताया कि इस बेहद निजी और पारिवारिक समारोह में खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शामिल नहीं होंगे।

सूत्रों के मुताबिक, शादी के मेहमानों की सूची को जानबूझकर काफी छोटा रखा गया है। इस विवाह समारोह में केवल परिवार के बेहद करीबी लोग और दूल्हा-दुल्हन के करीबी दोस्त ही शामिल हो रहे हैं, जिनकी कुल संख्या 50 से भी कम है। गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में जब राष्ट्रपति ट्रंप से इस शादी को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी योजनाओं पर काफी अस्पष्ट जवाब दिया। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'वह (जूनियर) चाहते हैं कि मैं वहां जाऊं, लेकिन यह एक बहुत ही छोटा और निजी समारोह होने जा रहा है, और मैं वहां पहुंचने की कोशिश करूंगा।' हालांकि, उन्होंने आगे व्यस्तताओं का हवाला देते हुए कहा, 'यह मेरे लिए सही समय नहीं है। ईरान संकट और अन्य चीजें इस समय मेरी प्राथमिकता हैं।'



### जूनियर की यह दूसरी शादी

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप जूनियर और एंडरसन चाहते थे कि शादी की खबरें मीडिया में लीक न हों ताकि कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित और विशेष बना रहे। इससे सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान भी हो गया, क्योंकि राष्ट्रपति की मौजूदगी के कारण कार्यक्रम स्थल को अत्यधिक सुरक्षित (हेविली फोर्टिफाइड) बनाना पड़ता, जिससे मेहमानों को असुविधा होती। इस शादी में ट्रंप जूनियर के अन्य भाई-बहनों के शामिल होने की पूरी उम्मीद है। यह डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की दूसरी शादी होगी। इससे पहले वह वैनेसा ट्रंप के साथ 12 साल तक शादी के रिश्ते में रहे थे, जिसके बाद 2018 में उनका तलाक हो गया था। संयोगवश, वैनेसा ट्रंप ने हाल ही में बुधवार को घोषणा की है कि वह ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) से पीड़ित हैं। बेटिना एंडरसन से पहले, ट्रंप जूनियर ने साल 2020 से 2024 के बीच किम्बर्ली गुइलफॉयल से सगाई की थी, जो ग्रीस में अमेरिकी राजदूत हैं और कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम की पूर्व पत्नी हैं।

अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त खबरें

### 15 जून तक यूसीसी पर सरकार ने मांगे सुझाव

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समान नागरिकता संहिता के संबंध में प्रदेश में प्राप्त सुझावों के संकलन के लिए की गई पहल सराहनीय है। जनता के मत प्राप्त करने के लिए बनाई गई वेबसाइट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। जिलों में समान नागरिक संहिता समिति के भ्रमण से यह कार्य आसान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय में समान नागरिक संहिता मध्यप्रदेश की वेबसाइट का विमोचन किया। इस तरह की वेबसाइट के निर्माण में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राज्यों में इस संबंध में कार्य प्रारंभ हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से ही इस तरह के कार्य की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी। नागरिकों के हितों की सुरक्षा के लिए पारिवारिक विधि के समग्र अध्ययन की जरूरत है।

### श्रमिकों को मिलेगा कैशलेस उपचार

**जागरण, भोपाल।** मप्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों और आश्रितों को कैशलेस आयुष चिकित्सा का लाभ दिया जायेगा। यह श्रमिकों के स्वास्थ्य कल्याण के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय है। मंत्रालय में शुक्रवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार की गरिमामयी उपस्थिति में श्रम विभाग और आयुष विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव श्री शोभित जैन एवं श्रम विभाग के सचिव श्री रघुराज एम आर सहित दोनों ही विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पटेल ने कहा कि श्रमिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है और यह पहल भारतीय चिकित्सा पद्धति को आमजन में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### पूर्व अध्यक्ष के बेटे ने छोड़ी कांग्रेस

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे स्व. राधाकिशन मालवीय के पौत्र विशाल ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी पर उनकी व उनके परिवार पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। इस संबंध मालवीय ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर उपेक्षा होने की बात कही है। विशाल के पिता राजेन्द्र मालवीय मप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष है। विशाल ने पत्र में लिखा कि उनके परिवार ने हमेशा से ही पार्टी में निष्ठा के साथ काम किया है। वे स्वयं जनपद पंचायत इंदौर के वार्ड क्रंमाक 12 से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर सर्वाधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। लेकिन अब पार्टी में निष्ठा के साथ काम करने वालों की नहीं चाटुकारों की ज्यादा पूछ परख हो रही है।

### प्रदेश में मनाया जायेगा गंगा दशहरे का पर्व

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गंगा दशहरा के अवसर पर 25 और 26 मई को उज्जैन में क्षिप्रा तट पर आयोजित परिक्रमा, चुनरी अर्पण, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश से जुड़े विविध आयोजन किए जायेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर 25 मई को प्रदेशभर में वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। भारत भवन, भोपाल में 'सदानीरा' का आयोजन 27 मई से 2 जून 2026 तक किया जायेगा। कार्यक्रम में जल, प्रकृति और संस्कृति से जुड़े विविध आयामों को प्रस्तुत किया जायेगा।

# टारगेट 'पांच' पर बीजेपी का मिशन क्लीनस्वीप शुरू

## राज्यसभा की 3 सीटों के लिए 18 जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय, जामवाल ने टटोली तीसरी सीट की संभावना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा की 3 सीटों के लिए 18 जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय हो गई है। पार्टी इस चुनाव में कांग्रेस का क्लीनस्वीप करने का इरादा लेकर अपनी रणनीति बना रही है। शुक्रवार को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कांग्रेस के खाते वाली सीट जीतने की संभावना तलाशना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के दिग्विजय सिंह और भाजपा के जार्ज कुरियन व सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल अगले माह समाप्त हो रहा है, जिसके लिए राज्यसभा के चुनाव होने हैं। शुक्रवार को जैसे ही इलेक्शन कमीशन ने इन सीटों पर चुनाव की तारीख का एलान किया वैसे ही मध्यप्रदेश भाजपा का खेमा सक्रिय हो गया। शुक्रवार को भोपाल पहुंचे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने तकरीबन 2 घंटे तक भाजपा दफ्तर में पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं के साथ मंथन किया। इससे पहले जामवाल ने सुबह प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से उनके निवास पर मुलाकात की थी। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों नेताओं की राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई है।



पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो जामवाल को बताया गया कि यदि कांग्रेस के पक्ष में जाने वाली सीट पर जीत हासिल करनी है, तो कांग्रेस के कम से कम 5 विधायकों से क्रास वोटिंग करना पड़ेगा। ये 5 विधायक कौन हो सकते है और उन्हें क्रॉस वोटिंग के लिए कैसे तैयार करना पड़ेगा। इस पर जामवाल ने जल्द निर्णय लिए जाने की बात कही है। बताया जा रहा है कि प्रदेश संगठन तीसरी सीट से ऐसे किसी नेता को उतारने पर विचार कर सकती है, जिनके नाम पर 5 विपक्षी विधायक क्रॉस वोटिंग कर सके।

### रविवार को बन सकती है रणनीति

सूत्रों की मानें तो राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश संगठन रविवार को बैठक कर अपनी रणनीति तय कर सकता है। इसी बैठक में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भाजपा तीसरी सीट पर अपना उम्मीदवार उतारेगी या नहीं। भोपाल में जो निर्णय लिया जाएगा, उसकी जानकारी केन्द्रीय नेतृत्व के पास भेजी जाएगी। जहां से सहमति मिलने के उपरांत पार्टी अपने संभावित उम्मीदवारों के नामों का पैनल तैयार कर दिल्ली को भेजेगी।

### कमलनाथ -दिग्विजय या कोई तीसरा





राज्यसभा चुनाव की तारीख का एलान होने के बाद कांग्रेस भी अपनी सीट पर जीत हासिल करने की तैयारी में जुट गई है। लेकिन पार्टी के अंदर सबसे बड़ी समस्या उम्मीदवार को लेकर है,क्योंकि इस सीट पर पूर्व सीएम कमलनाथ मौजूदा राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के अलावा दूसरे नेताओं के नाम भी संभावितों के तौर पर सामने आ रहे हैं, लेकिन किसी एक नाम पर सहमति बनती नहीं दिख रही है। दिग्विजय सिंह स्वयं राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कह चुके है, लेकिन फिर भी जीत के समीकरण के हिसाब से अभी भी उनकी उम्मीदवारी को खारिज नहीं किया जा सकता। इसी तरह कमलनाथ भी जीत सुनिश्चित करने वाले उम्मीदवार के तौर पर देखे जा रहे हैं,लेकिन कांग्रेस के कुछ नेता किसी युवा चेहरे को राज्यसभा भेजकर जनता और कार्यकर्ताओं के बीच अलग संदेश देने के पक्ष में है।

### जॉर्ज कुरियन पर स्थिति साफ नहीं

पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि केन्द्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन को मध्यप्रदेश से दूसरी बार राज्यसभा भेजा जाना है या नहीं, इसके बारे में अब तक स्थिति साफ नहीं है। हालांकि शीर्ष नेतृत्व ने इस बारे में निर्णय लेने के लिए मध्यप्रदेश संगठन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अधिकृत किया है। ऐसे में भाजपा सभी सीटों पर स्थानीय नेताओं को राज्यसभा भेजने के पक्ष में हैं।

### तीन सीटों पर ये होगा वोट का गणित

विस की 230 संख्या बल के आधार पर कांग्रेस को इकलौती सीट बचाने 58 विधायकों के मतों की जरूरत है, जबकि कांग्रेस के पास 62 विधायक हैं। ऐसे में 5 विधायक यदि क्रॉस वोटिंग कर देते हैं, तो कांग्रेस की हाथ से तीसरी सीट चली जाएगी। इसी तरह भाजपा के पास 163 विधायक हैं, जिससे पार्टी के अपनी दोनों सीटें आसानी से जीत जाएगी।

### कोई भी नहीं छीन सकता हमारी सीट: सिंघार



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि राज्यसभा के लिए कांग्रेस के पास एक सीट जीतने जरूरत से ज्यादा वोट है, जिनकी प्रतिबद्धता पूरी तरह से पार्टी पर है। ऐसे में कोई भी उम्मीदवार मैदान में होगा,सभी उसे जिताने के लिए एक जुट होकर लगेंगे।

# भाजपा राज में असंगठित श्रमिकों का किया जा रहा शोषण: उदित राज





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में शुक्रवार को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आहुत किया गया। जिसमें नेताओं ने भाजपा सरकारों पर असंगठित श्रमिकों का शोषण करने का आरोप लगाया। पूर्व सांसद उदित राज ने कहा कि इनकी सरकार में श्रमिकों का शोषण चरमसीमा पर पहुंच गया है। अखिल भारतीय असंगठित कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने कहा कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकारें लगातार मजदूर, कर्मचारी और असंगठित वर्गो के अधिकारों की अनदेखी कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी आमजन,मजदूर और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है। मजदूर और मजबूर लोगों के प्रति सरकार असंवेदनशील है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि भाजपा राज में मजदूर और श्रमिक वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि असंगठित कामगार कांग्रेस को गांव-गांव तक मजबूत करने और मजदूर वर्ग की समस्याओं को उठाने के लिए जन आंदोलन बनाने की जरुरत है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी,महंगाई और श्रमिकों के शोषण की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही। भाजपा सरका मजदूर विरोधी है। कांग्रेस पार्टी आमजन मजदूर और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है।

# 1 से 5 जून के बीच थानों से हटाए जाएंगे 4 साल से जमे पुलिसकर्मी, डीजीपी ने जारी किए निर्देश

### 15 जून तक नई पोस्टिंग पर देनी होगी आमद

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के पुलिस थानों में चार साल से एक ही जगह जमे आरक्षक से लेकर उप निरीक्षक स्तर के कर्मचारी या अधिकारी हटाए जाएंगे। डीजीपी कैलाश मकवाना ने शुक्रवार को इस संबंध में सभी जिलों के एसपी को आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि किसी थाने में कोई भी पुलिसकर्मी सामान्य तौर पर 4 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष से अधिक समय तक तैनात नहीं रह सकेगा। आदेश में साफ कहा गया है कि थाना स्तर पर पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए एक ही जगह जमे कर्मचारियों का तबादला करना आवश्यक है। गौरतलब है कि 2025 में भी इसी तरह का आदेश जारी कर पुलिस ने 11 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया था। आदेश के मुताबिक आरक्षक से लेकर सब-इंस्पेक्टर तक का कोई भी पुलिसकर्मी एक थाने में सामान्यतः 4 साल तक ही पदस्थ रह सकता है और केवल स्पेशल केस में ही यह अवधि 5 साल हो सकती है। नए निर्देश के मुताबिक किसी पुलिसकर्मी को एक बार थाने से हटा दिया जाता है, तो उसे कम से कम अगले 3 साल से पहले दोबारा उसी थाने में पदस्थ नहीं किया जा सकेगा। डीजीपी के ऑर्डर के मुताबिक कॉन्स्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर पद का कर्मचारी एक ही सब-डिवीजन में अलग-अलग थानों में 10 साल से अधिक समय तक पदस्थ नहीं रहेगा। ऐसे स्टाफ के भी तबादले होंगे। ट्रांसफर से बचने कर्मचारी अक्सर अटैचमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन नए नियमों में साफ कर दिया गया है कि इस समय-सीमा में ट्रांसफर के साथ-साथ अटैचमेंट की अवधि को भी जोड़ा जाएगा।



### दो साल के लिए 59 सब-इंस्पेक्टर मंडला-बालाघाट भेजे

एमपी में नक्सलवाद पिछले साल ही दिसंबर में खत्म हो गया है, लेकिन अब भी मंडला और बालाघाट जिलों को पुलिस ने नक्सल प्रभावित की लिस्ट से बाहर नहीं किया है। शुक्रवार को पीएचक्यू ने बालाघाट और मंडला में दो साल से पदस्थ 59 सब-इंस्पेक्टरों के तबादले प्रदेश की अलग-अलग जिला और अन्य पुलिस यूनिटों में कर दिए हैं। डीआईजी एडमिन सत्येंद्र शुक्ला द्वारा जारी आदेश के मुताबिक अगले दो साल के लिए प्रदेश की अलग-अलग इकाइयों से 59 सब-इंस्पेक्टरों को मंडला और बालाघाट में पोस्ट किया गया है। गृह विभाग के नियम के अनुसार सब-इंस्पेक्टरों को दो साल की नौकरी नक्सल प्रभावित जिलों में करना अनिवार्य है।

### नई पोस्टिंग पर 10 दिनों में करना होगा ज्वाइन नहीं तो गिरेगी गाज

इस आदेश को अमलीजामा पहनाने के लिए पीएचक्यू ने बेहद सख्त टाइमलाइन तय की है। पीएचक्यू ने यह साफ कर दिया है कि जिलों में 1 से 5 जून तक सभी एसपी और इंदौर-भोपाल के पुलिस कमिश्नर अनिवार्य रूप से ट्रांसफर लिस्ट जारी करेंगे। जिन भी पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर होगा, उन्हें हर हाल में 15 जून तक अपनी नई पदस्थापना पर ज्वाइन करना होगा। ट्रांसफर होने वाले विवेचकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने पास लंबित सभी केस डायरी, मर्ग डायरी और जांच रिपोर्ट को पूरी तरह अपडेट करके अपने थाना प्रभारी को सौंपेंगे, उसके बाद ही उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा। इन तबादलों की अंतिम कंप्लायंस रिपोर्ट 16 जून तक पीएचक्यू को भेजनी होगी। आदेश में साफ कर दिया गया है कि समय पर नई पदस्थापना पर ज्वाइन न करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश के जिला अस्पतालों में स्थापित होगी आयुष विंग

## सीएम ने आयुष, नागरिक आपूर्ति और ऊर्जा विभागों के कार्यों की समीक्षा की

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र के जिला चिकित्सालयों में आयुष चिकित्सा के लिए अलग से विंग स्थापित किया जाएगा, जहां पंचकर्म यूनिट लगाई जाएगी, जिससे मरीजों का आयुर्वेद पद्धति के अनुसार उपचार हो सके। यह बातें आयुष विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा बताई गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आयुष चिकित्सा लाभ लोगों को मिले,इसके लिए किए जा रहे प्रयास धरातल पर दिखाई देने चाहिए। मंत्रालय में हुई बैठक में बताया है कि जिलों में आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के व्यापक संचालन के अंतर्गत सुप्रजा, आयुर्विद्या, वयोमित्र, मस्कुलर-स्केलेटल प्रिवेंटिव कार्यक्रम और कारूण्य का लाभ नागरिकों को दिलवाया जा रहा है। जनजातीय बहुल और सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित जिलों में आयुर्वेद औषधियों का वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश के 22 जिलों के एलोपैथी चिकित्सालयों में आयुष विंग की स्थापना की कार्यवाही चल रही है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत गत दो वर्ष में नर्मदापुरम, मुरैना, शहडोल, बालाघाट, सागर, झाबुआ और शुजालपुर जिला शाजापुर में नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय के निर्माण की मंजूरी मिली है।




### वृद्धों के लिए वयोमित्र कार्यक्रम उपयोगी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन से जुड़े स्थानों पर आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा व्यवस्था और वेलनेस केन्द्र स्थापित करने की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वृद्ध नागरिकों की डोर टू डोर आयुष देखभाल के लिए वयोमित्र कार्यक्रम उपयोगी है। इसी तरह कारूण्य के अंतर्गत असाध्य रोगों का कष्ट झेल रहे रोगियों के जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाने का कार्य भी प्रशंसनीय है। डॉ. यादव ने कहा कि एलोपैथी के साथ ही ऐसी चिकित्सा पद्धतियों का प्रोत्साहन आवश्यक है जो भारतीय परम्परा से जुड़ी हैं। सामान्य प्रसव करवाने वाले अस्पताल भी प्रदेश में संचालित हैं।

### उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचे करे नवाचार:सीएम

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि खाद्य विभाग अन्य विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित कर उपभोक्ता हित में कार्य करे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के परिवहनकर्ता के रूट ऑप्टिमाइजेशन के कार्य से परिवहन लागत में सरकार को 42 लाख रुपए प्रति माह की बचत हुई। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के वाहनों में जीपीएस के माध्यम से स्टेट लेवल कमांड कंट्रोल सेंटर से मॉनिटरिंग व्यवस्था की गई। बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे ।

# एमपी की मातृ मृत्यू दर में 38 अंकों का सुधार, 135 पर आया आंकड़ा

## एसआरएस सर्वे 2022-24 की रिपोर्ट में खुलासा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश की मातृ मृत्यू दर यानि एमएमआर में बड़ा सुधार हुआ है। पहले जहां प्रति एक लाख बर्थ पर 173 माताओं की मृत्यू होती थी, वहीं अब यह आंकड़ा 135 प्रति एक लाख बर्थ पर आ गया है। जानकारी अनुसार भारत सरकार के सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देश में मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2018-20 के 97 से घटकर 2022-24 में 87 प्रति एक लाख जीवित जन्म पर आ गया है। मध्य प्रदेश ने इस दिशा में राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। प्रदेश का एमएमआर 2018-20 में 173 था, जो 2022-24 में घटकर 135 रह गया है। यह 38 अंकों यानी लगभग 22 प्रतिशत की गिरावट है, जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी से भी अधिक है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, प्रशिक्षित डॉक्टरों एवं स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन प्रसूति सेवाओं के विस्तार से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए है।

### इन प्रयासों से मिली सफलता

प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को लगातार बेहतर किया गया है। प्रसव केंद्रों, प्रसूति गहन देखभाल इकाइयों (ऑब्सटेट्रिक एचडीयू), एफआरयू और सीईमॉनसी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। ब्लड स्टोरेज यूनिट्स की स्थापना और रेफरल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने से गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो रहा है। तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाओं ने भी मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एएनएमओएल 2.0 एप्लीकेशन के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का रियल-टाइम पंजीयन, जांच और फॉलो-अप सुनिश्चित किया जा रहा है। सुमन सखी चैटबॉट के जरिए गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। सुमन पहल के अंतर्गत हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, ट्रैकिंग और प्राथमिकता आधारित प्रबंधन किया जा रहा है, जिससे प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव पश्चात होने वाली जटिलताओं को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

**बदलाव** — सरकार बदल रही 16 साल पुराने नियम, 30 साल की होगी लीज, ड्राफ्ट पर मांगी आपत्तियां

# सहकारी समितियों को एमडी बांटेंगे गोदाम-दुकान, बाकी की होगी ई-नीलामी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सरकार ने अपनी आय बढ़ाने मप्र कृषि उपज मंडी नियम, 2009 में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर ली है। नए नियमों में मंडियों में जमीन और दुकानों का आवंटन पूरी तरह ई-नीलामी के जरिए होगा। खास बात यह है कि सरकारी निगम-मंडलों के साथ ही रजिस्टर्ड सहकारी समितियों को ई-नीलामी में शामिल होने की भी जरूरत नहीं होगी। इन्हें मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक ही गोदाम, दुकान या जमीन अलॉट कर देंगे, वह भी एकमुश्त पूरे 30 सालों की लीज पर। मंडियों की कीमती प्रॉपर्टी किराए पर भी 30 साल के लिए दी जा सकेंगी। कृषि विभाग ने इसके लिए 18 मई को नया ड्राफ्ट जारी किया है और आम जनता व व्यापारियों से 30 दिन के भीतर आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं। नए नियमों के मुताबिक मंडी समितियों में किसी भी भूखंड, दुकान और गोदाम का आवंटन फॉर्म भरकर या सीधे नहीं होगा। इसके लिए सरकार ई-टेंडर पोर्टल की मदद लेगी। मंडी समिति को इस मसौदे में केवल ये अधिकार दिए गए हैं कि वे चाहें तो टेंडर फॉर्म के लिए अधिकतम 1,000 रुपये एवं जीएसटी की भी फीस तय कर सकती है।

### सरकारी विभागों और सोसायटियों को राहत

नये मसौदे में प्रावधान है कि राज्य सरकार, भारत सरकार का विभाग, सरकारी निगम-मंडल या मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत सहकारी संस्था मंडी में प्लॉट, जमीन, दुकान या गोदाम चाहती है, तो उन्हें ई-नीलामी में शामिल होने की जरूरत नहीं होगी। इन्हें मंडी बोर्ड के एमडी के अप्रूवल पर कलेक्टर द्वारा तय कीमत पर आवंटन किया जाएगा। नीलामी में वही लोग शामिल हो सकेंगे जो ऑनलाइन बयाना राशि जमा करेंगे। मंडियों में बनी दुकानों और गोदामों के लिए जमीन के रिजर्व मूल्य के साथ भवन की कीमत की 10 फीसदी रकम बयाने के रूप में ऑनलाइन जमा करानी होगी। खाली प्लॉट के लिए कलेक्टर गाइडलाइन दर पर जमीन के आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत बयाना देना होगा।



### 10 हजार से ज्यादा प्रॉपर्टी हैं मंडी बोर्ड की

राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत आने वाली मुख्य मंडियों और उप-मंडियों में प्रॉपर्टी का बड़ा नेटवर्क है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य की लगभग 259 मुख्य मंडियों और 298 उप-मंडियों में कुल मिलाकर लगभग 9,893 भूखंड उपलब्ध हैं, जिनमें से करीब 9,882 आवंटित किए जा चुके हैं। इसके अलावा व्यापारियों और प्रोसेसर्स की सुविधा के लिए कुल 2,189 छोटी व सामान्य दुकानें और विभिन्न श्रेणियों के लगभग 577 गोदाम हैं। अभी तक मण्डी समिति सीधे इनकी नीलामी कर देती थी, जिससे अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें राच्य सरकार तक पहुंचती थीं। इसके अलावा कई बार ये प्रॉपर्टी औने-पौने दाम पर दे दी जाती थीं। इस नई व्यवस्था से इस पर लगाम लगेगी। शासन ने यह भी तय किया है कि किसी भी व्यक्ति या फर्म को मंडी के भीतर एक ही भूखंड, गोदाम या दुकान आवंटित की जाएगी। इसके लिए मंडी समिति का वैध लाइसेंस होना जरूरी है। हालांकि विविध या फुटकर दुकानों के लिए इसकी जरूरत नहीं होगी। नए मसौदे के अनुसार अलॉटी अपनी दुकान को न तो किराए पर दे सकेगा और न ही मंडी समिति की लिखित अनुमति के बिना इसे बेच या ट्रांसफर कर सकेगा।

### हाईलेवल कमेटी करेगी आवंटन, किराए पर भी देने की छूट

इन दुकानों, गोदामों और प्लॉट के ऑनलाइन फॉर्मों की जांच के लिए हाई-लेवल नीलामी समिति बनेगी, जिसमें मंडी अध्यक्ष, कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर, मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक और कार्यपालन यंत्री तथा संबंधित मंडी सचिव शामिल होंगे। कमेटी की बैठक के लिए तीन सदस्यों का कोरम अनिवार्य होगा। ड्राफ्ट के मुताबिक पहली बार में सही कीमत न मिलने पर मंडी समिति दूसरी और तीसरी बार भी टेंडर निकालेगी। यदि तीसरी बार भी कोई खरीदार नहीं मिलेगा, तो मंडी बोर्ड के एमडी की मंजूरी से रिजर्व प्राइस से 25 फीसदी कम में आवंटन किया जा सकेगा। इसके अलावा अगर समिति चाहे तो बनी हुई दुकानों और गोदामों को अधिकतम तीन साल के लिए किराए पर दे सकेगी। किसी भी प्लॉट, दुकान या गोदाम की बोली मंजूर होने के बाद 30 दिनों के भीतर बयाना राशि काटकर शेष रकम जमा करनी होगी। इसके बाद मंडी बोर्ड 30 साल के लिए लीज जारी करेगा।

### बच्चों के लिए बनेगा इंडिविजुअल प्लान

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में विभिन्न संस्थाओं और समुदाय के उन बच्चों को संरक्षण और सुरक्षा की दृष्टि से इंडिविजुअल केयर प्लान तैयार कराया जाएगा। इससे बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप उनकी देखरेख और बेहतर पुर्नवास की योजना को धरातल पर लाया जा सके। शुक्रवार को यह निर्देश महिला एवं बाल विकास संचालनालय में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय इंडिविजुअल केयर प्लान (आईसीपी) विषय पर आयोजित कार्यशाला में आयुक्त निधि निवेदिता ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आईसीपी केवल एक औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के जीवन, उसकी आवश्यकताओं और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों एवं संस्थाओं से कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए आईसीपी तैयार किया जाना अनिवार्य है तथा समय-समय पर उसका मूल्यांकन और अद्यतन भी किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं प्रभावी बनी रहें।

## नगर में आज

**संतवाणी समारोह**
- **स्थान:** भारत भवन
- **समय:** शाम 7:00 बजे

**पुस्तक लोकार्पण एंव चर्चा**
- स्थान: दुष्यंत संग्रहालय
- समय: शाम 5:30 बजे

**प्रोडक्शन बेस्ड कंटेम्परेरी डांस वर्कशॉप**
- **स्थान:** सुभाष एक्सीलेंस स्कूल
- **समय:** सुबह 8 बजे

**73 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
- **स्थान:** लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

## हादसे में बुजुर्ग की मौत

**जागरण, भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। 62 वर्षीय तेजराम भीम नगर में रहते थे। 4 अप्रैल को महाराष्ट्र से भोपाल आए थे। उनका बेटा दीपक स्टेशन से घर लेकर जा रहा था। रात साढ़े 12 बजे जेल पहाड़ी चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हो गए थे। जेपी अस्पताल में इलाज के दौरान तेजराम की मौत हो गई।

# हमीदिया अस्पताल 4 साल में नहीं खरीद सका कूलर, हर साल गर्मी में परेशान होते हैं मरीज

### अनदेखी: 550 करोड़ खर्च कर बनी हैं दो 11-11 मंजिला इमारतें, दानदाताओं के भरोसे अस्पताल प्रबंधन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर नई बिल्डिंग तो बना दी, लेकिन यहां मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जा रही हैं। आपको बता दें कि हमीदिया अस्पताल में 11-11 मंजिला की दो इमारतें बनाई गई हैं। इन्हें ब्लॉक ए और ब्लॉक बी का नाम दिया गया है। ब्लॉक ए में चौथी मंजिल से लेकर 11 मंजिल तक मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की गई है, लेकिन जहां मरीजों को भर्ती किया जा रहा है उन वार्ड में कहीं भी कूलर नहीं हैं। दोनों बिल्डिंग के निर्माण में सरकार का लगभग 550 करोड़ रुपया खर्च हुआ है। 550 करोड़ की इस बिल्डिंग में हमीदिया प्रबंधन 5 हजार रुपए कीमत का एक कूलर तक नहीं लगा पाया है। हर वार्ड में सिर्फ पंखे लगे हुए हैं, जो मरीजों को आराम पहुंचाने के बजाए गर्म हवाओं से तकलीफ पहुंचा रहे हैं। कुछ यही हाल ब्लॉक बी में है।



### जनरल वार्ड में नहीं है सेंट्रल एसी

हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में सेंट्रल एसी की व्यवस्था है, इसे नक्शे के साथ ही बिल्डिंग का हिस्सा बनाया गया है। लेकिन सेंट्रल एसी की सुविधा वर्तमान में सिर्फ आईसीयू वार्ड तक सीमित है। ब्लॉक ए में मेडिकल आईसीयू फर्स्ट फ्लोर से लेकर थर्ड फ्लोर तक है। यहां सेंट्रल एसी चालू है। लेकिन चौथे फ्लोर से जनरल वार्ड शुरू हो जाते हैं। जहां मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। इन जनरल वार्ड में कूलर लगाने के लिए हर साल सिर्फ कागजी तैयारी होती है, लेकिन कूलर खरीदने में गर्मी का पूरा सीजन निकल जाता है।

### मरीजों के साथ छात्र भी परेशान

हमीदिया अस्पताल में गर्मी के कारण सिर्फ मरीज ही परेशान नहीं हैं। बल्कि यहां पढ़ाई करने वाले एमबीबीएस और पीजी स्टूडेंट्स भी हैं। छात्रों की पढ़ाई के लिए बनाई गई नई लायब्रेरी में भी सेंट्रल एसी की व्यवस्था है, लेकिन वहां भी एसी चालू नहीं होने के कारण छात्र अपने खर्चे पर कूलर खरीद कर लाए हैं। जिसकी हवा में बैठकर छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। यह समस्या जब डीन के पास पहुंची तो उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से सेंट्रल एसी को चालू करने के लिए कहा।

**मरीजों की परेशानी**

राजगढ़ निवासी कन्हैयालाल वार्ड 5 में भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी में वार्ड में पंखे के भरोसे हैं। यही कहानी रायसेन जिले के मरीज अफसर अली ने बताई। हमीदिया में गर्मी से सिर्फ मरीज ही परेशान नहीं बल्कि एमबीबीएस और पीजी स्टूडेंट्स भी हैं। छात्रों की पढ़ाई के लिए बनाई नई लायब्रेरी में भी सेंट्रल एसी की व्यवस्था है, लेकिन वहां भी एसी चालू नहीं होने से छात्र अपने खर्चे पर कूलर खरीद कर लाए हैं।

**35 करोड़ बचाने नहीं लगाया सेंट्रल एसी:**

जानकारी अनुसार 11 मंजिला इमारत में सेंट्रल एसी की प्लानिंग शुरू में ही हो गई थी। लेकिन 35 करोड़ रुपए इसका खर्च आ रहा है। इस 35 करोड़ को बचाने के लिए पांचवे से 11वे माले तक सेंट्रल एसी सिस्टम नहीं लगाया।

**पीने का पानी भी नहीं :**

यहां पीने के पानी की भी समस्या है। 11 वीं मंजिल पर भर्ती मरीजों को कई बार पानी भरने नीचे के फ्लोर पर आना पड़ता है। वॉटर कूलर खराब पड़े हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मेंटेनेंस के लिए बजट जीएमसी से मिलता है, लेकिन तीन महीन से नहीं मिला। वहीं कॉलेज प्रबंधन का तर्क है कि सेंक्शन होते ही बजट जारी कर दिया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

- 6 साल में बनकर तैयार हुई थीं नई बिल्डिंग
- 11-11 मंजिला की दोनों हैं इमारतें
- दोनों बिल्डिंग में लगभग 1000 बिस्तर हैं
- लगभग सभी वार्ड हो चुके हैं शिफ्ट
- एक भवन सुल्तानिया और अधीक्षक कार्यालय को भी किया शिफ्ट

"अस्पताल प्रबंधन द्वारा कूलर खरीदने के लिए प्रयास किया जा रहा है। हम विभिन्न कॉरपोरेट कंपनी से भी संपर्क कर रहे हैं, जिससे वह कूलर डोनेट कर सकें। हमारी कोशिश है कि मरीजों को कम से कम परेशानी हो।

**-डॉ. सुनीत टंडन,** अधीक्षक हमीदिया अस्पताल

## कचरा फेंकने की बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार घायल

**जागरण, भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में कचरा फेंकने की बात को लेकर दो दुकानदारों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इससे दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर हत्या की कोशिश का काउंटर केस दर्ज किया है। बैरागढ़ निवासी राहुल सिंह (26) पिता संतोष बैरागढ़ में रहते है। वह भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल के सामने सड़क किनारे नाश्ते का ठेला लगाते है। उसके पास ही विशाल केशवानी की पान मसाले की दुकान है। गुरुवार सुबह दुकान के सामने कचरा साफ करने और फेंकने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। विवाद बढ़ने पर विशाल ने अपने साथी संजू राठौर उर्फ संजय के साथ मिलकर राहुल और उसके पिता संतोष पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान राहुल ने भी लोहे के झारे से विशाल और संजय पर हमला कर दिया। घटना में दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। वहीं घायलों को इलाज के लिए चिरायू अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## प्लॉट के नाम पर महिला से साढ़े 3 लाख की धोखाधड़ी

**जागरण, भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में प्लॉट बेचने के नाम पर महिला से साढ़े 3 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 34 वर्षीय सुबहाना अमरीन शाहजहांनाबाद स्थित इस्लामी गेट में रहती है। साल 2020 में उन्होंने राजीव जैन और संजय सिंह से 600 वर्गफीट का प्लॉट साढ़े तीन लाख रुपए में ग्राम पलासी बायपास करोंद में खरीदा था। जिसका पूरा पैसा उन्होंने नगद दिया था। आरोपियों ने खसरा नंबर 138/1/7 का प्लॉट दिखाकर सौदा तय किया था, लेकिन लंबे समय तक उन्हें जमीन का कब्जा नहीं दिया गया। वर्ष 2022 में नामांतरण कराने के दौरान पटवारी ने बताया कि संबंधित जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज है और उन्हें गलत प्लॉट बेचा गया है। इसके बारे में जब उन्होंने राजीव जैन से बात की तो आरोपी ने दूसरी जगह प्लॉट देने का आश्वासन दिया, लेकिन लंबे समय तक उस प्लॉट पर कोई नहीं आया तो उन्होंने 2023 में प्लॉट के नीचे का फाउण्डेशन भरकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान फिरोज नामक व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और जमीन को अपनी बताते हुए राजीव जैन से खरीदना बताया और फिर काम को रूकवा दिया। जांच में सामने आया कि उक्त जमीन पहले किसी अन्य महिला भावना देवनानी और फिर फिरोज को बेची जा चुकी थी। इसके बाद महिला ने राजीव और संजय से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने रूपए देने से मना कर दिया और ना ही उन्हें कोई दूसरा प्लॉट दिया गया। बाद में उन्होंने कोर्ट में परिवाद पेश किया था। मामले में कोर्ट के आदेश पर निशातपुरा पुलिस ने आरोपी राजीव जैन और संजय सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नामांतरण कराने के दौरान फर्जीवाड़े का खुलासा**

## गाय के नीचे दबने से बुजुर्ग महिला की मौत


**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र में गाय के नीचे दबने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला घर में पाली गई गाय की देखभाल कर रही थी, तभी अचानक गाय उनके ऊपर गिर गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 64 वर्षीय गीताबाई रातीबड़ इलाके में रहती थी। उन्होंने अपने घर में एक बूढ़ी गाय पली हुई थी, जो ठीक से चल-फिर नहीं पाती थी। गीताबाई रोजाना गाय की सेवा और देखभाल करती थी। गुरुवार शाम वह गाय के पास खड़ी थी, तभी अचानक गाय का संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर उनके ऊपर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उनकी चीख- पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तुरंत उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## नशा मुक्ति केंद्र में युवक की संदिग्ध मौत पर हंगामा

### शव रखकर 4 घंटे किया चक्काजाम



**जागरण, भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित अन्ना नगर में 18 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव सड़क पर रखकर करीब चार घंटे तक चक्का जाम किया। परिजनों ने युवक की मौत को हत्या बताकर नशा मुक्ति केंद्र पर गंभीर आरोप लगाए है। इस दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाइश देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। परिजनों के अनुसार एस. चंदू (18) पिता शंकर अन्ना नगर में रहता था। उसे नशे की लत थी। कुछ दिन पहले परिजनों ने उसे अवधपुरी स्थित संकल्प नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। गुरुवार रात केंद्र से सूचना मिली कि चंदू ने बाथरूम में शॉल से फांसी लगाकर जान दे दी। इस दौरान उसे इलाज के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चंदू को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग भड़क गए। शुक्रवार दोपहर एक बजे अन्ना नगर चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने नशा मुक्ति केंद्र को सील करने और संचालकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। चक्का जाम के कारण इलाके में यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि यदि जांच में नशा मुक्ति केंद्र की लापरवाही या आपराधिक संलिप्तता सामने आती है तो केंद्र को बंद कर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस शुरूआती जांच में इसे आत्महत्या मान रही थी, लेकिन परिजनों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्वांचल माहेश्वरी महिला मंडल ने अधिक मास माहात्म्य कथा का किया आयोजन



**भोपाल।** इच्छापूर्ण महादेव मंदिर में परम पूज्य भागवताचार्य पं. धीरज जी शास्त्री के श्रीमुख से अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे नवग्रह पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे से अधिक मास माहात्म्य कथा का प्रारंभ हुआ, जो सायं 6 बजे तक पंडित की मधुर, ओजस्वी एवं भावपूर्ण वाणी में निरंतर चलती रही। कथा के माध्यम से अधिक मास के आध्यात्मिक महत्व, पुण्य फल एवं जीवन में धर्म के स्थान का अत्यंत सरल एवं प्रेरणादायी वर्णन किया गया। उपस्थित सभी बहनों एवं श्रद्धालुओं ने कथा का भावविभोर होकर श्रवण किया तथा दिव्य आनंद की अनुभूति की। इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, पूर्वांचल पुरुष वर्ग के पदाधिकारी तथा समाज के अनेक गणमान्य सदस्य ससम्मान उपस्थित रहे।

### भोपाल को-ऑपरेटिव सेंट्रल बैंक शाखा बैरसिया में यादव ने की समीक्षा

**भोपाल।** को-ऑपरेटिव सेंट्रल बैंक भोपाल की शाखा बैरसिया में प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव द्वारा भेंट दी गयी। प्रशासक महोदय द्वारा भेंट के दौरान सहकारिता, ऊर्जा संरक्षण, सदस्यता महाअभियान एवं हरित सहकार अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल के प्रशासक श्री महेन्द्र सिंह यादव द्वारा वर्तमान वैश्विक ऊर्जा संकट के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में नागरिकों से किए गए ईंधन बचाओ-ऊर्जा बचाओच्च के आह्वान का उल्लेख करते हुए सहकारिता एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ऊर्जा संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। साथ ही वोकल फॉर लोकलच्च अभियान को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। प्रशासक महोदय द्वारा एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बैंक मुख्यालय एवं पैक्स स्तर पर पौधरोपण के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए।

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 30-31 मई को होगा कैरियर नेक्स्ट

**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा 12वीं कक्षा के बाद विद्यार्थियों को सही करियर एवं उपयुक्त कोर्स चयन में प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करने भोपाल में पहली बार कैरियरनेक्स्ट – करियर डिस्कवरी इंडस्ट्री बूट कैंप का आयोजन 30 एवं 31 मई 2026 को मैरियट होटल, डीबी मॉल के समीप, भोपाल में किया जा रहा है। इस बूट कैंप में कई विशेष एक्सपर्ट सेशन एवं प्रेरणादायक व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे। प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर उच्च्वल पाटनी विद्यार्थियों को सफलता, आत्मविश्वास एवं करियर निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस आयोजन की विशेष बात यह है कि इसमें 19 से अधिक इंडस्ट्री सेक्टर्स एवं देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में गूगल, आईबीएम, रिलायंस एनीमेशन अकादमी, हुंडई, हीरो, एल एंड टी इन्फोटेक, एमसीड, गीक्स ऑफ गुरुकुल, आईटीएचएस एवं आईआईसीए सहित कई संस्थानों के विशेषज्ञ विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं, रोजगार के अवसरों, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट आधारित स्किल्स की जानकारी प्रदान करेंगे।




# 5 से 17 साल तक के 1 लाख 18 हजार बच्चों के आधार अपडेट नहीं, सुविधाएं देने में होगी परेशानी

## जिला शिक्षा अधिकारी की लापरवाही पर संभाग आयुक्त नाराज, अब स्कूलों में लगेंगे शिविर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में 5 साल के बच्चों से लेकर 17-18 साल के 1 लाख 18 हजार 938 किशोरों के आधार बायोमैट्रिक अपडेट नहीं हो सके हैं। इसके कारण इन किशोरों को भविष्य में शासन की योजनाओं सहित आधार से जुड़ी अन्य सेवाओं व ऑनलाइन आइडेंटिफिकेशन सहित अन्य कार्यों में परेशानी आ सकती है। शुक्रवार को यह जानकारी संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित जिला आधार निगरानी समिति की बैठक में सामने आई।

बैठक में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के स्टेट मैनेजर निकेत दीवान ने जिले में संचालित केंद्रों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इस ढिलाई को संभाग आयुक्त संजीव सिंह के समक्ष रखा। इस पर नाराजगी जताते हुए संभाग आयुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा केंद्र को हिदायत देते हुए सभी बच्चों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट करने के निर्देश दिए। आयुक्त सिंह ने इस दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि इस चूक के कारण इन सभी बच्चों को आने वाले समय में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस कारण तत्काल बायोमेट्रिक अपडेट करने का काम शुरू किया जाए। इसके लिए स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं और इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट हर सप्ताह टीएल बैठक के दौरान देनी होगी और यदि काम में किसी भी तरह की ढिलाई मिली तो संबंधित सभी लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जिले में 5 से 15 साल के 58 हजार 720 बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट नहीं हुए हैं, जबकि 15 साल से ज्यादा के 60 हजार 218 किशोरों के बायोमेट्रिक अपडेट करवाना बाकी है। इसके अलावा 18 साल से ज्यादा लोगों के 586 मामले लंबित हैं। वहीं 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के आधार सत्यापन और अपडेट से जुड़े 1,264 मामले लंबित हैं।

### वर्तमान में इन जगहों पर अपडेट होते हैं आधार

वर्तमान में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, डाकघर, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व सेवा केंद्र, बीएसएनएल और सीएससी के माध्यम से कुल 107 केंद्र संचालित हैं, जिन्हें पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही छात्रों की पेंडेंसी खत्म करने के लिए आने वाले दिनों में स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट का काम पूरा कराया जाएगा।

### व्यवस्थाओं में किए गए बदलाव

- आधार कार्ड बनवाने और बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर नई व्यवस्थाएं की गई हैं, जिसके तहत बाल आधार पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए शहर के सभी बड़े अस्पतालों में विशेष आधार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके तहत नवजात शिशुओं का जन्म के समय ही अस्पतालों में आधार पंजीयन किया जा केगा।
- आम नागरिकों की सुविधाओं के लिए जिले के सभी 107 आधार-नामांकन एवं अपडेट केंद्रों को जल्द गूगल मैप पर टैग किया जाएगा। इससे लोग आसानी से नजदीकी केंद्र की लोकेशन ट्रैक कर सकेंगे। इसके अलावा आधार सुपरवाइजरों को नियमित ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वे बेहतर तरीके से अपना काम काज कर सकें।
- उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां आधार केंद्र दूर हैं। स्थानीय निकायों से प्रस्ताव आमंत्रित कर ऐसे इलाकों में नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को अपने घर से 1 से 2 किलोमीटर के दायरे में ही आधार सेवाएं मिल सकें।

# पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम आम लोगों को कर रहा परेशान, एनजीटी में याचिका

## तेज आवाज से बढ़ रही अनिद्रा व अपचन संबंधी समस्याएं

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के चौराहों पर लगे ट्रैफिक पुलिस के पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। इन अनाउंसमेंट सिस्टम से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का मामला अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोन बेंच के समक्ष पहुंच गया है। शहर के पर्यावरण कार्यकर्ता राशिद नूर खान द्वारा दायर की गई याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए एनजीटी की बेंच ने जिला प्रशासन, पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कड़े निर्देश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने कोर्ट को बताया कि स्मार्ट सिटी और ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगाए गए ये लाउडस्पीकर दिनभर तेज आवाज में निर्देश प्रसारित करते हैं। साथ ही इन्हें नियमों को ताक पर रखकर अस्पताल, स्कूल, कोर्ट और रिहायशी इलाकों (साइलेंस जोन) के पास भी चलाया जा रहा है, जो पर्यावरण कानूनों का सीधा उल्लंघन है। मामले की 17 अगस्त को अगली सुनवाई होगी। हालांकि संबंधित विभागों से चार हफ्ते में रिपोर्ट मांगी गई है। याचिकाकर्ता द्वारा याचिका में बताया गया है कि इन अनाउंसमेंट सिस्टम से लोगों को तनाव अनिद्रा की शिकायत हो रही है। जिससे पाचन संबंधी व मानसिक समस्याएं हो रही हैं।

### बंद किए जाएं तेज आवाज वाले अनाउंसमेंट सिस्टम

न्यायमूर्ति श्यो कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने मामले को गंभीरता को देखते हुए कहा कि तेज आवाज केवल असुविधा नहीं, बल्कि सेहत के लिए गंभीर खतरा है। इससे लोगों में तनाव और अनिद्रा की समस्या बढ़ रही है। एनजीटी ने अधिकारियों को निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक आवाज वाले सिस्टमों को तत्काल बंद या नियंत्रित करने का निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पूरे मामले पर चार हफ्ते में रिपोर्ट तलब की है।

#### भक्ति, सूफियाना रंग और शास्त्रीय सुरों से सजी की शाम

# संतवाणी के सुरों में डूबा भारत भवन




**जागरण, भोपाल।** बहुकला केंद्र भारत भवन में शुक्रवार से शुरू हुए तीन दिवसीय 'संतवाणी समारोह' ने पहले ही दिन श्रोताओं को भक्ति, अध्यात्म और शास्त्रीय संगीत की अनूठी दुनिया से रूबरू करा दिया। संत कवियों की अमर वाणी जब सुरों में ढलकर सभागार में गूंजी, तो पूरा वातावरण भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। समारोह के पहले सत्र में गायिका पूर्वी सप्रे ने अपनी गंभीर और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से संत साहित्य की चेतना को स्वर दिए। उन्होंने तुलसीदास के पद 'ऐसो को उदार जग माही' से शुरुआत की। इसके बाद संत तुकाराम के अभंग 'सुंदर ते ध्यान ऊभे विटे वरी' में विठ्ठल भक्ति का भावपूर्ण चित्र उभरा। गुरुनानक देव के पद 'सुमिरन कर ले मेरे मना' और कबीर के 'जन्म तेरा बातों ही बीत गयो रे' ने जीवन, भक्ति और आत्मचिंतन के भावों को गहराई से व्यक्त किया। प्रस्तुति का समापन मीराबाई के पद 'भोलानाथ दिगंबर' से हुआ, जिसने सभागार को करुणा और समर्पण से भर दिया। तबले पर उस्ताद इकरार हुसैन, हार्मोनियम पर अतुल अर्चवाल और सारंगी पर शिराज हुसैन की संगत ने प्रस्तुति को विशेष ऊंचाई दी।

### कलापिनी कोमकली ने रागों में घोली संतवाणी की मिठास

दूसरे सत्र में सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली ने अपनी विशिष्ट शैली में संतवाणी की रसधारा प्रवाहित की। उन्होंने 'मंगल आरती आनंद कुंवर की' से भक्तिमय वातावरण निर्मित किया। संत तुकाराम के अभंग 'काम क्रोध अभि वाहिले विठ्ठल' और राग दरबारी में प्रस्तुत सूरदास के पद 'गिरधर मुरलीधर' ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं निर्गुणी भजन 'गुरुजी जहां बैठूं वहां छाया जी' में लोक और अध्यात्म का सुंदर संगम दिखाई दिया। अंत में भैरवी आधारित धुन 'सुन के मनवा मगन हुआ' ने समारोह को सुरमयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया।

# ओजस्वानी ने कोलंबो में जीता 'एशिया केक ऑस्कर'



**जागरण, भोपाल।** श्रीलंका के कोलंबो में 17 मई को आयोजित 'एशिया केक ऑस्कर सम्मान 2026' में भोपाल की केक कलाकार ओजस्वानी शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया। उन्हें कपकेक सजावट की उन्नत श्रेणी में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में एशिया के कई देशों के कलाकारों ने शुगर आर्ट और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। ओजस्वानी शर्मा छह वर्षों से प्रतिष्ठान 'बेक स्ट्रीट' से विशेष केक और मिठाइयों के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। वे स्वप्रशिक्षित केक कलाकार हैं और खासतौर पर फोंडेंट कला तथा आकृतियां बनाने के लिए जानी जाती हैं। उनके यहां तैयार होने वाले सभी मिष्ठान बिना अंडे के बनाए जाते हैं और उनमें शुद्ध देसी घी का उपयोग किया जाता है।

### युवक से 1.93 लाख की ऑनलाइन ठगी

**भोपाल।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र में एक युवक से 1.93 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आमिर खान समांतर रोड इलाके में रहता है। 13 मई को उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर संपर्क किया। आरोपी ने बातों में उलझाकर उनका विश्वास जीता और अलग-अलग माध्यमों से रकम ट्रांसफर करवा ली।

**RAJYA ANAND SANSTHAN**
(An Autonomous Institution of Government of Madhya Pradesh, Anand Department)
Board Office Campus, Shivaji Nagar, Bhopal-462011

**BID FOR PROCUREMENT OF COMPUTERS, LAPTOPS, PRINTERS, SOFTWARE AND OTHER PERIPHERALS ON GeM PORTAL**

Rajya Anand Sansthan invites quotations from eligible bidders for procurement of Computers, laptops, printers, software and other peripherals. Bidders can download the bid documents from the website **https://gem.gov.in/**. The financial bid is to be submitted online only on GeM portal.
Please refer to Gem Bid No. - GEM/2026/B/7534278 The last date of bid submission is 12 June 2026 Till 12.00 PM.
M.P. Madhyam/125917/2026 **CHIEF EXECUTIVE OFFICER**

# 'सौंदर्या सीजन 2.0' में दिखी मेकअप कला और फैशन की चमक




**जागरण, भोपाल।** मानस भवन में 'सौंदर्या सीजन 2.0' कार्यक्रम में सौंदर्य, फैशन और मेकअप कला का संगम देखने को मिला। एरिएना ग्रुप, अपना भोपाल और ज्योति मेकओवर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के मेकअप आर्टिस्ट, फैशन प्रेमी और युवा प्रतिभागी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट और बॉलीवुड सेलिब्रिटी मेकअप विशेषज्ञ ओजस रजानी का सेशन रहा। उन्होंने 'ब्राइडल लुक एंड लर्न मेकओवर सेमिनार' में दुल्हन के श्रृंगार, त्वचा के अनुरूप मेकअप और नए फैशन रुझानों से जुड़ी बारीकियां साझा कीं। ब्राइडल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक और आधुनिक दुल्हन रूप की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे परिधानों और अलग-अलग मेकअप शैलियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। लोगों ने इसे उभरते कलाकारों के लिए सीख और अवसर का प्रभावी मंच बताया।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति**
**ब्यावरा, जिला-राजगढ़ (म.प्र.)**
क्र./मंडी/निर्माण/26-27/184 ब्यावरा, दिनांक 20.05.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा **"ख श्रेणी"** मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत तौलकांटा की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_509821_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 26.05.2026 को 11:30 बजे से दिनांक 16.06.2026 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।
**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव** — कृषि उपज मण्डी समिति, ब्यावरा, जिला-राजगढ़
**भारसाधक अधिकारी** — कृषि उपज मण्डी समिति, ब्यावरा, जिला-राजगढ़
म.प्र. माध्यम/125948/2026

**छतनारा विमर्श में गूंजे निर्मल वर्मा के शब्द**

**भोपाल।** छतनारा समूह द्वारा शुक्रवार शाम नई कार्यक्रम श्रृंखला 'विमर्श' का शुभारंभ प्रख्यात साहित्यकार निर्मल वर्मा पर केंद्रित आयोजन के साथ किया गया। छतनारा आर्ट होम में आयोजित इस सत्र में प्रतिभागियों ने सामूहिक रचना पाठ से निर्मल वर्मा के साहित्य और उनकी संवेदनशील लेखन शैली को करीब से समझा।

## राशिफल

**मेष :** आज आपका मान-सम्मान और प्रभाव दोनों बढ़ने वाले हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की छवि और मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र की राजनीति से दूरी बनाए रखें।

**वृषभ :** आज संपत्ति और निवेश से जुड़े मामलों में किस्मत आपका साथ दे सकती है। कई काम एक साथ आने से व्यस्तता बढ़ेगी।

**मिथुन :** आज आपका नाम समाजसेवा और अच्छे कार्यों से चमक सकता है। आपकी नई कोशिशें रंग लाएंगी और लोग आपकी तारीफ करेंगे।

**कर्क :** आज का दिन सकारात्मक रहेगा, लेकिन मन किसी बात को लेकर बेचैन रह सकता है। भाई-बहनों के साथ आपका रिश्ता और मजबूत होगा। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**सिंह :** आज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। पड़ोस या आसपास के विवादों से दूरी बनाकर रखें। पुराने लेनदेन की उलझन सुलझ सकती है। अपने कामों की जिम्मेदारी खुद उठाएं।

**कन्या :** आज सफलता और तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। लंबे समय से अटका सरकारी काम पूरा होने की संभावना है।

**तुला :** आज मेहनत का पूरा फल मिलने वाला है। आप भविष्य को सुरक्षित करने के लिए धन निवेश की नई योजनाएँ बना सकते हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही नुकसान दे सकती है।

**वृश्चिक :** आज आपके दिमाग में नए और शानदार आइडिया लगातार आते रहेंगे। बिजनेस में नई शुरुआत लाभ दे सकती है। जीवनसाथी के करियर में भी नया अवसर दस्तक दे सकता है।

**धनु :** आज लेनदेन के मामलों में सतर्क रहना जरूरी होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मकर :** आज का दिन नई संभावनाएँ लेकर आएगा। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़ा पद या सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ :** आज मौज-मस्ती और खुशी का माहौल बना रहेगा। पिताजी से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**मीन :** आज भागदौड़ ज्यादा रहेगी और मन थोड़ा उलझा हुआ महसूस कर सकता है। कामों में लापरवाही भविष्य में परेशानी खड़ी कर सकती है, इसलिए हर जिम्मेदारी समय पर पूरी करें।

**आज का पंचांग :** 23 मई शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व में। **भद्रा :** प्रातः 05:05 से सायं 04:41 तक। **पर्व एवं त्योहार :** दुर्गाष्टमी। सप्तमी तिथिक्षय, बुध उदय पश्चिम में। विक्रम संवत 2063 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु अधिक ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी 28 घंटे 28 मिनट तक तत्पश्चात नवमी मघा नक्षत्र 25 घंटे 10 मिनट तक, तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र ध्रुव योग 06 घंटे 14 मिनट तक, तत्पश्चात व्याघात योग सिंह में चंद्रमा।

## SUDOKU 44

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 2 | | 1 | 3 | | |
| | 6 | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 7 | | | | 6 | |
| 4 | | | | 8 | | | 2 | 7 |
| | 3 | | 1 | | | 4 | | 5 |
| 8 | | 1 | | 5 | 2 | | | |
| | 4 | | | 7 | | | 5 | |
| 7 | | | 6 | | | 9 | | 8 |
| 2 | | 8 | | | 4 | | 3 | |

## SOLUTIONS 43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 8 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 5 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**
**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**
केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, बैरागढ़ चीचली शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री अशोक कुमार जोशी पुत्र रामनारायण जोशी** पताः ईडब्ल्यूएस 29, 102 गौरव नगर, बैरागढ़ चीचली, कोलार रोड, भोपाल-462042 | मांग सूचना दिनांक 29.04.2026; वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 4,61,308.66/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; NPA : 26.04.2026 | फ्लैट नं. ई.डब्ल्यू.एस. 29/102, क्षेत्रफल 32.74 वर्गमीटर स्थित हाऊसिंग बोर्ड के किफायती फ्लैट, गौरव नगर, बैरागढ़ चीचली, वार्ड संख्या 81, कोलार रोड, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल चर्तुसीमाएँ: पूर्व- फ्लैट नं. 29/101, पश्चिम- रिटेनिंग वॉल, उत्तर- फ्लैट नं. 29/103, दक्षिण- ब्लॉक नं. 28/103 संपत्ति मालिक का नाम- श्री अशोक कुमार जोशी |
| **केनरा बैंक, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री धर्मेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री राम नारायण सिंह राजपूत,** पताः 25 शिव नगर बैरसिया रोड जैन मंदिर के पास, करोंद हुजूर, एम.एल. नगर जिला-भोपाल 462038 | मांग सूचना दिनांक 29.04.2026; वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 28,60,410.80/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; NPA : 24.04.2026 | आवासीय फ्लैट नं. 802, एफ-ब्लॉक, पीपल्स हाई राइज, ग्राम-रसलाखेड़ी, वार्ड नं. 76, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल (मध्य प्रदेश)। फ्लैट का क्षेत्रफल - 75.37 वर्गमीटर (811 वर्गफुट)। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ्लैट नं. 805, पश्चिमः फ्लैट नं. 801, उत्तरः खुला स्थान, दक्षिणः कॉरिडोर पश्चात फ्लैट नं. 803, संपत्ति मालिक का नाम- श्री धर्मेंद्र सिंह राजपूत। |
| **केनरा बैंक, माइक्रो फायनेंस शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री राजेश सोनी पुत्र अवध शरण सोनी** पता-एच नं. 87, सेक्टर एफ, सुभाष कॉलोनी, सेमरा कलां, भोपाल म.प्र.-462010 सहऋणीः **श्रीमती ज्योति सोनी पत्नी राजेश सोनी** पता- जे-92, पंजाबी बाग शहंशाह गार्डन, आरपीएन स्कूल गोविंदपुरा, भोपाल म.प्र. - 462023 | मांग सूचना दिनांक 12.05.2026; वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 5,72,715.54/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; NPA : 30.04.2026 | आवासीय फ्लैट संख्या एल-5/12, ब्लॉक-5, क्षेत्रफल 50.96 वर्गमीटर, शहीद भगत सिंह नगर, गोंदरमऊ, तहसील हुजूर, वार्ड नं. 01, जिला भोपाल (मध्य प्रदेश), चर्तुसीमाएँ: उत्तरः खुला, दक्षिणः फ्लैट संख्या एल-5/11, पूर्वः रास्ता, पश्चिमः खुला, संपत्ति मालिक का नाम-श्री राजेश सोनी, पुत्र अवध शरण सोनी |
| **केनरा बैंक, पॉलीटेक्निक शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **मैसर्स अमित ट्रेडर्स** द्वारा प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता : **श्री अलंकार जैन पुत्र श्री प्रेम चंद जैन** पताः (1) प्लॉट 26/27, मंदाकिनी सोसायटी, कोलार रोड, हुजूर भोपाल म.प्र. 462042 पताः (2) जीएक्स/178 राजहर्ष कॉलोनी कोलार रोड भोपाल, हुजूर म.प्र. 462042 जमानतदारः **श्री जीतेन्द्र पाटीदार पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण पाटीदार** पताः मकान नं. जीएक्स-13, सौरभ नगर कोलार रोड, भोपाल हुजूर म.प्र. 462042 | मांग सूचना दिनांक 12.05.2026; वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 40,17,846.90/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; NPA : 01.05.2026 | (1) प्लॉट नंबर 177-जी.एक्स, खसरा 25/26/27/2/3 जी.एक्स का भाग, ग्राम नयापुरा (राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल) कोलार रोड तहसील हुजूर जिला भोपाल कुल क्षेत्रफल-1500 वर्गफीट। (139.40 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएँ: पूर्वः प्लॉट नंबर 176, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट नंबर 178, दक्षिणः सड़क (2) रिहायशी सह व्यवसायिक भवन निर्मित प्लाट नं. 46-जी, खसरा नंबर 24,25/1/1 का भाग, ग्राम-गेहूंखेड़ा, जी-सेक्टर, पटवारी हल्का नंबर 38, कोलार रोड, तहसील हुजूर जिला भोपाल क्षेत्रफल-300 वर्गफीट। (27.88 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएँ: पूर्वः प्लॉट नं. 45, पश्चिमः प्लॉट नं. 47, उत्तरः 40 फीट चौड़ी रोड, दक्षिणः प्लॉट नं. 55 (3) रिहायशी प्लॉट नं. 573 सी.आई. एस्टेट, जो कई खसरा संख्या 67/1, 29, 30, 31, 32, 34/2, 33, 35, 36, 37/1, 38/2, 39/2 एवं 39/3 का भाग, ग्राम थुआखेड़ा पटवारी हल्का नं. 31, तहसील कोलार, जिला भोपाल। क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट (55.76 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएँ: पूर्वः सड़क, पश्चिमः प्लॉट नं. 557, उत्तरः प्लॉट नं. 574, दक्षिणः प्लॉट नं. 572 सभी संपत्तियों के संपत्ति मालिक का नाम- श्री अलंकार जैन पुत्र श्री प्रेम चंद जैन |
| **केनरा बैंक, अयोध्या बायपास शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **आदित्य ऊर्जा, द्वारा प्रोपराइटर- श्री पंकज दुबे** पताः एम 55, जे- सेक्टर, अयोध्या बायपास जिला भोपाल म.प्र.- 462042 गारंटर/बंधककर्ताः **श्री प्रमोद कुमार दुबे** पताः एमआईजी-55, जे सेक्टर, अयोध्या नगर, भोपाल - 462042 | मांग सूचना दिनांक 12.05.2026; वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 31,23,389.91/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे; NPA : 30.04.2026 | संपत्ति का समस्त भू भाग मकान नं. एम.आई.जी./55, जे-सेक्टर, अयोध्या नगर, वार्ड नं. 68, भोपाल तहसील हुजूर, जिला- भोपाल क्षेत्रफल-774.72 वर्गफिट या 72.00 वर्गमीटर, प्लाट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- जूनियर एमआईजी/56, पश्चिम- जूनियर एमआईजी/54, उत्तर- सड़क, दक्षिण- एचआईजी मकान संपत्ति मालिक का नाम- श्री प्रमोद कुमार दुबे |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।
**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 23/05/2026**
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# न बिजली के पोल की शिफ्टिंग और न सुरक्षा के उपाय दो साल तक खतरे के बीच वाहन चलाने को मजबूर लोग

**शहर में निर्माण कार्यों ने बढ़ाई परेशानी:** काजीकैंप से डीआईजी बंगला, पुल बोगदा से प्रभात पेट्रोल पंप तक मुश्किल हुआ आम लोगों के लिए सफर

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में चल रहा मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण कार्य आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। बता दें कि इन दिनों शहर के सबसे व्यस्त दो बाजारों में एलिवेटेड मेट्रो कॉरिडोर बिछाने का काम चल रहा है, लेकिन खराब सड़क, बिजली के पोल की शिफ्टिंग न होने और सड़क पर अतिक्रमण के चलते इन मार्गों से न तो दो पहिया वाहन निकल पा रहे हैं और न ही पैदल चलने वालों को सुरक्षा महसूस हो रही है। सरकारी खेमे की उदासीनता इन मार्गों पर लोगों के लिए परेशानी बन चुकी हैं। दरअसल काजीकैंप से डीआईजी बंगले तक चल रहे मेट्रो लाइन बिछाने का काम इन दिनों तेज गति से चल रहा है, लेकिन काजीकैंप के पास खुदी हुई सड़कें, बीच सड़क पर मौजूद बिजली के पोल दुर्घटनाओं को हादसा दे रहे हैं। भले ही इस दौरान मेट्रो कंपनी द्वारा इन खंभों पर वाहनों की गति सीमा तय करने के बैनर चस्पा कर दिए गए हों, लेकिन इससे आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती है। इसके अलावा सड़क पर खुदाई कर सीवेज लाइन डालने का काम भी चल रहा है, जिसमें रात के समय लोगों के गिरने का खतरा भी बना हुआ है। रही सही कसर यहां के दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर पूरी कर दी है। यही स्थिति पुल बोगदा से प्रभात चौराहे की भी है। पूरे मार्ग ब्लू लाइन की कनेक्टिविटी के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जा रहा है, लेकिन इस सड़क पर ई रिक्शा व ऑटो चालकों का कब्जा है। नतीजतन दो पहिया व चार पहिया चालक कई बार जाम में फंस जाते हैं। कई बार वाहन टकराने के कारण वाद विवाद की स्थिति भी बनती है।





**प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नगर निगम को मिलता है फंड :** इन सभी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नगर निगम को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से फंड जारी होता है, जिसका काम शहर में प्रदूषण बाहुल्य क्षेत्रों में पानी का छिड़काव कर प्रदूषण को नियंत्रित करना होता है, लेकिन निगम का ये वाहन कुछ चुनिंदा इलाकों में ही पानी का छिड़काव करता है। इस कारण पुराने भोपाल के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है, जिससे लोगों में एलर्जिक ब्रोंकाइटिस, एलर्जिक राइनाइटिस, दमा व अन्य श्वास रोगों के बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

### खुदाई के दौरान पानी का छिड़काव भी नहीं

इसके अलावा आरिफ नगर से काजीकैंप तक निर्माण कार्य के दौरान पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण सड़कों पर धूल और मिट्टी के कण उड़ने से लोगों को परेशानी हो रही है। यह स्थिति करोंद मंडी से लेकर हाउसिंग बोर्ड कालोनी चौराहे तक भी है। वहीं भदभदा से भारत माता चौराहा, जवाहर चौक से भारत माता चौराहा, पुल बोगदा से रत्नागिरी चौराहे तक भी निर्माण कार्य के दौरान दिन भर धूल उड़ रही है, जिससे दो पहिया चालकों को श्वास संबंधी परेशानी हो रही है। भेल के स्वर्ण जयंती द्वार के सामने बार बार सड़क खराब होने से भी दुर्घटना होने की स्थिति बनी हुई है।

## प्रदूषण की रोकथाम पर खर्च की गई राशि का होगा सोशल ऑडिट

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम से 20 अगस्त तक मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट**

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर की बिगड़ती हुई वायु गुणवत्ता और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच ने मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई है। शुक्रवार को अधिवक्ता राशिद नूर खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने सवाल किया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपए आवंटित होने के बावजूद शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में क्यों पहुंच रहा है? आम लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने राशि को खर्च करने के बाद भी वायु गुणवत्ता खराब बनी हुई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने कोर्ट में बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर वर्टिकल गार्डन, मैकेनिकल स्वीपिंग और जल छिड़काव के सरकारी दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। जमीनी हकीकत यह है कि खुले में कचरा जलना, निर्माण कार्यों से उड़ती धूल और भारी वाहनों का धुआं बुजुर्गों व बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। इस दौरान आंकड़ों से इस बात की पुष्टि भी हुई कि 2025 में भोपाल की हवा कई दिनों तक दमघोंटू बनी रही। मामले में एक्शन टेकन रिपोर्ट 20 अगस्त तक देनी होगी। सुनवाई के दौरान बैंच ने खुले में कचरा-बायोमास जलाने और ढाबों में कोयले/लकड़ी के उपयोग पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। धूल पर नियंत्रण के लिए निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट का उपयोग करने और सड़कों पर पानी का छिड़काव करने को कहा है। प्रदूषण फैलाने वाले और अवैध ईंट भट्टों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने और प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च होने वाली राशि का सोशल ऑडिट कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### निगम ने तीन माह से जारी लीकेज सुधारने का काम किया शुरू



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एक बार फिर दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर ने अपना असर दिखाया है। शुक्रवार को समाचार पत्र में एक तरफ जल संकट और दूसरी तरफ सड़कों पर बह रहे हजारों लीटर पानी की खबर प्रकाशित की गई थी। इस समाचार के बाद नगर निगम का अमला तत्काल एक्शन में आया और शुक्रवार सुबह ही अरेरा हिल्स में इस लीकेज का सुधार कार्य शुरू कराया गया। गौरतलब है कि विगत तीन माह से एनजीटी की निर्माणाधीन बिल्डिंग के सामने रोजाना हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा था और इससे सड़कों पर जलभराव के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही थी।

### भेल दशहरा मैदान में 'पेड्डी' ट्रेलर लॉन्च आज, ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

**जागरण, भोपाल।** भेल दशहरा मैदान में शनिवार को फिल्म 'पेड्डी' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संगीत निर्देशक ए. आर. रहमान और अभिनेत्री जान्हवी कपूर समेत कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। यातायात पुलिस ने शाम पांच बजे से यातायात व्यवस्था और डायवर्सन लागू किया है। महात्मा गांधी चौराहे के करियर कॉलेज की ओर आने वाला यातायात गेट नंबर-6, गुलाब उद्यान तिराहा और कस्तूरबा अस्पताल होते हुए आईएसबीटी चेतक ब्रिज की ओर जा सकेंगे। वहीं चेतक ब्रिज और गोविंदपुरा टर्निंग से महात्मा गांधी चौराहे की ओर जाने वाले वाहन सांची डेयरी कट प्वाइंट, कस्तूरबा अस्पताल और गुलाब उद्यान रोड होकर निकलेंगे। आईटीआई तिराहे से करियर कॉलेज होकर चेतक ब्रिज और आईएसबीटी की ओर जाने वाले वाहनों को सिक्योरिटी लाइन चौराहे से सांवतिका पेट्रोल पंप तिराहे की ओर डायवर्ट किया गया है। इसके अलावा सभी बसें और व्यावसायिक वाहन पटेल नगर, 11 मील और बागसेवनिया होकर आईएसबीटी की तरफ जा सकेंगे। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था भी की गई है। पिलपानी, महात्मा गांधी, सद्भावना और आईटीआई की ओर से आने वाले वाहन हेमा स्कूल के पास मैदान में पार्क किए होगे। वहीं होशंगाबाद रोड, डीबी मॉल, चेतक ब्रिज और अन्ना नगर की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग करियर कॉलेज के पीछे मैदान में रहेगी।

### जिन किसानों के बुक हो चुके स्लॉट उनका गेहूं हर स्थिति में खरीदें

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिन किसानों के गेहूं खरीदी के स्लॉट बुक हो चुके हैं, उनके गेहूं की खरीदी अनिवार्य रूप से की जाए। इस दौरान उपार्जन केंद्र पर तैनात जो भी अधिकारी काम में लापरवाही करेंगे। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने शुक्रवार को टीएल बैठक के दौरान दी। इस दौरान संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा की और उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभाग की समग्र रैंकिंग में सुधार लाने पर भी जोर दिया। इस दौरान जिले में सक्रिय मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने और फल व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के तहत समिति गठन के निर्देश दिए गए। साथ ही उपायुक्त किरण गुप्ता को जलभराव रोकने और नाला सफाई जैसी मानसून-पूर्व तैयारियों के संबंध में संयुक्त बैठक करने के निर्देश जारी किए।

### शिक्षा महाविद्यालयों में बीएड की प्रवेश प्रक्रिया 25 मई से

**जागरण, भोपाल।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डीएलड, बीएड सहित शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। डीएलएड में 14 अगस्त तक प्रवेश चलेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के डाइट और शिक्षा महाविद्यालयों में बीएड कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया 25 मई से शुरू होगी। सभी संस्थाओं और पाठ्यक्रमों में एमपी ऑनलाइन से आवेदन करना होगा। प्रदेश के प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आंग्ल भाषा प्रशिक्षण संस्थान, पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान, मनोविज्ञान शिक्षा एवं संदर्शन महाविद्यालय जैसी प्रदेश की विभिन्न शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रवेश प्रक्रिया एवं कैलेंडर जारी किया गया है। इसके तहत एमएड, एमए मनोविज्ञान, पीजीडीजीसी, बीएड, डीएलएड, डीपीएसई एवं पीजीडीईएलटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में होगी। निर्धारित तिथियों के अनुसार राज्य शिक्षा केंद्र की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। बीएड में 25 मई से 27 जुलाई, एमएड में 1 जून से 30 जुलाई, पीजीडीईएलटी में 3 जून से 22 जून, डीपीएसई में 8 जून से 31 जुलाई तथा एमए मनोविज्ञान एवं पीजीडीजीसी के लिए प्रवेश प्रक्रिया 8 जून से 31 जुलाई तक चलेगी।

### मप्र में एक करोड़ कार्यकर्ता बनाएगी कॉकरोज जनता पार्टी: मयंक

**जागरण, भोपाल।** अपनी स्थापना के साथ ही देश भर में दो करोड़ सदस्यों को जोड़कर चौंकाने वाली कॉकरोज जनता पार्टी मध्यप्रदेश में एक करोड़ सदस्य बनाएगी। पार्टी के प्रदेश संयोजक मयंक का कहना है कि उनकी पार्टी अब सोशल मीडिया कैंपेन नहीं रही, बल्कि एक जन आंदोलन बन चुकी है। राजधानी में मीडिया से रूबरू होते हुए मयंक ने सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़, पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर हमला बोला। मयंक ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जाएगा। कॉकरोज पार्टी के प्रदेश संयोजक का कहना है कि यह किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन है जिसने लाखों युवाओं के सपनों को तोड़ा है। पेपर लीक, भर्ती घोटालों तथा बेरोजगारी जैसे मामलों में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ के बाद भी किसी की कोई जवाबदेही तय नहीं की गई। आंदोलन को गति देने प्रदेश के हर जिले में कार्यकारिणी बनाई जाएगी। इसके लिए नियमावली तैयार की जा रही है। पार्टी के 60 फीसदी फॉलोअर्स पाकिस्तानी होने के दावे को उन्होंने झूठा और भ्रामक बताया।

# त्विषा के पति समर्थ को आज कोर्ट में पेश करेगी पुलिस, वकालत का लाइसेंस सस्पेंड

**भोपाल से लेकर जबलपुर तक हलचल:** रिटायर्ड जज गिरिबाला के वकील और मीडिया में तीखी नोंकझोंक

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोपाल की मॉडल और एक्ट्रेस त्विषा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में नित नए मोड़ आ रहे हैं। इस घटनाक्रम में शुक्रवार को भोपाल से लेकर जबलपुर तक भारी गहमा-गहमी देखने को मिली। भोपाल में जहां मृतका की सास के वकील और मीडियाकर्मियों के बीच तीखा विवाद हुआ, वहीं जबलपुर जिला अदालत में आरोपी पति समर्थ सिंह के सरेंडर को लेकर दो घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। इस बीच पुलिस शनिवार को त्विषा के पति समर्थ को भोपाल कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग करेगी। शुक्रवार को भोपाल में उस समय माहौल गरमा गया जब त्विषा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह घर से कार में सवार होने बाहर निकलीं। इस दौरान वहां मौजूद मीडियाकर्मियों ने गिरिबाला सिंह और उनके अधिवक्ता जॉर्ज इनोस कार्लो से केस को लेकर सवाल पूछने शुरू कर दिए। सवालों से नाराज अधिवक्ता जॉर्ज इनोस कार्लो मीडियाकर्मियों पर भड़क गए और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हो गई। कार में सवार होते समय अधिवक्ता ने गुस्से में कार के बोनट पर जोर से हाथ पटके और मीडिया के माइकों को परे धकेल दिया।

**कमिश्नर का दावा, पुलिस की निष्पक्ष जांच:** भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा कि इस केस में घटना के दो दिन बाद ही एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों की जांच में तकनीकी और कानूनी कारणों से समय लगता है। उन्होंने मामला सीबीआई को सौंपे जाने के फैसले को राच्य सरकार का निर्णय बताते हुए दावा किया कि भोपाल पुलिस ने पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ मामले की जांच की है, इसमें किसी भी तरह का कोई डिले नहीं हुआ है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में पुलिस कमिश्नर ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को अब तक 3 नोटिस देकर बयान के लिए बुलाया है, लेकिन उनकी तरफ से जांच में कोई सहयोग नहीं दिया गया। यही वजह है कि पुलिस ने उनकी अग्रिम जमानत रद्द करवाने के लिए हाईकोर्ट में अपील दायर की है। संजय कुमार ने कहा कि जब तक केस पूरी तरह से सीबीआई को हैंडओवर नहीं हो जाता, तब तक भोपाल पुलिस की कार्रवाई और जांच लगातार जारी रहेगी। संजय कुमार के मुताबिक पुलिस ने घटना के दिन और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे संदिग्ध लोगों को चिह्नित कर उनके बयान लिए हैं। इसके साथ ही गिरिबाला सिंह द्वारा किए गए कॉल्स को भी पुलिस ने अपनी जांच का हिस्सा बनाया है।



### पीएचक्यू से सीधे मॉनिटरिंग

हाईप्रोफाइल और संवेदनशील मामला होने के कारण इस केस की फाइलें सीबीआई को ट्रांसफर होने से पहले, की जा रही जांच की मॉनिटरिंग अब सीधे पुलिस मुख्यालय स्तर से भी की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। जबलपुर पुलिस द्वारा समर्थ को भोपाल पुलिस की विशेष टीम के सुपुर्द कर दिया गया। तीस हजार रुपये का इनामी आरोपी समर्थ अब भोपाल पुलिस की गिरफ्त में है और उसे शनिवार को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है, जहां पुलिस मामले की गहराई से पूछताछ के लिए कोर्ट से पुलिस रिमांड की मांग करेगी। समर्थ घटना के बाद से फरार था और पुलिस ने उस पर पहले 10 हजार और बाद में 30 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें पिछले एक सप्ताह से जगह-जगह छापे मार रही थीं, इसके बाद भी वह चकमा देकर जबलपुर पहुंच गया।

### सरेंडर का हाईवोल्टेज ड्रामा

गिरफ्तारी से बचने समर्थ सिंह ने शुक्रवार को नया पैंतरा आजमाया, जिसके कारण जबलपुर कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील हो गया। हाईकोर्ट ने समर्थ की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे 24 घंटे के भीतर जिला अदालत में सरेंडर कर रेगुलर बेल एप्लीकेशन दाखिल करने को कहा था। इसके बाद समर्थ सिंह सिर पर टोपी, आंखों पर डार्क चश्मा और चेहरे पर मास्क लगाकर जबलपुर जिला अदालत में पहुंच गया। यहां करीब दो घंटे तक कानूनी क्षेत्राधिकार और नियमों को लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा चला। क्षेत्राधिकार से बाहर होने के कारण जबलपुर जिला अदालत के सीजेएम अभिषेक सोनी और प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा की अदालत ने समर्थ के सरेंडर आवेदन पर कोई भी आदेश पारित करने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि आत्मसमर्पण की प्रक्रिया भोपाल की ट्रायल कोर्ट के सामने ही संपन्न हो सकती है।

### अपराध दर्ज होने वाले दिन मिल गयी अग्रिम जमानत, नोटिस जारी

**जबलपुर।** त्विषा शर्मा की दहेज हत्या के अपराध में आरोपी सास तथा पूर्व भोपाल जिला व सत्र न्यायाधीश गिरीवाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत के खिलाफ प्रदेश सरकार की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए गिरीबाला सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 25 मई को निर्धारित की गयी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ पैरवी करते हुए एकलपीठ को बताया कि गया था कि भोपाल की पूर्व सत्र व जिला न्यायाधीश की बहू त्विषा शर्मा की 12 मई को रात में संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी थी। भोपाल की कटारा हिल्स पुलिस ने 14 व 15 मई की दरम्यानी रात को गिरीबाला सिंह तथा उनके बेटे समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। गिरीबाला सिंह की तरफ से 15 मई को अग्रिम जमानत याचिका दायर की गयी थी। न्यायालय ने उसी दिन उन्हे अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। अग्रिम जमानत का लाभ मिलने पर वह साक्ष्यो को प्रभावित कर सकती है। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि दोनों पक्ष के लोग मीडिया के माध्यम से आरोप प्रत्यारोपण कर रहे है।

## कल काटजू में होगा बिजली मेंटेनेंस सिर्फ इमरजेंसी में मिलेगा इलाज

**मरीजों को परेशानी से बचाने अस्पताल प्रबंधन ने जारी की सूचना**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** टीटी नगर स्थित डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में रविवार को इलाज सिर्फ इमरजेंसी में ही मिलेगा। सामान्य मरीज को यहां इलाज के लिए परेशान होना पड़ सकता है। दरअसल अस्पताल प्रशासन ने 24 मई, रविवार को रखरखाव और मरम्मत कार्य के चलते करीब छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने की जानकारी देते हुए लोगों से अत्यावश्यक स्थिति में ही अस्पताल आने का अनुरोध किया है।

सूचना सामने आने के बाद सबसे ज्यादा चिंता गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के परिजनों में दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि प्रसव पीड़ा, अचानक बिगड़ती तबीयत या बच्चों की हालत समय देखकर नहीं आती। ऐसे में मातृ एवं शिशु अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर लंबी बिजली कटौती का संदेश डर पैदा कर रहा है। कई परिजनों ने सवाल उठाया कि यदि रविवार को इमरजेंसी की स्थिति बनी तो क्या अस्पताल पूरी तरह तैयार रहेगा या मरीजों को सिर्फ असुविधा के लिए खेद है सुनकर ही संतोष करना पड़ेगा। अस्पताल की एडवाइजरी ने बढ़ाई चिंता भोपाल की गर्मी में कुछ मिनट की बिजली कटौती भी लोगों को परेशान कर देती है, लेकिन यहां मामला अस्पताल का है। अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं और बच्चों की होती है। ऐसे में छह घंटे तक बिजली बाधित रहने की सूचना ने लोगों को बैकअप व्यवस्था पर सोचने को मजबूर कर दिया है। कई परिवार अब रविवार से पहले ही जांच और उपचार कराने की कोशिश में जुट गए हैं। लोगों का कहना है कि अस्पतालों में भरोसा इलाज से बनता है, लेकिन ऐसी सूचनाएं मरीजों के भीतर असुरक्षा बढ़ा देती हैं।

> रखरखाव कार्य आवश्यक है। मरीजों की सुरक्षा और उपचार प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। केवल एहतियात के तौर पर लोगों से अपील की गई है कि अत्यावश्यक स्थिति में ही अस्पताल आएं।
>
> ■ **डॉ. रचना दुबे**, नोडल अधिकारी, काटजू अस्पताल

## बच्चों में दिमागी बीमारी का इलाज जितनी जल्द, उतना होगा फायदा

**एम्स में बाल न्यूरोरेडियोलॉजी पर कार्यक्रम आयोजित**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** एम्स के रेडियोडायग्नोसिस एवं इमेजिंग विभाग द्वारा बाल न्यूरोरेडियोलॉजी विषय पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियों की सही और समय पर पहचान के लिए चिकित्सकों को नई तकनीकों और आधुनिक जांच पद्धतियों की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में रेडियोलॉजी, पीडियाट्रिक्स और न्यूरोलॉजी विभागों के संकाय सदस्यों तथा रेजिडेंट चिकित्सकों सहित कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में होने वाले स्ट्रोक, मिर्गी, ल्यूकोडिस्ट्रॉफी और एक्वायर्ड डिमायलिनेटिंग डिजीज जैसी गंभीर बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि इन बीमारियों की पहचान शुरुआती चरण में हो जाए, तो बच्चों का इलाज अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है और जटिलताओं को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में एम्स नई दिल्ली के डॉ. अतिन कुमार तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (निमहन्स) बेंगलुरु के डॉ. चंद्रजीत प्रसाद ने अपने अनुभव साझा किए। इसके अलावा, बेयर के क्षेत्रीय क्लिनिकल लीड डॉ. योगेश माने ने जांच के दौरान उपयोग होने वाले कॉन्ट्रास्ट पदार्थों से होने वाली एलर्जी या संवेदनशीलता की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों के लिए सुरक्षित जांच पद्धतियों, विकिरण सुरक्षा और आधुनिक तकनीकी प्रगति पर भी विशेष जोर दिया गया।

**गणना** प्रदेश के 8748 स्थानों पर की गई गिद्ध गणना, चट्टान व पेड़ों पर बैठे गिद्धों को किया गया चिह्नित

# ग्रीष्मकालीन गणना के पहले दिन प्रदेश में मिले 8810 गिद्ध


**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में इस बार गिद्धों की संख्या में इजाफा दर्ज किया जा सकता है। हर साल ग्रीष्म ऋतु में होने वाली गिद्धों की प्रदेश व्यापी गणना के पहले दिन शुक्रवार को मिले आंकड़े वन विभाग के अमले का उत्साह बढ़ाने वाले हैं। दरअसल तीन दिनों तक चलने वाली गिद्ध गणना के पहले ही दिन अमले ने प्रदेश के विभिन्न गिद्ध बाहुल्य क्षेत्रों में 8810 गिद्धों को चिन्हित किया है। चिन्हित किए गए गिद्धों में 7768 व्यस्क गिद्ध और 1042 किशोर गिद्ध हैं। वन विभाग का अमला दलबल के साथ पहले ही दिन प्रदेश के सभी 16 फॉरेस्ट सर्किल, 9 टाइगर रिजर्व, वन विकास निगम के क्षेत्रों के साथ ही अन्य संरक्षित क्षेत्रों में गिद्धों को खोजने निकला। इस दौरान अमले ने कुल 8,748 चिन्हित स्थानों पर अभियान चलाते हुए इन 8810 गिद्धों का अपने रिकॉर्ड में दर्ज किया है। प्रदेश में गिद्ध गणना अगले दो दिनों तक जारी रहेगी और रविवार को इसका समापन होगा। पहले दिन मिले आंकड़ों के आधार पर माना जा रहा है कि इस बार पूरे प्रदेश में गिद्धों की संख्या में अच्छा खास इजाफा दर्ज किया जाएगा और प्रदेश टाइगर स्टेट के साथ ही वल्चर स्टेट के रूप में भी अपनी पहचान देशभर में बनाएगा।

### वन विहार में बनाया गया कंट्रोल रूम स्टोर किए जा रहे आंकड़े

अभियान की मॉनिटरिंग और डेटा संकलन के लिए भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूप में वह डाटा सीधे पहुंच रहा है, जो एप के माध्यम से मैदानी कर्मचारियों द्वारा अपलोड किया जा रहा है। डिजिटल सिस्टम के सुचारू संचालन के लिए पहले ही मास्टर ट्रेनर्स और अशासकीय संस्थाओं को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका था। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो संपूर्ण डाटा 24 मई को अभियान समाप्त होने के बाद जारी किया जाएगा, जिससे पता लगेगा की इस साल मप्र में गिद्धों की संख्या में कितना इजाफा हुआ है। बता दें कि मप्र में गिद्ध गणना की शुरुआत साल 2016 में हुई थी। उस समय राच्य में 7,028 गिद्ध पाए गए थे। पिछले वर्ष 2025 में भी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन दोनों चरणों में गणना की गई थी, और इस साल (2026) का शीतकालीन सर्वे भी पूरा हो चुका है, लेकिन इस बार ग्रीष्म काल की गणना के पहले दिन मिले आंकड़े उत्साह बढ़ाने वाले हैं, जो गिद्ध संरक्षण के सकारात्मक परिणामों को दिखा रहे हैं।

### पारंपरिक तरीकों को छोड़ हाईटेक हुई गिद्ध गणना

इस बार वन विभाग द्वारा सटीक और पारदर्शी आंकड़े हासिल करने के लिए हाईटेक तरीके से गिद्ध गणना की जा रही है। आंकड़ों को संकलित करने के लिए एक एप विकसित किया गया है। जिससे गणना तेज और पारदर्शी तरीके से होती है। इससे समय की भी बचत होती है और आंकड़े भी सटीक मिलते हैं। इस गणना के लिए वन विभाग के अधिकारी पक्षी विशेषज्ञ, वैज्ञानिकों, छात्र और स्वयं सेवकों के साथ सूर्योदय से लेकर सुबह 9 बजे तक आंकड़ों के संकलन का काम करते हैं। इसके बाद गर्मी बढ़ने के चलते गिद्धों के सटीक आंकड़े मिलना मुश्किल हो जाता है। शुक्रवार को पहले चरण में टीम सीधे गिद्धों के घोंसलों और विश्राम स्थलों के पास पहुंची और आंकड़े इकट्ठे किए। सर्वे के दौरान केवल अपने आवास, चट्टानों और पेड़ों पर बैठे हुए आराम कर रहे गिद्धों व उनके नवजातों को ही गिनती में शामिल किया जा रहा है। आसमान में उड़ते हुए गिद्धों की गिनती नहीं की जा रही है, ताकि आंकड़ों में दोहराव (डबल काउंटिंग) न हो।



### जिम में चोरी करने वाली गैंग के आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** रातीबड़ थाना पुलिस ने जिम से चोरी और नकबजनी करने वाली गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गया जिम का सामान और वारदात में इस्तेमाल किया गया ऑटो भी जब्त कर लिया है। 16 मई को फरियादी ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 मई की सुबह जब वह जिम खोलने पहुंचा तो वहां से कई मशीनों और उपकरणों के पार्ट गायब थे। अज्ञात चोर करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए थे। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी की पहचान जंगल पारदी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथी रवि मारन के साथ मिलकर ऑटो से चोरी करना कबूल किया। आरोपियों ने चोरी का सामान कमला नगर निवासी लक्की खान उर्फ लईक नामक कबाड़ी को बेचने की बात भी स्वीकार की।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## आपदा की तरह लू से निबटने की जरूरत

हाल के दिनों में आसमान से बरसती आग से देश में जन-जीवन बुरी तरह झुलस रहा है। रोज तापमान बढ़ने के नए रिकॉर्ड सामने आ रहे हैं। ये असहनीय तापमान केवल स्वास्थ्य के लिए चुनौती मात्र नहीं है, बल्कि एक बड़ा आर्थिक संकट भी है। इस भीषण गर्मी में भी देश के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक काम करने के लिए एक तरह से मजबूर हैं। यदि वे ऐसा न करें तो उनके सामने आजीविका का संकट पैदा हो जाता है। एक बार स्कूल-कालेज तो लू के दौरान बंद किए जा सकते हैं, सरकारी व गैर सरकारी दफ्तरों में काम के घंटों में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर व निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को तो तपती दोपहरी व लू के बीच काम करने को मजबूर होना पड़ता है।

दरअसल, लू की मार जहां शारीरिक है, वहीं आर्थिक भी। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों की आजीविका और श्रम उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है। इस संकट को हाल के दिनों में हुई ईंधन की कीमतों की वृद्धि और महंगाई ने और बढ़ा दिया है। लोगों को सीमित संसाधनों में जीवन यापन को मजबूर होना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे घातक प्रभाव उस तबके को सहन करना पड़ता है जो 'रोज कुंआ खोदकर पानी पीने' को बाध्य है। एक दिन की कमाई से ही रात को उसके घर का चूल्हा जलता है। लू के निशाने पर वे अनौपचारिक श्रमिक हैं जो भारतीय आर्थिकी की रीढ़ है। सही मायनों में लू के खिलाफ लड़ाई को अब केवल एक मौसमी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या ही नहीं माना जा सकता है। धीरे-धीरे यह एक गंभीर आर्थिक चुनौती भी बनी है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस बाबत चेताते रहे हैं। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया था कि लू से उपजे हालात से भारत को सौ अरब डॉलर का नुकसान हुआ था।

इससे पहले वर्ष 2022 में विश्व बैंक ने चेतावनी दी थी कि भारत का तीन-चौथाई श्रमिक वर्ग लू से प्रभावित क्षेत्रों में काम करने को मजबूर है। अनुमान है कि लू के तनाव के कारण होने वाली विश्वव्यापी नौकरियों की कमी में भारत की हिस्सेदारी आधी हो सकती है। दरअसल, भारत में सबसे अधिक जोखिम वाले समूहों में निर्माण श्रमिक, खेतिहर श्रमिक, किसान, स्ट्रीट वेंडर और डिलीवरी एजेंट शामिल हैं। हालांकि, समय-समय पर केंद्र व राज्य सरकारों ने कार्य समय का पुनर्निधारण, छायादार विश्राम क्षेत्र बनाने, जलपान सुविधा, सुरक्षात्मक कपड़े और स्वास्थ्य निगरानी को लेकर एडवाइजरी जारी की है,लेकिन फिर भी संकट के दायरे को देखते हुए ये उपाय नाकाफी हैं। देखा जाए तो फिलहाल भारत में गर्मी के संकट से मुकाबले के लिये बनायी गई योजनाएं काफी हद तक अस्थायी रूप से राहत देने वाली हैं। वक्त की मांग है कि भीषण गर्मी वाले महीनों के लिये तत्काल व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए। ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो लू चलने के दौरान सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करे। इस साल के आरंभ में वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि भीषण गर्मी के दौरान चलने वाली लू को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल किया जाए। निस्संदेह, इस वर्गीकरण से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मिलने वाले धन का उपयोग लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने में मदद देगा। इसके अलावा लू के दौरान कई अन्य नकारात्मक प्रभाव भी देखने में आते हैं। मसलन इस समय बिजली व पानी की खपत अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। इससे निबटने के लिये मजबूत और सक्रिय तंत्र विकसित करने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से देश के नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों के सामने इस संकट से मुकाबले के लिये स्पष्ट विकल्प मौजूद हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि समय रहते निर्णायक रूप से अनुकूलन का तंत्र विकसित करें। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में अधिक मानवीय क्षति व आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

प्रसंगवश

## जनगणना में जातिविहीन बताने का भी विकल्प हो

सुप्रीम कोर्ट उस याचिका को रद्द करने के मामले में गलत नहीं है जिसमें जातिगत जनगणना – जो अभी चल रही 'जनगणना 2027' का हिस्सा है – रोकने की मांग की गयी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जातिगत गिनती के समर्थन में टिप्पणी करते हुए कि, 'आज किसी भी सरकार को यह पता होना चाहिए कि कितने लोग पिछड़े हैं और कितनों को कल्याण की जरूरत है।' अप्रैल 2025 में, नरेन्द्र मोदी सरकार ने एकदम से अपना रुख बदलते हुए ताजा जनगणना के साथ जाति गणना का एलान किया। यह 1931 के बाद ऐसी पहली गणना होगी। हालांकि इससे पहले इस विचार को 'अर्बन नक्सल' सोच की निशानी बताकर इसकी खिल्ली उड़ायी गई थी और कहा गया था कि ऐसे सर्वेक्षण हिंदू समाज को खंडित करने की कोशिशें हैं। कांग्रेस ने भी अपने ऐतिहासिक दृष्टिकोण को नाटकीय ढंग से बदलते हुए जातिगत जनगणना की मांग की थी। फिलहाल इस विवाद का एक और भी पहलू वो है जिसमे जनता को जाति संबंधी पहचान से मुक्त कराने बात की जा रही है। समाज का एक धड़ा यह नहीं चाहता कि लोगों का जाति के आधार पर वर्गीकरण हो। ऐसे मे सरकार को जनगणना मे ही ऐसा विकल्प भी देने की जरूरत है कि लोग अपनी मर्जी से खुद को जाति विहीन घोषित कर सके।


आजाद भारत की शुरुआती सरकारों ने जनगणना के साथ जाति गणना नहीं कराने का निर्णय लिया। तब प्रबल सोच यह थी कि जातीय समुदायों की गिनती कराने से वह जाति संस्था और मजबूत होगी जिसे राज्य छिन्न-भिन्न करना चाहता था। एक तरफ, राज्य की नीतियों ने एक जातिविहीन समाज के निर्माण की कोशिश की, जबकि दूसरी तरफ, विधायी प्रतिनिधित्व और रोजगार में सकारात्मक भेदभाव के लिए जातीय पहचानों को भी ध्यान में रखा। जाति को लेकर राष्ट्र के संस्थापक सिद्धांतों में रचे-बसे इस दोहरे दृष्टिकोण ने एक ऐसा विरोधाभास निर्मित किया है जो आज तक कायम है। जातिगत जनगणना कराने के लिए हो-हल्ला इसका ताजातरीन प्रकटीकरण है।

यद्यपि जनगणना में वैसे ही काफी विलंब हो चुका है। हर दस वर्ष पर होने वाला यह जनसंख्या सर्वेक्षण साल 2021 में ही होना था, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी और प्रबंध संबंधी बाधाओं के कारण इसमें देर हुई। जनगणना में देरी का असर सभी तरह की योजनाएं बनाने पर पड़ता है। जनगणना के दूसरे चरण में जाति गणना की जायेगी और इसमें हर व्यक्ति से उसकी जाति पूछी जायेगी। पूर्व की जनगणनाओं की तरह, इतना भर दर्ज नहीं किया जायेगा कि वे अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से आते हैं या नहीं। भारत में, राज्य की नीतियों का एक बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लक्षित समूह के जातीय प्रोफाइल से जुड़ा होता है। आजादी के बाद राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गिनती की एक कोशिश साल 2011 में हुई। इस सामाजिक-आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की ओपेन-एंडेड जातीय पहचान प्रक्रिया के फलस्वरूप जातियों के 46 लाख अलग-अलग नाम और 8 करोड़ डेटा त्रुटियां सामने आयीं, जिसने पूरे डेटासेट को इस्तेमाल के अयोग्य बना दिया। इसके ज्यादातर निष्कर्ष अब भी अप्रकाशित हैं। सरकार जातीय समुदायों की सटीक गिनती के लिए उपयुक्त तरीका तलाशने की चुनौती से अब भी जूझ रही है। जातिगत जनगणना जाति उन्मूलन के प्रयासों को धूमिल करती है क्योंकि यह पहचानों को और सख्त बनाती है। लेकिन अन्य सामाजिक-आर्थिक सूचकांकों के साथ देखने पर यह कल्याणकारी उपायों को बेहतर ढंग से लक्षित करने और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में मददगार है। जाति के खात्मे को एक लक्ष्य बनाये रखना होगा और लोगों को इस बात की इजाजत देनी होगी कि वे अगर चाहें तो खुद को जातिविहीन की श्रेणी में रख सकें।



## मांसपेशियां अपनी 'मेमोरी' में रखती है आपकी आदतें

"मांसपेशियों की अपनी खास 'मेमोरी' होती है, जिसे 'मसल मेमोरी' कहते हैं। वह दरअसल मांसपेशियों में संचित वे यादें हैं, जो बार-बार दोहराए जाने के कारण दिमाग से अलग भी सक्रिय रहती हैं।



● सीलिया हैरिस ●

कभी आपने सोचा है कि कुछ काम आप बगैर सोचे-समझे कैसे कर लेते हैं? जब आप साइकिल या कोई अन्य वाहन चलाना सीखते हैं, तो शुरुआत में तो आप संभल कर चलाते हैं, पर कुछ समय बाद जब आप इसमें प्रवीण हो जाते हैं, तब आपको अधिक दिमाग लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी तरह, कोई वाद्ययंत्र बजाना या फिर जूतों के फीते बांधना भी ऐसे ही काम हैं, जो बगैर दिमाग खर्च किए होते चले जाते हैं।

दरअसल, इस तरह के काम 'मसल मेमोरी' से जुड़े होते हैं, जो उन कामों या कौशल से संबंधित हैं, जिन्हें हम बिना ज्यादा सोचे-समझे करते हैं। तो क्या मांसपेशियों में सचमुच कोई याददाश्त होती है और इसमें दिमाग की क्या भूमिका होती है? इसके पीछे भी विज्ञान काम करता है। वैज्ञानिक ऐसी याददाश्त को 'मसल मेमोरी' के बजाय 'प्रोसीजरल मेमोरी' कहते हैं। हमेशा न सही, पर प्रोसीजरल मेमोरी में हमारे दिमाग के साथ-साथ मांसपेशियां भी शामिल होती हैं। शोध के अनुसार, ट्रेनिंग मांसपेशियों के विकास को तेज कर सकती है। ऐसा मांसपेशियों की कोशिकाओं के काम करने के तरीके या उनकी बनावट को बदलकर होता है। हालांकि, वैज्ञानिकों को अभी भी ठीक-ठीक नहीं पता कि यह सब कैसे काम करता है, पर ऐसा लगता है कि ये बदलाव मांसपेशियों को दिमाग की तरह यादें या जानकारी संजोने की अनुमति नहीं देते हैं। प्रोसीजरल मेमोरी ऐसी याददाश्त है, जो शब्दों के बजाय कामों पर आधारित होती है। यानी इसके जरिये आप जो हुनर सीखते हैं, उन्हें दूसरों के साथ साझा करना मुश्किल हो सकता है। जैसे, मान लीजिए कि आप किसी बच्चे को बाइक चलाना सिखा रहे हैं। अगर आप खुद बाइक पर बैठते हैं, तो सही समय पर हैंडलबार पकड़ना, बाइक पर चढ़ना, पैडल मारना आसान होता है। पर दूसरे व्यक्ति को यह प्रक्रिया समझाना मुश्किल होता है, खासकर तब, जब आप सिर्फ शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। शोध बताते हैं कि जब हम कोई नया हुनर सीखते हैं, तो शुरू में उसमें बहुत ज्यादा मेहनत लगती है। समय के साथ, ये हुनर काफी स्वाभाविक हो जाते हैं और शायद ही कुछ सोचते हैं, क्योंकि आप ऐसे काम कर रहे होते हैं, जिन्हें पहले भी कई बार कर चुके हैं।

हेल्थ अलर्ट

## क्या आप भी एसी कमरे में बैठे-बैठे चाय-कॉफी पीते हैं?



"अक्सर ऑफिस में बैठे-बैठे लोग चाय और कॉफी पीते रहते हैं। ये आदत कितनी खतरनाक है, जो धीरे-धीरे सेहत पर गंभीर असर डाल सकती है।

आज के समय में ऑफिस लाइफस्टाइल तेजी से बदल रही है, जहां लंबे समय तक एसी कमरे में बैठकर काम करना और बार-बार चाय-कॉफी पीना एक आम आदत बन चुकी है। शुरुआत में यह आदत सामान्य लगती है, लेकिन धीरे-धीरे यह सेहत पर असर डाल सकती है। शरीर में कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है। एसी में बैठे-बैठे ज्यादा कैफीन लेने से सेवन शरीर के तापमान संतुलन को भी बिगाड़ सकता है।

### नींद में कमी

एसी ऑफिस में लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर की प्राकृतिक एक्टिविटी कम हो जाती है। ऐसे में बार-बार चाय और कॉफी पीने से कैफीन का असर और बढ़ जाता है। इससे दिमाग देर तक एक्टिव रहता है और नींद का पैटर्न बिगड़ जाता है। रात में ठीक से नींद न आने के कारण अगले दिन थकान और सुस्ती और ज्यादा महसूस होती है।

### एसिडिटी और पाचन समस्या

एसी में ठंडे वातावरण के बीच बार-बार गर्म चाय-कॉफी लेने से पेट का तापमान और एसिड बैलेंस प्रभावित होता है। खाली पेट या लगातार सेवन करने से गैस, जलन और अपच की समस्या बढ़ सकती है। लंबे समय तक यह आदत पाचन तंत्र को कमजोर कर सकती है और भूख भी प्रभावित होती है।

### दिल पर अतिरिक्त दबाव

लगातार कैफीन लेने से हार्ट रेट बढ़ता है। एसी में लंबे समय तक बिना मूवमेंट के बैठना और साथ में चाय-कॉफी का ज्यादा सेवन दिल पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। इससे घबराहट, बेचैनी और हल्की सी हार्ट रेसिंग जैसी समस्या महसूस हो सकती है।

### तनाव और मानसिक थकान

ऑफिस स्ट्रेस के बीच बार-बार चाय-कॉफी पीने से शरीर अस्थायी एनर्जी तो पाता है, लेकिन बाद में कैफीन का असर खत्म होने पर ज्यादा थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होता है। यह 'कैफीन क्रैश' मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है और फोकस कम कर देता है।

### डिहाइड्रेशन और शरीर में सुस्ती

एसी वातावरण पहले से ही शरीर को डिहाइड्रेट कर सकता है, और ऊपर से ज्यादा चाय-कॉफी लेने से पानी की कमी और बढ़ जाती है। इससे सिर भारी लगना, त्वचा ड्राई होना और लगातार सुस्ती महसूस होना आम समस्या बन जाती है।

नया ट्रेंड



## युवाओं में नया क्रेज स्पिरिचुअल टूरिज्म

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, मानसिक तनाव और सोशल मीडिया की थकान के बीच लोग अब ऐसी जगहों की तलाश कर रहे हैं, जहां उन्हें मानसिक शांति और आत्मिक सुकून मिल सके।

स्पिरिचुअल टूरिज्म केवल धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह खुद को समझने, मानसिक शांति पाने और सकारात्मक ऊर्जा महसूस करने का एक तरीका बन चुका है। योग, मेडिटेशन, ध्यान और प्रकृति के बीच समय बिताकर युवा खुद को तनावमुक्त और बेहतर महसूस कर रहे हैं।

"एक समय था जब लोग दूर-दराज जगहों पर ट्रेकिंग करने जाते थे, या पार्टी के लिए पहाड़ों या समुद्र तटों पर जाते थे, लेकिन अब युवाओं के बीच स्पिरिचुअल टूरिज्म यानी आध्यात्मिक यात्रा का क्रेज बढ़ता जा रहा है।

स्पिरिचुअल टूरिज्म का मतलब ऐसी यात्राओं से है, जिसमें मंदिर, आश्रम, योग सेंटर, मेडिटेशन कैंप और प्राकृतिक शांत स्थानों की यात्रा शामिल होती है। आज के समय में यह केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रह गया है। अब युवा भी तनाव कम करने, डिजिटल डिटॉक्स और मानसिक संतुलन के लिए स्पिरिचुअल ट्रैवल को अपनाने लगे हैं।

### योग और मेडिटेशन का बढ़ता प्रभाव

योग और ध्यान अब सिर्फ फिटनेस का हिस्सा नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य का भी जरूरी साधन बन चुके हैं। स्पिरिचुअल टूरिज्म में लोग आश्रमों और योग केंद्रों में जाकर प्रैक्टिस करते हैं, जिससे शरीर और मन दोनों संतुलित रहते हैं। नियमित मेडिटेशन से एकाग्रता बढ़ती है, नींद बेहतर होती है और नकारात्मक विचार कम होते हैं। यही वजह है कि कई युवा अब छुट्टियों में भी योग रिट्रीट को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**लोकप्रिय स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन** :देश मे आजकल ऋषिकेश, वाराणसी, बोधगया, केदारनाथ , हरिद्वार, मथुरा, हरिद्वार में स्पिरिचुअल टूरिज्म काफी पोपुलर हो रहा है। इसके लिए ट्रैवल प्लानर भी कई तरह के पेकेज उपलब्ध करा रहे हैं।

### युवाओं में बढ़ रहा ट्रेंड

तेज रफ्तार जिंदगी में लगातार काम, पढ़ाई और जिम्मेदारियों के दबाव में रहते हैं। कॉर्पोरेट वर्क कल्चर, अनियमित दिनचर्या और सोशल मीडिया की ओवरलोडिंग के कारण मानसिक थकान आम हो गई है। ऐसे में स्पिरिचुअल टूरिज्म एक प्राकृतिक थेरेपी की तरह काम करता है। शांत वातावरण, मंदिरों की घंटियों की आवाज, गंगा किनारे बैठना या पहाड़ों की शांति व्यक्ति के मन को रिलैक्स करती है।

### डिजिटल डिटॉक्स

दिनभर मोबाइल, लैपटॉप और इंटरनेट से जुड़े रहते हैं, जिससे मानसिक थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ता है। स्पिरिचुअल टूरिज्म में लोग कुछ दिनों के लिए टेक्नोलॉजी से दूरी बनाते हैं और खुद के साथ समय बिताते हैं। बिना नोटिफिकेशन, बिना सोशल मीडिया के यह अनुभव व्यक्ति को मानसिक रूप से हल्का करता है। डिजिटल डिटॉक्स के दौरान लोग प्रकृति को महसूस करते हैं, अपने विचारों को समझते हैं और जीवन को नए नजरिए से देखने लगते हैं। यह आदत मानसिक संतुलन बनाए रखने में बहुत मददगार होती है।

उत्तराधिकार की बात

## संपत्ति में मां और बड़े बेटे का कितना है हक?

"आज के समय में हिन्दू संयुक्त परिवार केवल पारंपरिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण वित्तीय और टैक्स प्लानिंग टूल बन चुका है। उत्तराधिकार के नियम अब अधिक समावेशी हो गए हैं, जिसमें बेटियां भी कर्ता बन सकती हैं और संपत्ति अधिकार स्पष्ट किए गए हैं।

● मानसी वार्ष्णेय ●

भारत में टैक्स प्लानिंग और पारिवारिक संपत्ति के प्रबंधन के लिए हिन्दू अन डिवाइडेड फेमिली यानी एचयूएफ को लंबे समय से एक अहम वित्तीय व्यवस्था माना जाता है। खासतौर पर बिजनेस फैमिली और संयुक्त परिवारों में एचयूएफ का इस्तेमाल टैक्स बचत, संपत्ति प्रबंधन और उत्तराधिकार की योजना बनाने के लिए किया जाता है। लेकिन समय के साथ एचयूएफ से जुड़े कई नियम बदल चुके हैं, जिनकी जानकारी आज भी बहुत कम लोगों को है।



सबसे ज्यादा भ्रम इस बात को लेकर रहता है कि एचयूएफ में कर्ता कौन बन सकता है? क्या हमेशा परिवार का सबसे बड़ा बेटा ही कर्ता बनता है? साथ ही, मां या पत्नी की एचयूएफ संपत्ति में क्या हिस्सेदारी होती है? इन सवालों को लेकर अक्सर परिवारों में कानूनी और वित्तीय विवाद भी देखने को मिलते हैं। ईज़ीपे के को-फाउंडर और सीईओ शम्स तबरेज के अनुसार, एचयूएफ एक पारंपरिक व्यवस्था जरूर है, लेकिन इसमें उत्तराधिकार और संपत्ति अधिकारों को लेकर कानून समय के साथ काफी विकसित हुए हैं। ऐसे में परिवारों के लिए जरूरी है कि वे नए कानूनी प्रावधानों को सही तरीके से समझें।

### क्या सबसे बड़ा बेटा ही बनता है कर्ता?

शम्स तबरेज बताते हैं कि पहले एचयूएफ में कर्ता का पद परिवार के सबसे बड़े पुरुष सदस्य को दिया जाता था। लेकिन अब कानूनी स्थिति बदल चुकी है। हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 में 2005 के संशोधन के बाद बेटियों को भी सह-अंशधारी, यानी परिवार की संयुक्त संपत्ति में जन्मसिद्ध अधिकार रखने वाला सदस्य का समान अधिकार मिल गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि अब परिवार का सबसे वरिष्ठ सह-अंशधारी, चाहे वह बेटा हो या बेटी, कर्ता बन सकता है। यदि परिवार की सबसे बड़ी संतान बेटी है, तो वह भी एचयूएफ की कर्ता बनने की पात्र है। अब कर्ता बनने का आधार केवल पुरुष होना नहीं, बल्कि सह-अंशधारी अधिकार होना है। इस बदलाव ने एचयूएफ व्यवस्था को पहले की तुलना में अधिक समावेशी बना दिया है।

### मां की भूमिका

एचयूएफ में मां या पत्नी की भूमिका को लेकर भी लोगों के बीच काफी भ्रम रहता है। तबरेज के अनुसार, मां एचयूएफ की सदस्य जरूर होती है, लेकिन सामान्य परिस्थितियों में वह सह-अंशधारी, यानी परिवार की संयुक्त संपत्ति में जन्मसिद्ध अधिकार रखने वाला सदस्य नहीं मानी जाती, जब तक कि वह जन्म से उस एचयूएफ का हिस्सा न रही हो। इस वजह से मां को एचयूएफ संपत्ति में जन्मसिद्ध अधिकार नहीं मिलता, जैसा बेटा या बेटी को मिलता है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि मां का कोई अधिकार नहीं होता। अगर एचयूएफ संपत्ति का बंटवारा होता है या कर्ता की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार की प्रक्रिया शुरू होती है, तो मां को बराबर हिस्सेदारी मिल सकती है। वह परिवार की एक महत्वपूर्ण हितग्राही मानी जाती है।

### उत्तराधिकार के दौरान किन बातों का रखें ध्यान?

पर्सनल फाइनेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि एचयूएफ उत्तराधिकार को लेकर स्पष्ट योजना बनाना बेहद जरूरी है। कई बार दस्तावेजों की कमी या कानूनी जानकारी न होने के कारण परिवारों में विवाद पैदा हो जाते हैं। एक्सपर्ट सलाह देते हैं किः एचयूएफ डीड और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड हमेशा अपडेट रखें। परिवार के सदस्यों और हिस्सेदारी की जानकारी स्पष्ट हो। कर्ता के चयन और संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता बनाए रखें। व्यक्तिगत संपत्ति और एचयूएफ संपत्ति को अलग-अलग समझें। जरूरत पड़ने पर वसीयत और उत्तराधिकार प्लानिंग जरूर करें

### जरूरी है सही जानकारी

आज के समय में एचयूएफ केवल पारंपरिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण वित्तीय और टैक्स प्लानिंग टूल बन चुका है। ऐसे में उत्तराधिकार से जुड़े नियमों की सही समझ परिवारों को भविष्य के कानूनी विवादों और वित्तीय असमंजस से बचाने में मदद कर सकती है।

बॉलीवुड चर्चा

### जीनत ने इंस्टाग्राम पर लिखा लंबा नोट, अपनी शादीशुदा जिंदगी के मुश्किल दौर के बारे में भी खुल कर बात की



## 'मैं अपनी निजी जिंदगी से भागना चाहती थी'- जीनत अमान

"80 के दौर की दिग्गज अभिनेत्री ज़ीनत अमान अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी से जुड़े दिलचस्प किस्से साझा करती रहती हैं। इस बार उन्होंने अपने दिवंगत पति मजहर खान के साथ रिश्ते में आई दरारों और उस दौर की मानसिक स्थिति पर खुलकर बात की।



जीनत ने इंस्टाग्राम पर अपनी 1988 की फिल्म गवाही के सेट का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया। पोस्ट के साथ उन्होंने लंबा नोट लिखते हुए बताया कि उस समय उनकी शादीशुदा जिंदगी मुश्किल दौर से गुजर रही थी। उन्होंने लिखा, 'गवाही की शूटिंग 1988 में हुई थी। उस समय मेरे बड़े बेटे अज़ान का जन्म हो चुका था और दूसरे बेटे जहान के आने से पहले का वक्त था। मेरे करियर के शिखर पर मैंने घरेलू सुख की जो तस्वीर सोची थी, वह धीरे-धीरे टूटने लगी थी। उन्होंने कहा, 'एक समय था जब मैं अपनी प्रोफेशनल लाइफ से दूर जाना चाहती थी, लेकिन अब मैं अपनी निजी जिंदगी से भागना चाहती थी। मैं खुद को सिर्फ बेटी, मां या पत्नी से अलग पहचानना चाहती थी।'


### मजहर खान के साथ रिश्ते पर खुलासा

ज़ीनत अमान ने पुराने इंटरव्यू में मजहर खान के साथ अपने रिश्ते की मुश्किलों के बारे में भी बात की थी। उन्होंने बताया था कि मजहर प्रिस्क्रिप्शन ड्रग्स और पेनकिलर्स के आदी हो गए थे। उन्होंने कहा, 'वह खुद को नुकसान पहुंचा रहे थे और मैं यह सब देखकर टूट रही थी। डॉक्टरों ने चेतावनी दी थी कि उनकी किडनी फेल हो सकती है, लेकिन उन्होंने दवाइयां लेना नहीं छोड़ा। ज़ीनत ने बताया कि उन्होंने बहुत संघर्ष के बाद रिश्ते से अलग होने का फैसला लिया। 'मैंने उन्हें छोड़ा जरूर, लेकिन तब भी उनकी परवाह करती थी। यह फैसला मेरे लिए आसान नहीं था। यह मेरी खुद की सुरक्षा का सवाल बन गया था।' उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अलग होने के बाद मजहर के परिवार ने उन्हें अंतिम विदाई तक नहीं देने दी।

**ज़ीनत अमान की शादी** : ज़ीनत अमान ने 1978 में अभिनेता संजय खान से शादी की थी, लेकिन यह रिश्ता 1979 में खत्म हो गया। इसके बाद उन्होंने 1985 में अभिनेता-निर्देशक मजहर खान से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे अज़ान और जहान हैं। 1998 में किडनी फेल होने के कारण मजहर खान का निधन हो गया।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 42.2 | 27.2 |
| इंदौर | 41.4 | 27.0 |
| जबलपुर | 44.0 | 26.0 |
| ग्वालियर | 43.7 | 30.2 |

**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 43.3 | 29.3 |
| मुंबई | 34.5 | 29.0 |
| चेन्नई | 42.5 | 23.6 |
| कोलकाता | 35.2 | 29.8 |

सूर्यास्त 6:58 PM
चन्द्रोदय 11.05 PM
सूर्योदय 5:37 AM
चन्द्रास्त 12:00 AM

# सात सदियों के बाद भोजशाला में शुक्रवार को शंखनाद, पूजा भी हुई

## काली पट्टी बांधकर घरों में हुई नमाज, सुरक्षा में लगे 2000 जवान



**जागरण, धार।** प्रसिद्ध भोजशाला में करीब सात सदियों पर शुक्रवार को नजारा बदला हुआ नजर आया, जब शुक्रवार के दिन भोजशाला में शंखनाद गूंजा और घंटे व मंजीरों के साथ पूजा-अर्चना की गई। हिंदू समाज के लोगों ने पूरे दिन भोजशाला में हवन-पूजन के बीच महाआरती भी की। इस बदले माहौल को शांति पूर्ण बनाए रखने पुलिस और जिला प्रशासन को खासी मशक्कत करना पड़ी। भोजशाला परिसर सहित पूरे शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल अस्त्र-शस्त्रों के साथ तैनात रहा। वहीं हाईकोर्ट के फैसले पर नाराजगी जताते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर अपने घरों और अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की। हाईकोर्ट ने पिछले शुक्रवार 15 मई को बड़ा फैसला सुनाते हुए भोजशाला को वाग्देवी का मंदिर और शिक्षा का केंद्र माना है। इसके साथ ही प्रतिदिन यहां पारंपरिक ढंग से पूजा-पाठ की अनुमति भी दी है। साथ ही शुक्रवार को नमाज पढ़ने की एएसआई की पुरानी व्यवस्था भी खत्म कर दी। माना जाता है कि भोजशाला में करीब वर्ष 1305 के बाद से ही हर शुक्रवार को नमाज पढ़ी जा रही थी। हाईकोर्ट के फैसले के बाद पहले शुक्रवार को लेकर हिंदू समाज व भोजशाला से जुड़ी समितियों ने दिन भर के कई कार्यक्रम रखे थे। इसके तहत भोज उत्सव समिति ने वाग्देवी की पूजा करने सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। दोपहर में महाआरती की गई तो हवन शाला में भी अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। साथ ही भोजशाला आंदोलन में जान गंवाने वाले कार सेवकों के परिजन का वाग्देवी मंदिर में सम्मान किया गया।

### दोनों पक्षों ने दिखाया सद्भाव

शुक्रवार को दोनों समुदाय ने शांति व्यवस्था बनाए रखने का काम किया। पहले तो भोज उत्सव समिति ने अपना जुलूस रद्द कर दिया। समिति ने शहर भर में जुलूस निकालकर भोजशाला पहुंचने का कार्यक्रम बनाया था। मगर बाद में इसे निरस्त कर सीधे भोजशाला में ही कार्यक्रम किया। वहीं मुस्लिम समाज ने भी अदालत के फैसले को सम्मान देते हुए अपने घरों और दूसरी मस्जिदों में ही नमाज अदा की। हालांकि 700 सालों की परंपरा टूटने पर विरोध जताते हुए काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। साथ ही अपनी दुकानें भी बंद रखीं। शहर काजी वकार सादिक ने भी कहाकि जब सुप्रीम कोर्ट से राहत और स्टे मिलेगा, तब मुस्लिम समाज सम्मान के साथ पहले की तरह नमाज अदा करेगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय शांति और सौहार्द बनाए रखें। शहर हमारा अपना है, इसलिए अमन और भाईचारे को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं पुलिस ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे शहर को छावनी बना दिया था। करीब 2000 जवान शहर भर में तैनात थे। भोजशाला के अंदर और आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई थी। किसी को भी एक जगह पर खड़े नहीं होने दिया। 8 विशेष सुरक्षा कंपनियों के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ), पैरामिलिट्री फोर्स, एसडीईएफ, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) घुड़सवार पुलिस शामिल रहे। जिला प्रशासन भी लगातार शहर में सक्रिय रहा।

# सिवनी : जेठ ने नवविवाहिता पर कुल्हाड़ी से हमला कर ली जान

## पति का आरोप दुष्कर्म की कोशिश का विरोध करने पर मार डाला

**जागरण, सिवनी।** प्रदेश के सिवनी जिले के खजरी गांव में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी ने उसकी गर्दन, पेट, हाथ और कमर पर इतने वार किए कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद से आरोपी जेठ फरार है।



घंसौर पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान 23 साल की सरिता मरकाम के रूप में हुई है, उसका विवाह महज 13 दिन पहले 10 मई को खजरी गांव के बबलू मरकाम से हुआ था। घर में शादी की खुशियों का माहौल के बीच ही हुए खूनी खेल ने पूरे परिवार की खुशियां उजाड़ दी। पति बबलू मरकाम ने पुलिस के समक्ष आरोप लगाया कि भाई ने घर का दरवाजा बंद कर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने कुल्हाड़ी उठाई और ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम अब्बू लाल मरकाम (35 वर्ष) है। वह सनकी और आपराधिक प्रवृत्ति का है। एक मामले में जेल भी जा चुका है। मृतका की भानजी पिंकी इस वारदात की चश्मदीद गवाह है। मामी को खून से लथपथ देख पिंकी उन्हें बचाने घर के भीतर से हंसिया लेकर बाहर दौड़ी और चिल्लाकर सबको बुलाया। हालांकि, परिजनों के पहुंचने तक आरोपी फरार हो चुका था।

**आरोपी को तलाश रही टीम :** हत्याकांड की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल को पूरी तरह सील कर वहां का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी के अनुसार, पुलिस आरोपी के मानसिक बीमारी के दावे सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार जंगलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# बांधवगढ़ पर्यटन क्षेत्र में मृत चीतल को नोचते दिखे कुत्ते, जांच के आदेश

**जागरण, उमरिया।** प्रदेश के प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पर्यटन क्षेत्र में कुत्तों द्वारा एक मृत चीतल को नोचने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग में हड़कंप



मच गया। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने मामले की जानकारी मिलते ही जांच के निर्देश दिए हैं। यह घटना उमरिया स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मगधी पर्यटन जोन की बताई जा रही है। सफारी के दौरान पर्यटकों ने सड़क किनारे एक मृत चीतल को देखा, जिसके पास चार से पांच कुत्ते उसे नोच रहे थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद वन्यजीव प्रेमियों ने इसे वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि पर्यटन और कोर क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की उपस्थिति वन्यजीवों में संक्रमण और बीमारियों का कारण बन सकती है। इससे टाइगर रिजर्व के पारिस्थितिकी तंत्र पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और अधिकारियों को पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ताला, मगधी और खितौली तीन कोर जोन हैं, जहां सफारी संचालित होती है। इसके अतिरिक्त, परासी, पचपेड़ी और ज्वालामुखी तीन बफर गेट भी पर्यटकों के लिए सफारी की सुविधा प्रदान करते हैं।

# पन्ना में कुएं में मिला मादा तेंदुए का शव

**जागरण, पन्ना।** प्रदेश के पन्ना जिले में एक मादा तेंदुए का शव गहरे कुएं में मिला है। घटना उत्तर वन मंडल के देवेंद्र नगर रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीट बृजपुर



(कंपार्टमेंट नंबर-99) में सामने आई। तेंदुए का शव हटूपुर डूंगरिया पहाड़ के पास स्थित प्राण कृष्ण मित्र और राधा कृष्ण मित्र के निजी खेत में बने सिंचाई के कुएं में तैरता मिला। शुक्रवार को कुएं की रखवाली करने वाले चौकीदार मानिक लाल के पिता रामदास पाल ने सबसे पहले शव को देखा। रामदास पाल ने तत्काल इसकी सूचना बृजपुर बीट गार्ड बसंत लाल वर्मा को दी। बीट गार्ड ने बिना देरी किए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और स्वयं मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम के प्रारंभिक मुआयने के अनुसार, शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना लग रहा है। अनुमान है कि तेंदुआ तीन-चार दिन पहले कुएं में गिर गया और बाहर न निकल पाने के कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। इतने दिनों तक पानी में रहने के कारण शव फूल गया है।

# ग्वालियर : नवविवाहिता के फांसी लगाने के दो दिन बाद दूल्हा भी फंदे पर लटका

## 25 दिन पहले शादी, केवल 5 दिन साथ रहे नवदंपत्ति का आत्मघाती कदम



**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में नवदंपत्ति के रिश्तों का ऐसा अंत हुआ, जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। नई नवेली दुल्हन ने अपने मायके में फांसी लगाकर जान दे दी। पत्नी की मौत के दूसरे दिन ही पति का शव भी घर के बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद मुरार और गोला का मंदिर पुलिस ने मौका मुआयना किया लेकिन पुलिस को किसी भी घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश में मोबाइल फोन और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाल रही है। मुरार पुलिस के मुताबिक, हुरावली लिंक रोड स्थित गेरू वाले बंगले के पास रहने वाली 23 साल की मेघा उर्फ ज्योति की शादी 25 दिन पहले पिंटो पार्क कुंज विहार कॉलोनी फेस-1 निवासी सिद्धार्थ कांदिल से धूमधाम से हुई थी। परिजनों के मुताबिक, शादी के बाद मेघा खुश थी। शादी के 25 दिनों में पति-पत्नी सिर्फ 5 दिन ही साथ रह पाए थे। मेघा 1 मई को अपने मायके आ गई थी। बुधवार को मेघा के पिता एक रिश्तेदार की गमी में गए हुए थे। घर में मेघा और उसकी मां गीता मौजूद थीं। दोपहर में जब मां पहली मंजिल पर बने कमरे में पहुंचीं, तो मेघा दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। घटना की सूचना मिलने पर मुरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए भेजा गया।

**सदमे में पति ने भी दी जान :** मेघा की मौत के दो दिन बाद शुक्रवार को उसके पति सिद्धार्थ कांदिल का शव भी घर में मिला। सिद्धार्थ पेशे से ठेकेदार था। वह पत्नी की मौत के बाद से मानसिक तनाव में था। शुक्रवार को जब सिद्धार्थ के पिता परमाल सिंह ने उसे कमरे में नहीं देखा, तो तलाश शुरू की गई। बाथरूम अंदर से बंद था। संदेह होने पर भतीजे श्यामवीर को बुलाया। दरवाजा तोड़ने पर सिद्धार्थ का शव साफी के फंदे से जंगले पर लटका मिला। सूचना मिलने पर गोला का मंदिर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के सामने बोले विधायक शाक्य**

# गुना हमारी जागीर, किसी को धंसने नहीं देंगे



**जागरण, गुना।** अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में चर्चाओं में रहने वाले गुना विधायक फिर एक बार चर्चाओं में हैं। शुक्रवार को जिले में भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल गुना पहुंचे। इस दौरान भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि मैं तो यहीं रहूंगा। यही है जागीर अपनी गुना की तो। और किसी को थोड़ी धंसने देंगे। एक निजी होटल में आयोजित प्रशिक्षण के पहले दिन खंडेलवाल ने पहला सत्र लिया और वर्ग में भाग ले रहे कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, रीति नीति से अवगत कराया। कार्यक्रम स्थल पर लगाई प्रदर्शनी का फीता काटने के दौरान गुना विधायक पन्नालाल शाक्य पीछे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने पूछा कि विधायक जी कहां रह गए, तो पन्नालाल शाक्य बोले - मैं तो यहीं रहूंगा। यही है जागीर अपनी गुना की तो। और किसी को थोड़ी धंसने देंगे।

# दतिया में नाबालिग से दो बार दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जागरण, दतिया।** प्रदेश में दतिया के बसई थाना में किशोरी से युवक ने दो बार दुष्कर्म की वारदात की। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में किशोरी ने बताया कि आरोपी युवक ने पहले सुनसान रास्ते में उसे पकड़कर दुष्कर्म किया और फोटो वीडियो बना लिए। बाद में फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा वारदात को अंजाम दिया। युवक ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के मुताबिक करीब दो माह पहले वह दोपहर के समय खेत पर जा रही थी। इसी दौरान वीरू अहिरवार पीछे से आया और उसका मुंह दबाकर पास की झाड़ियों में ले गया। वहां आरोपी ने दुष्कर्म किया। किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी ने थप्पड़ मारे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। डर और बदनामी के भय से किशोरी ने यह बात किसी को नहीं बताई। इसके बाद फिर आरोपी ने पीड़िता को रास्ते में रोक लिया और फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा दुष्कर्म किया। घटना के बाद किशोरी ने घर पहुंचकर अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। परिजनों ने पहले सामाजिक बदनामी के डर से शिकायत नहीं की, लेकिन आरोपी लगातार धमकी देता रहा।

**फोटो वायरल करने और पिता को मारने की धमकी देकर की वारदात**

# भिंड के रेत कारोबारी की इंदौर में हत्या, चार गोलियां मारी



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। आरोपियों की चार गोलियां निशाने पर लगीं। आधी रात गोलियों की धांय-धांय से इलाके में दहशत फैल गई। हमले के बाद युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पूरी घटना लसूडिया क्षेत्र की गुलाब बाग कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाले अभयेंद्र सिंह तोमर की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस आस-पास के चश्मदीदों से पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम को पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दिया है।

**हत्या के मामले में जमानत पर था कारोबारी**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 237/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 22.05.2026

निविदा सूचना 194 का संशोधन

दिनांक 21.05.2026 को प्रकाशित निविदा क्रमांक 194 का कार्य का नाम :- **सी.एम. हाउस भोपाल के वेटिंग एरिया, मीटिंग हॉल, एकांन्त हॉल हेतु फर्नीचर एवं रिनोवेशन का कार्य** के स्थान पर **सी.एम. निवास कार्यालय भोपाल के वेटिंग एरिया, मीटिंग हॉल हेतु फर्नीचर एवं रिनोवेशन का कार्य** पढ़ा जावें।
कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125954/2026 कार्यपालन यंत्री

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
होर्डिंग शाखा
द्वितीय तल, मुख्यालय अटल भवन, सेकेण्ड स्टॉप, तुलसी नगर, लिंक रोड नं-2, भोपाल (म.प्र.)
Email-parkingcell2015@gmail.com

क्र 898/हो.शा./2026 :: ई- निविदा आमंत्रण सूचना :: भोपाल, दिनांक : 22/05/2026

नगर पालिक निगम, भोपाल 'पोल कियोस्क पैकेज क्र. POLEKIOSK002 के अंतर्गत चिन्हित स्ट्रीट लाइट पोलों पर विज्ञापन बोर्ड (पोल कियोस्क) की स्थापना एवं विज्ञापन के अधिकार प्रदान करने हेतु एजेंसी के चयन हेतु ई-निविदा' (E-TENDER For Engagement of Agency for Construction of Advertisement Board (Pole Kiosk) on Selected Street Light Poles And Award Of Advertisement Rights for Pole Kiosk Package No. POLEKIOSK002) के अंतर्गत ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करता है:-

| क्र. | पोल कियोस्क पैकेज क्र. | निविदा क्र. | पैकेज में सम्मिलित पोलो की संख्या | न्यूनतम वार्षिक ऑफसेट राशि रू. | 5% निक्षेप निधि (EMD) राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | POLEKIOSK002 | 2026_UAD_509620_1 | 250 | 35,56,026/- | 1,77,801/ |

निविदा से संबंधित समस्त जानकारी ई-निविदा पोर्टल www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है । निविदा से संबंधित समस्त संशोधन (Corrigendum) ऑनलाइन टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे तथा इस संबंध में किसी समाचार पत्र में संशोधित विज्ञप्ति (Corrigendum) प्रकाशित नहीं की जाएगी।

नि.क्र. 213/026/027
उपायुक्त
नगर निगम, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक-2
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जल विहार कालोनी, कोलार रोड, भोपाल
ई मेल eephedcp2bpl@mp.gov.in
निविदा क्र. 33,34,35,36,37,38,39,40 / का.यं./रा. परि. खण्ड - 2 / लोस्वायांवि / भोपाल दिनांक - 19/05/26

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED_508460 | Repairing of damaged manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line at Section No.3 of Sub Div. No.5 PHED Bhopal | 8,00,027=00 | 16,001=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 2 | 2026_PHED_508461 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line near Patra Sewage Pump House Bhopal | 6,76,506=00 | 13,530=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 3 | 2026_PHED_508462 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at E-5, Arera colony, Section No. 1 Network Area Bhopal | 7,33,201=00 | 14,664-00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 4 | 2026_PHED_508463 | Replacement of 300 mm dia RCC sewer line with reconstruction of damaged manhole chamber i/c de silting and cleaning of manholes and sewer line at Section No. 2 of Sub Div. 5, Bhopal | 7,98,954-00 | 15,979=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 5 | 2026_PHED_508464 | Cleaning and De silting work of Facultative Pond No. 1 at Kotra Sewage Treatment Plant, Bhopal | 7,19,712=00 | 14,394-00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 6 | 2026_PHED_508465 | Replacement of 600 mm dia DI Pumping main sewer line i/c construction of air valve chamber near Gnadhi Nagar Oxidation Pond under Sub Division No. 05 PHED Bhopal | 8,62,377=00 | 17,248=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 7 | 2026_PHED_508466 | Providing and laying of 300 mm dia RCC sewer line i/c cleaning and de silting of manholes and sewer line at Section No. 4 of Sub Div. No. 5 Bhopal | 9,20,931=00 | 18,419=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |
| 8 | 2026_PHED_508467 | Repairing of damaged manhole chamber with cleaning of manholes and sewer line at E-1, Arera colony, Section No. 1 Network Area Bhopal. | 6,30,718=00 | 12,614=00 | 2,000=00 | 30 Days Including rainy season |

- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
- निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
- निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 03/06/2026 है।

जी-13270/26
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार
कार्यपालन यंत्री
राजधानी परियोजना खण्ड क्र.-2.
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

**बिजनेस प्लस**

# आचार्य बालकृष्ण आईएम पीसकीपर चैंपियन हेल्थ अवार्ड से सम्मानित



**हरिद्वार।** योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा के पथ-प्रदर्शक आचार्य बालकृष्ण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक और प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया। मुंबई में आयोजित वैश्विक बिलीयोनरी फॉर पीस कान्क्लेव में उन्हें आईएम पीसकीपर चैंपियन हेल्थ अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान विश्व शांति, मानवता, स्वास्थ्य सेवा और वैश्विक कल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि एक स्वस्थ मानव ही शांतिपूर्ण समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। आयुर्वेद मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानवता को संतुलित, निरोग और सकारात्मक जीवन की दिशा प्रदान करने वाला विज्ञान है। भारत सदैव वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का प्रतिनिधित्व करता आया है। यह प्रतिष्ठित आयोजन आईएम पीसकीपर अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विश्वभर में शांति, न्याय, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस वैश्विक पहल से नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, उद्योगपति, नीति निर्माता, सामाजिक चिंतक और विभिन्न देशों के आध्यात्मिक नेता जुड़े हुए हैं। सम्मेलन में विश्व शांति और मानव कल्याण को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श हुए तथा अनेक अंतरराष्ट्रीय हस्तियों ने भाग लिया। आचार्य बालकृष्ण को मिला यह सम्मान न केवल पतंजलि परिवार के लिए गौरव का विषय है, अपितु यह भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा और वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद के बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति, योग और आयुर्वेद की बढ़ती प्रतिष्ठा प्रदर्शित करती है कि आने वाला समय प्राकृतिक चिकित्सा, समग्र स्वास्थ्य और मानवीय मूल्यों का है।

## ओप्पो ने लांच किये अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन



**मुंबई।** ओप्पो ने भारत में अपने नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन OPPO Find X9s और OPPO Find X9 Ultra लॉन्च किए हैं। फाइंड एक्स 9एस सनसेट ऑरेंज, लैवेंडर स्काई और मिडनाईट ग्रे रंगों में, जबकि फाइंड एक्स9 अल्ट्रा टुंड्रा अंबर और केनयन ऑरेंज में उपलब्ध होगा। बिक्री 28 मई से शुरू होगी। फाईंड एक्स9 अल्ट्रा में 200MP कैमरा, 10X ऑप्टिकल जूम, 8K वीडियो रिकॉर्डिंग, 6.82-इंच QHD+ AMOLED डिस्प्ले और Snapdragon 8 Elite Gen 5 प्रोसेसर दिया गया है। 7050 mAh बैटरी के साथ यह फोन प्रीमियम फोटोग्राफी और फ्लैगशिप परफॉर्मेंस का अनुभव प्रदान करता है।

# राजभाषा हमारी संस्कृति और जनता से जुड़ने का सीधा माध्यम: पांडे

**नागपुर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) के तत्वावधान में शुक्रवार को छमाही बैठक एवं हिंदी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नराकास (का-2) के अध्यक्ष एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स



लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमन्त शरद पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज कुलश्रेष्ठ, महानियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, बिक्रम घोष, निदेशक (वित्त/ मासं), प्रमोद सांगोले, सहायक निदेशक (राजभाषा) उपस्थित रहे। डब्ल्यूसीएल के महाप्रबंधक (मा.सं./औद्योगिक संबंध एवं राजभाषा प्रमुख) ललित प्रकाश तिर्की ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रास्ताविक संबोधन दिया। डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी प्रतिभागियों को दैनिक कामकाजी जीवन में हिंदी के गौरव को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजभाषा कोई थोपा गया नियम या संवैधानिक बाध्यता नहीं है। यह हमारे गौरव, हमारी संस्कृति और हमारे देश की जनता से जुड़ने का सबसे सीधा माध्यम है। जब हम जनता की भाषा में काम करते हैं, तो शासन और जनता के बीच की दूरी समाप्त हो जाती है।

## सितारे जमीन पर का टेलीविजन प्रीमियर 31 मई को सोनी मैक्स पर




**मुंबई।** सितारे जमीन पर का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 31 मई, रविवार दोपहर 1 बजे सोनी मैक्स पर होगा। आमिर खान अभिनीत यह भावनात्मक स्पोर्ट्स ड्रामा परिवार, अपनापन और 'सबका अपना नॉर्मल' जैसे संदेशों को खूबसूरती से पेश करता है। फिल्म की कहानी बास्केटबॉल कोच गुलशन अरोड़ा के सफर पर आधारित है, जिसे न्यूरोडाइवर्जेंट खिलाड़ियों की टीम को ट्रेन करना पड़ता है। जेनेलिया डिसूज़ा भी अहम भूमिका में हैं। थिएटर और डिजिटल सफलता के बाद अब यह फिल्म टीवी पर पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और प्रेरणा का खास अनुभव लेकर आ रही है।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

232 ▲ 75,415

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Trent | 4,314.90 | 3.02% |
| Shriram Finance | 944.25 | 2.87% |
| Axis Bank | 1,288.80 | 2.56% |
| ICICI Bank | 1,270.80 | 1.73% |
| Wipro | 205.40 | 1.69% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Max Healthcare | 1,011.00 | -6.22% |
| Sun Pharma | 1,833.10 | -2.47% |
| ITC | 301.00 | -2.06% |
| ONGC | 289.40 | -1.98% |
| Power Grid Corp | 293.55 | -1.75% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 95.6900 |
| € यूरो | 111.04 |
| ¥ येन | 0.6015 |
| £ पौंड | 128.49 |

# आरबीआई सरकार को देगा रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपए का लाभांश

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को रिकॉर्ड 2.87 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने की घोषणा की। इस फैसले से पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ते आयात बिल और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बीच सरकारी खजाने को मजबूत सहारा मिलेगा। यह अधिशेष वित्त वर्ष 2024-25 के 2.69 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 6.7 प्रतिशत अधिक है, जो केंद्रीय बैंक की मजबूत आय स्थिति को दर्शाता है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि जोखिम प्रावधान और वैधानिक कोष में हस्तांतरण से पहले उसकी शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 3.96 लाख करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 लाख करोड़ रुपये थी।

केंद्रीय बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च, 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई, जो उसकी परिसंपत्तियों और देनदारियों में उल्लेखनीय विस्तार को दर्शाती है। भारतीय रिजर्व बैंक की और से जानकारी देते हुए बताया गया कि 'मौजूदा वृहद-आर्थिक परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और पर्याप्त जोखिम बफर बनाए रखने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय निदेशक मंडल ने 2025-26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये सीआरबी में डालने का निर्णय लिया। यह एक साल पहले के 44,861.70 करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक है।'




### जंग के कारण राजकोषीय दबाव पड़ने की आशंका

आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में जोखिम प्रावधान और वैधानिक फंड में ट्रांसफर से पहले आय 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 3,13,455.77 करोड़ रुपये थी। आरबीआई का बैलेंसशीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने की भी चुनौती है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग की वजह से राजकोषीय दबाव पड़ने की आशंका है। पश्चिम एशिया संकट के चलते ऊर्जा, उर्वरक और अन्य जिंसों की कीमतों में तेज वृद्धि होने से भारत का आयात व्यय बढ़ गया है। साथ ही डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने से आयात और भी महंगा हो गया है। भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरत का करीब 88 प्रतिशत आयात के जरिए पूरा करता है।

### बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी घटी

बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी 21 मई को घटकर 58,876.29 करोड़ रुपये रह गई, जो 20 मई को 1.51 लाख करोड़ रुपये थी। हालांकि, प्रणाली में सरप्लस कैश में तेज गिरावट आने के बावजूद एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले बैंकों की तरफ से मांग कम रही लेकिन नकदी मांग 21 मई को हुई पिछली नीलामी की तुलना में अधिक रही। नकदी सरप्लस में कमी आने से 24 घंटे की अवधि वाले कर्ज पर वसूले जाने वाले ब्याज की दरों में तेज वृद्धि देखी गई है।

# वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल सप्लायर बना

**वेनेजुएला, जेएनएन।** रूस और संयुक्त अरब अमीरात मई में भारत के टॉप दो क्रूड सप्लायर बने रहे, जबकि सऊदी अरब कम शिपमेंट के कारण वेनेजुएला से पीछे रह गया। भारतीय रिफाइनर सस्ते हेवी क्रूड की तरफ जा रहे हैं। वेनेजुएला का क्रूड खास तौर पर गुजरात में रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिफाइनरी जैसी कॉम्प्लेक्स रिफाइनरियों के लिए सही है, जो भारी और हाई-सल्फर क्रूड ग्रेड को अच्छे से प्रोसेस कर सकती है। मई 2026 में अब तक भारत का तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल सप्लायर बन गया है, जिसने सऊदी अरब और अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने चल रहे वेस्ट एशिया संघर्ष से जुड़ी दिक्कतों के बीच सस्ते हेवी क्रूड की खरीद बढ़ा दी है। दक्षिण अमेरिकी देश ने इस महीने भारत को लगभग 417,000 बैरल प्रति दिन सप्लाई की, जो अप्रैल में 283,000 बीपीडी से काफी ज़्यादा है और पिछले नौ महीनों के दौरान ज़ीरो सप्लाई की तुलना में ज़्यादा है। यह उछाल तब आया है जब अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला के तेल एक्सपोर्ट पर लगी रोक हटा दी थी। केप्लर में लीड एनालिस्ट-रिफाइनिंग निखिल दुबे ने कहा, भारतीय खरीदारों ने ऐतिहासिक रूप से वेनेजुएला के बैरल में उनकी आकर्षक इकोनॉमिक्स और कॉम्प्लेक्स रिफाइनिंग सिस्टम के साथ कम्पैटिबिलिटी की वजह से गहरी दिलचस्पी दिखाई है। मई में भारत का कुल क्रूड इंपोर्ट महीने-दर-महीने 8 परसेंट बढ़कर 4.9 मिलियन बैरल प्रति दिन हो गया, हालांकि ईरान युद्ध से रीजनल शिपिंग रूट में रुकावट आने से पहले फरवरी में दर्ज 5.2 मिलियन बैरल प्रति दिन से इंपोर्ट अभी भी कम था। सऊदी अरब की भारत को सप्लाई अप्रैल में 670,000 बीपीडी से मई में लगभग आधी होकर 340,000 बीपीडी हो गई, जिसका मुख्य कारण एनालिस्ट्स ने सऊदी क्रूड की एग्रेसिव प्राइसिंग बताया। होर्मुज स्ट्रेट में रुकावटों ने भारत की तेल सोर्सिंग को बदल दिया है।



### रूसी क्रूड भारत के तेल इंपोर्ट की रीढ़

भारतीय रिफाइनर कमजोर खाड़ी सप्लाई को पूरा करने के लिए रूस, वेनेजुएला, ब्राजील, पश्चिम अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज स्ट्रेट तक पहुंचना मुश्किल हो जाने के बाद से भारत ने अपनी क्रूड सोर्सिंग स्ट्रैटेजी में काफी बदलाव किया है। रूसी क्रूड भारत के तेल इंपोर्ट की रीढ़ बना हुआ है, मई में लगभग 1.9 मिलियन बैरल प्रति दिन का फ्लो होने का अनुमान है। रूसी सप्लाई होर्मुज से जुड़े जोखिमों से बाहर है।

## कोलगेट-पामोलिव इंडिया का लाभ चौथी तिमाही में घटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टूथपेस्ट समेत दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कोलगेट-पामोलिव इंडिया लि. का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली घटकर 353.32 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले साल 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 355 करोड़ रुपये था।


**कल्याण सिंह अतिविशिष्ट कैंसर संस्थान**
सी.जी. सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226002
वेबसाईट: https://cancerinstitute.edu.in, ई-मेल: jdmm.sscih@gmail.com

**जेम बिड सूचना**

सूचित किया जाता है कि जेम बिड्स संदर्भ संख्या नं.0 निम्नवत् है-

| Sr.No. | Name of Items | Bid No. & Date | Pre-bid Meeting Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Pest and Animal Control Service | GEM/2026/B/7568968 Dated 22.05.2026 | 26.05.2026 15:00 |

उपरोक्त बिड जेम पोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी इच्छुक सेवाप्रदाताओं से निविदा की शर्तों के अनुसार जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की जाती है। निदेशक, के.एस.एस.एस.सी.आई., लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिडो को किसी भी स्तर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट www.cancerinstitute.edu.in पर उपलब्ध है।

Advt No:- KSSSCI/Tender-03/2026-27 निदेशक


# आयात शुल्क बढ़ने से देश में कम हो सकती है सोने की मांग

**मुंबई, जेएनएन।** आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद देश में वर्ष 2026 के दौरान सोने की मांग 50-60 टन घट सकती है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम होगी। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने यह बात कही है। डब्ल्यूजीसी ने भारत के स्वर्ण बाजार पर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा, पूरे वर्ष 2026 को देखें तो आभूषण, सोने की छड़ और सिक्कों की संयुक्त मांग में लगभग 50-60 टन की कमी आ सकती है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत कम होगी। इसका मुख्य कारण आयात शुल्क में बढ़ोतरी है। सोने पर आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। यह अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी मानी जा रही है और इससे जुलाई 2024 में की गई शुल्क कटौती पूरी तरह समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लोगों से एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने की अपील की है।



### कीमत, आय और मानसून मांग को प्रभावित करेंगे

रिपोर्ट में कहा गया कि सोने की कीमत, आय स्तर में बदलाव, मुद्रास्फीति और मानसून जैसे अन्य कारक भी सालाना मांग को प्रभावित करेंगे। डब्ल्यूजीसी ने कहा, हमारे आर्थिक मॉडल बताते हैं कि आयात शुल्क में बदलाव का असर अल्पकाल और दीर्घकाल दोनों में सोने की मांग पर पड़ता है। हालांकि, इसका प्रभाव आभूषण और निवेश उत्पादों जैसे सोने की छड़ तथा सिक्कों पर अलग-अलग होता है। निवेश मांग शुल्क बदलाव के प्रति अधिक संवेदनशील होती है, जबकि आभूषण मांग अपेक्षाकृत अधिक स्थिर रहती है। डब्ल्यूजीसी के अनुसार, आभूषणों की मांग पर कीमतों और मुद्रास्फीति का अधिक असर पड़ता है, जबकि आयात शुल्क का प्रभाव अपेक्षाकृत कम होता है। इसका कारण यह है कि विवाह और सामाजिक आयोजनों के लिए आभूषणों की खरीद अक्सर आवश्यक मानी जाती है। वहीं, निवेश मांग आय स्तर और आयात शुल्क से जुड़ी होती है। अधिक शुल्क और पाबंदियां आमतौर पर मांग को प्रभावित करती हैं। परिषद ने कहा कि अल्पकाल में मुद्रास्फीति और मानसून जैसे कारक भी निवेश मांग को प्रभावित करते हैं। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि आयात आंकड़े यह दर्शाते हैं कि आयात शुल्क में वृद्धि और अनधिकृत या तस्करी के जरिये आने वाले सोने के प्रवाह के बीच सीधा संबंध रहा है।

# 4 दिन बंद रहेगा एसबीआई, हड़ताल स्थगित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहकों को अपने ऐसे काम निपटा लेने चाहिए जिनके लिए बैंक ब्रांच जाकर काम करवाना जरूरी होता है। 23 मई, 2026 से बैंक की शाखाएं लगातार छह दिनों तक बंद रह सकती हैं। एसबीआई की शाखाएं वीकेंड (शनिवार-रविवार) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से ईद-उल-अजहा (बकरीद) के लिए घोषित दो-दिन की छुट्टी के कारण चार दिनों तक बंद रहने की उम्मीद है। आरबीआई के छुट्टियों के कैलेंडर के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में बकरीद (27 और 28 मई) के मौके पर बैंक दो दिनों तक बंद रहेंगे। एसबीइआई बैंक की शाखाएं 23 मई को शनिवार और 24 मई को रविवार होने के कारण बंद रहेंगी, हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहते हैं। एसबीआई कर्मचारियों की 25-26 मई को




**प्रस्तावित हड़ताल बातचीत के बाद स्थगित :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को हुई 'सकारात्मक बातचीत' के बाद टाल दिया गया है। एसबीआई ने कहा कि हड़ताल के टल जाने के बाद उसकी शाखाएं 25 और 26 मई को सामान्य रूप से खुली रहेंगी और सभी बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी। बैंक ने अपने 52 करोड़ ग्राहकों के लिए जारी परामर्श में कहा कि 25-26 मई को अखिल भारतीय एसबीआई कर्मचारी महासंघ (एआईएसबीआईएसएफ) द्वारा प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है।


**मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश**
पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल. - 462008

क्रमांक:-/291/आ.प्र./2026 — भोपाल, दिनांक:- 21/05/2026

**ई-निविदा सूचना**

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बलत्र मध्य प्रदेश, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्नलिखित प्रशिक्षण हेतु आनलाईन ई-निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | उपकरण का नाम | संख्या | निविदा क्रमांक/दिनांक | निविदा डाउनलोड/जमा प्रारंभ करने की तिथि/ | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | laptop all in one desktop printer and projecter | - | 2026_HCDDM_505981_1 | 21-05-2026 18:00 बजे | 10-06-2026 15:00 बजे | 11-06-2026 15:30 बजे |

1. Cost of tender documents (Tender Fee) is non-refundable and cannot be exempted in any condition.
2. The Tender should be submitted online on website https://www.mptenders.gov.in in favour of Divisinol Commandant MP, Bhopal within scheduled date and time. Tender fees and EMD should be deposited online through the website.
3. Tender documents are also available on the website of Homeguard (www.homeguard.mp.gov.in) for ready reference.

होमगार्ड मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

(संगीता डी कुमार)
डिवीजनल कमांडेण्ट
एसडीईआरएफ मुख्या. (म.प्र.)

जी-13237/26 — पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



खंड -I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
मध्य प्रदेश शासन
**कार्यालय - कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल, भोपाल मध्यप्रदेश**
ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 22.05.2026

1. कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमडंल, भोपाल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अनुमानित मात्रा | अनुमानित राशि | सत्यांकार राशि | निष्पादन सुरक्षा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बोल्डर | 40 cmt. | 6100000 | 125000 | 125000 |
| 2. | 3 एमएमएस वेल्डेड मेस अपरचर 2x2 inch | 50 kg. | | | |
| 3. | पेवर ब्लाक 40mm | 100 sqft. | | | |
| 4. | गार्डन बेंच (सीमेन्ट) | 20 nos | | | |
| 5. | गार्डन बेंच (लोहा) | 20 nos | | | |
| 6. | काली मिट्टी | 8000 cmt. | | | |
| 7. | गोबर खाद (कच्चा) | 4000 cmt. | | | |
| 8. | गोबर खाद (पका हुआ) | 1100 cmt. | | | |
| 9. | पोलीथीन बैग्स size 15x25 | 400 kg. | | | |
| 10. | पोलीथीन बैग्स size 20x30 | 500 kg. | | | |
| 11. | पोलीथीन बेग्स जमाने हेतु शीट | 600 kg. | | | |
| 12. | मुरम | 800cmt | | | |
| 13. | गिट्टी 40mm | 100 cmt. | | | |
| 14. | कर्व स्टोन | 5000 nos | | | |

2 निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
3 इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 22.05.2026 शाम 6.00 बजे से दिनांक 12.06.2026 शाम 6.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
4 ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
5 ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
6 ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी,
पर्यावरण वानिकी वनमंडल
भोपाल

जी-13230/26 — पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार


## सेंट्रल बैंक में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

**मुंबई, जेएनएन।** सरकार ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में ऑफर फॉर सेल के जरिए अपनी 8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया। इस ओएफएस के लिए सरकार ने फ्लोर प्राइस 31 प्रति शेयर तय किया है, जो बैंक के गुरुवार के क्लोजिंग प्राइस 33.94 से 8.5 प्रतिशत से ज्यादा के डिस्काउंट पर है। इस फैसले के बाद शुक्रवार 22 मई को बाजार में सेंट्रल बैंक के शेयर में 5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट है। ये 32 रुपए के करीब ट्रेड कर रहा है। एक महीने में ये 13त्न से ज्यादा टूटा है। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, यह ओएफएस नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए 22 मई 2026 को खुलेगा।

### सेंसेक्स 232 अंक चढ़कर 75,415 पर बंद हुआ

**मुंबई, जेएनएन।** आज यानी शुक्रवार, 22 मई को सेंसेक्स 232 अंक (0.31त्न) की तेजी के साथ 75,415 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 65 अंकों (0.27त्न) की तेजी रही, ये 23,719 पर पहुंच गया। आज के कारोबार में बैंक और मेटल शेयरों में खरीदारी रही।


6 माइल, सामदुर, तादोंग-737102
गंगटोक, सिक्किम, भारत
फोन-03592-251212, 251415, 251656
टेलीफैक्स-251067
वेबसाइट-www.cus.ac.in

**सिक्किम विश्वविद्यालय**
**SIKKIM UNIVERSITY**

6th Mile, Samdur,Tadong-737102
Gangtok, Sikkim, India
Ph. 03592-251212, 251415, 251656
Telefax: 251067
Website- www.cus.ac.in

(भारत के संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित और नेक (एनएएसी) द्वारा वर्ष 2015 में प्रत्यायित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A central university established by an Act of Parliament of India in 2007 and accredited by NAAC in 2015)

SU/REG/Acad/F-1/13/2026/Vol-I/ — दिनांक : 23.05.2026

**प्रवेश सूचना**

सिक्किम विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निम्नलिखित विभागों/केन्द्रों में स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा की है।

1. मानवशास्त्र (एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
2. भूटिया (एमए)
3. वनस्पति विज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)
4. रसायनिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
5. चीनी (एफ़वाईयूजी, एमए, पीएच.डी)
6. वाणिज्य (एम. कॉम,)
7. कंप्यूटर अनुप्रयोग (एमसीए, पीएच.डी)
8. अर्थशास्त्र (एमए, पीएच.डी)
9. शिक्षा (एमए, एम. ईडी, पीएच. डी)
10. अंग्रेजी (एमए, पीएच.डी)
11. भूगोल (एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
12. भूविज्ञान (एससीपीएच.डी and एससी in ईएनविएस.)
13. हिन्दी (एफवाईयूजी, एमए पीएच.डी)
14. इतिहास (एमए, पीएच.डी)
15. उद्यानिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
16. अंतर्राष्ट्रीय संबंध (एमए)
17. विधि (एलएलएम)
18. लेप्चा (एमए)
19. पुस्तकालय विज्ञान (एम.एल.आई.एससी.)
20. लिम्बू (एमए)
21. प्रबंधन (एमबीए)
22. जनसंचार (एमए)
23. गणित (एम.एससी, पीएच.डी)
24. सूक्ष्म जीव विज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)
25. संगीत (एफवाईयूजी, एमपीए, पीएच.डी)
26. नेपाली (एमए, पीएच.डी)
27 शांति एवं द्वंव द्वंव अध्ययन एवं प्रबंधन (एमए, पीएच.डी)
28. भौतिकी (एम.एससी, पीएच.डी)
29. राजनीति विज्ञान (एमए)
30. मनोविज्ञान (एफवाईयूजी, एमए/एम.एससी, पीएच.डी)
31. समाजशास्त्र (एमए)
32. पर्यटन (एमटीटीएम, पीएच.डी)
33. प्राणी विज्ञान (एम.एससी, पीएच.डी)
34. बौद्ध अध्ययन केंद्र (बौद्ध अध्ययन में एमए)

सिक्किम विश्वविद्यालय में प्रमाणपत्र, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी अंक अनिवार्य है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण हेतु लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.cus.ac.in पर 25 मई 2026 से 10 जून, 2026 (मध्य रात्रि तक) तक उपलब्ध रहेगा। (प्रमाणपत्र और स्नातक कार्यक्रमों के लिए सीयूईटी परिणामों के विलंब से प्रकाशन के कारण पंजीकरण तिथियों में कोई भी बदलाव विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा)। पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट (https:// www.cus.ac.in) पर 25 मई से 10 जून 2026 (मध्य रात्रि तक) उपलब्ध रहेगा। प्रवेश के लिए पात्रता, सीटों की संख्या, प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश कैलेंडर, शुल्क संरचना, पीएचडी के लिए साक्षात्कार की तिथि के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यक्रम विवरणिका को देखने की सलाह दी जाती है।

CBC 21318/11/0001/2627 — REGISTRAR



**कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन**

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन
**(online) निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्र./शि.वि./2026/877 — उज्जैन दिनांक :-20/5/26

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम. पी. गवर्मेंट व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल के एस.ओ.आर. 02.08.2021 अनुसार सिरियल क्र. 1 व 2 का टेण्डर फार्म मूल्य 1000/-, सिरियल क्र. 3 व 12 का टेण्डर फार्म मूल्य 2000/- एवं सिरियल क्र. 13 का टेण्डर फार्म मूल्य 5000/- रहेगा।

सिरियल क्र. 1 से 13 तक का ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 04.06.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 04.06.2026 समय 17:30 रहेगी। सिरियल क्र. 1 से 13 तक का की ऑनलाईन निविदा दिनांक 05.06.2026 समय 18:00 बजे खोली जावेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी रु. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_484673_3 | वार्ड क्र. 44 अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पेवर ब्लॉक रिफिक्सिंग कार्य। | 84,111/- | 1685/- | 30 दिन |
| 2 | 2026_UAD_475149_1 | कोठी रोड पर सौंदर्यीकरण तथा पेंटिंग कार्य। | 84,129/- | 1685/- | 30 दिन |
| 3 | 2026_UAD_489408_2 | वार्ड क्र. 42 वर्जिन मेरी स्कूल से बालाजी कोचिंग क्लासेस तक नाली निर्माण। | 16,99,864/- | 12750/- | 90 दिन |
| 4 | 2023_UAD_298906_15 | वार्ड क्र. 44 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली तथा पुलिया निर्माण। | 11,06,057/- | 22150/- | 60 दिन |
| 5 | 2025_UAD_418353_6 | वार्ड क्र. 44 अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण कार्य। | 16,94,380/- | 33900/- | 60 दिन |
| 6 | 2026_UAD_495365_2 | वार्ड क्र. 45 विद्यानगर में नाली निर्माण कार्य। | 13,04,703/- | 9800/- | 60 दिन |
| 7 | 2026_UAD_495391_2 | वार्ड क्र. 45 अंतर्गत महाकाल सिंधी कॉलोनी की गली में नाली तथा सी.सी. निर्माण एवं गेट निर्माण कार्य। | 865,592/- | 8700/- | 60 दिन |
| 8 | 2025_UAD_418398_5 | वार्ड क्र. 46 अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण कार्य। | 16,94,380/- | 33900/- | 60 दिन |
| 9 | 2026_UAD_495423_2 | वार्ड क्र. 52 दमदमा स्थित पंकज कुरील जी की गली में नाले पर चेम्बर निर्माण। | 847,458/- | 8500/- | 60 दिन |
| 10 | 2026_UAD_495452_2 | वार्ड क्र. 52 दमदमेश्वर सामुदायिक भवन के पास नाली तथा क्रॉसड्रेन निर्माण। | 18,40,160/- | 13810/- | 90 दिन |
| 11 | 2026_UAD_484821_3 | माधवनगर अस्पताल के सामने नाली तथा क्रॉसड्रेन निर्माण कार्य। | 12,70,941/- | 9550/- | 60 दिन |
| 12 | 2025_UAD_443670_6 | ग्रैण्ड होटल परिसर के पीछे से मुख्यमार्ग तक नाली निर्माण कार्य। | 1693783/- | 5720/- | 60 दिन |
| 13 | 2026_UAD_491916_2 | वार्ड क्र. 45 नारायणपुरा में G+1 कम्युनिटी हॉल निर्माण कार्य। | 37,44,132/- | 28100/- | 180 दिन |

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साईसुदर्शन (गुजरात) | 638 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 616 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 606 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 24 |
| कगीसो रबाडा (गुजरात) | 24 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 21 |

## बाउंड्री मीटर



1290 छक्के
2077 चौके
138 अर्धशतक

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 100 छक्के हो गए हैं। वे सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए। पाटीदार ने 50 पारियों में यह कारनामा कर शिवम दुबे (59 पारी) को पीछे छोड़ दिया।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.783 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.695 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.524 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 | 0.083 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 | 0.227 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 | 0.011 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.345 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.871 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.510 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.702 |

# हार के बावजूद आरसीबी क्वालिफायर-1 में

## मैच 67: क्लासेन, किशन और अभिषेक की विस्फोटक पारियां हैदराबाद को टॉप 2 में नहीं पहुंचा सकीं

जेएनएन, हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को आईपीएल के 67वें मैच में 55 रन से जीत हासिल की, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने से नहीं रोक सकी। हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56) की आक्रामक बल्लेबाजी, इशान किशन (79) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत चार विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। आरसीबी को शीर्ष दो में रहने के लिए 166 रन बनाने थे और पहले स्थान पर रहने के लिए 176 रन बनाने थे। रजत पाटीदार की टीम ने दोनों ही लक्ष्य हासिल कर लिए। पाटीदार ने 56 रन और क्रुणाल पंड्या की नाबाद 41 रन की पारी ने यह सुनिश्चित कर दिया कि हार के बावजूद आरसीबी के लिए स्थिति समस्याजनक न बने। आरसीबी अब क्वालिफायर-1 में 26 मई को गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। इसके बाद टॉप 3 टीमें 18 अंकों पर बराबरी पर रहीं। गुजरात पहले और तीसरे स्थान पर मौजूद टीमों के बीच रही। आखिरकार फैसला नेट रन रेट से हुआ कि कौन सी टीम क्वालिफायर-1 खेलेगी और किसे एलिमिनेटर में उतरना पड़ेगा। जैकब बेथेल और फिल सॉल्ट की अनुपस्थिति में वेंकटेश अय्यर को विराट कोहली के साथ ओपनिंग करने के लिए भेजा गया। दोनों बल्लेबाजों के बीच सिर्फ चार ओवर में ही 45 रनों की साझेदारी हुई। पावरप्ले तक आरसीबी की टीम 75 रन बना चुकी थी। हालांकि तब तक वेंकटेश के अलावा विराट भी पवेलियन लौट चुके थे। वेंकटेश को इशान मलिंगा ने आउट किया, जबकि युवा साकिब को विराट का ड्रीम विकेट मिला। इसके बाद नौवें ओवर में देवदत्त पडिक्कल भी पवेलियन लौट गए, लेकिन तब तक टीम का स्कोर 94 हो चुका था। वहां से क्रुणाल और पाटीदार टीम के स्कोर को 178 तक ले गए। इस दौरान पाटीदार ने धीमा, लेकिन अच्छा अर्धशतक लगाया। अंत में आरसीबी की टीम ने 20 ओवर में 200 रन बनाए।




■ रिकॉर्ड छठवीं बार हैदराबाद ने आईपीएल में 250 से अधिक स्कोर बनाया। आरसीबी और पंजाब तीन-तीन बार यह कारनामा कर सयुंक्त दूसरे नंबर पर हैं।

■ क्लासेन (606) आईपीएल के एक सीजन में चौथे नंबर या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 600 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले रिषभ पंत ने दिल्ली के लिए खेलते हुए 2018 में 579 रन बनाए थे। राजस्थान के रियान पराग ने 2024 में टीम के लिए 573 रन बनाए थे। मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 2013 में 538 रन बनाए थे।

■ हैदराबाद की तरफ से अभिषेक, किशन और क्लासेन इस आईपीएल में 500 से अधिक रन बना चुके हैं। आईपीएल में दूसरी बार ऐसा हुआ है, जब किसी टीम के तीन बल्लेबाजों ने एक ही सीजन में 500 या उससे अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले यह कारनामा शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ने 2025 के सीजन में गुजरात के लिए किया था।

■ 281वां मैच यह विराट कोहली का था। विराट अब रोहित शर्मा (280) को पीछे छोड़ आईपीएल में सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। तीसरे नंबर पर एमएस धोनी (178) हैं।

### स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद: 255/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का. फॉक्स बो. सुयश | 56 | 22 | 4 | 5 |
| ट्रेविस हेड बो. सलाम | 26 | 16 | 5 | 0 |
| किशन का. पडिक्कल बो. सलाम | 79 | 46 | 8 | 3 |
| क्लोसन का. वेंकटेश बो. क्रुणाल | 51 | 24 | 2 | 5 |
| नीतीश कुमार नाबाद | 29 | 12 | 1 | 3 |

**अतिरिक्त:** 14, **कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 255 रन, **विकेट पतन:** 1-45, 2-97, 3-210, 4-255, **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर 4-0-51-0, हेजलवुड 4-0-55-0, रसिख 4-0-52-2, सुयश 3-0-36-1, शेफर्ड 3-0-37-0, क्रुणाल 2-0-24-1.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: 200/4 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेंकटेश का. अभिषेक बो. मलिंगा | 44 | 19 | 4 | 4 |
| कोहली का. स्मरण बो. साकिब | 15 | 11 | 2 | 0 |
| पडिक्कल का. अभिषेक बो. मलिंगा | 21 | 14 | 2 | 1 |
| रजत पाटीदार का. स्मरण बो. हेड | 56 | 39 | 6 | 1 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 41 | 31 | 5 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 15 | 7 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त:** 8, **कुल:** 20 ओवर में चार विकेट पर 200 रन, **विकेट पतन:** 1-60, 2-74, 3-94, 4-178, **गेंदबाजी:** पैट कमिंस 4-0-48-0, इशान मलिंगा 4-0-33-2, शिवांग कुमार 2-0-32-0, साकिब हुसैन 4-0-31-1, हर्षल पटेल 4-0-37-0, नीतीश रेड्डी 1-0-10-0, ट्रेविस हेड 1-0-7-1.

### लखनऊ के लिए घर पर सम्मान बचाने की लड़ाई, मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से

# पंजाब किंग्स के पास प्लेऑफ की दावेदारी का आखिरी मौका, लखनऊ पर बड़ी जीत की जरूरत

जेएनएन, लखनऊ

लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को इस निराशा को भुलाकर आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले छह मैच जीते थे, लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब पहले सात मैचों में छह जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी, लेकिन लगातार छह हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब पांचवें स्थान पर काबिज पंजाब को न केवल अपने अंतिम लीग मैच में लखनऊ को हराना होगा, बल्कि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए रविवार के दो मैचों (मुंबई बनाम राजस्थान और कोलकाता बनाम दिल्ली) के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम चाहेगी कि राजस्थान और कोलकाता दोनों ही अपने-अपने मैच हार जाएं। अगर राजस्थान की टीम मुंबई को हरा देती है, तो पंजाब की उम्मीदें आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी, वहीं अगर कोलकाता की टीम दिल्ली को हरा देती है, तो मामला नेट रन रेट पर अटक सकता है। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से थोड़ा बेहतर है। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो इस सत्र में उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। वह पिछले 10 मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल करने के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गया है। एलएसजी ने अपने घरेलू स्टेडियम में हाल में आरसीबी और सीएसके को हराया था और उसकी टीम इसी प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी।



**हेड टू हेड:** दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मुकाबलों में कांटे की टक्कर हुई है, जिसमें पंजाब को चार, जबकि लखनऊ को तीन मुकाबलों में जीत मिली है। वहीं लखनऊ में हुए दोनों टीमों के बीच तीन मुकाबलों में भी पंजाब को दो, जबकि लखनऊ को एक जीत मिली है।

### अर्शदीप और चहल होंगे पंजाब के मुख्य हथियार

टी-20 के दिग्गज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल के लिए यह सीजन मिला जुला रहा है। जहां अर्शदीप ने 9.78 की इकॉनमी से रन देते हुए 13 मैचों में 14 विकेट लिए हैं, वहीं चहल के नाम भी 11 पारियों में सिर्फ 10 विकेट हैं और उन्होंने भी 9.72 के रन रेट से रन दिया है। हालांकि लखनऊ के खिलाफ इन दोनों गेंदबाजों की लय में वापसी हो सकती है। एडन मार्करम को अर्शदीप 19 टी-20 पारियों में सात बार आउट कर चुके हैं, जबकि मार्करम उन पर सिर्फ 117 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श को भी अर्शदीप ने आठ पारियों में तीन बार अपना शिकार बनाया है, जबकि मार्श भी अर्शदीप के खिलाफ 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। निकोलस पूरन भी अर्शदीप का दो टी-20 पारियों में शिकार हुए हैं, वहीं अब्दुल समद अगर खेलते हैं, तो वह भी पांच पारियों में दो बार अर्शदीप की गेंदों पर पवेलियन लौट चुके हैं। आयुष बदोनी, अर्शदीप के खिलाफ पांच पारियों में सिर्फएक ही बार आउट हुए हैं, लेकिन बदोनी का स्ट्राइक रेट उनके खिलाफ सिर्फ 111 का रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पाक टीम में तीन नए खिलाड़ी

### तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे 30 मई को

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाजिर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफात मिन्हास ने कुछ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। नाजिर और गाजी गोरी टीम में दो विकेटकीपर हैं। तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद दो और चार जून को लाहौर में मैच खेले जाएंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। अनुभवी खिलाड़ियों बाबर आजम, नसीम शाह और शादाब खान ने टीम में वापसी की है। फखर जमां और साइम अयूब चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे।

**पाकिस्तान टीम:** शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), सलमान अली आगा, अब्दुल समद, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, माज सदाकत, गाजी गोरी, नसीम शाह, रोहेल नाजिर, फरहान, शादाब खान, शमील हुसैन, सुफयान मोकिम।

## मलेशिया मास्टर्स में अश्मिता का सफर थमा

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21, 18-21, 11-21 से हार गईं। चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली।



## खेल एक नजर

### जिनेवा ओपन: भांबरी-वीनस की जोड़ी पुरुष युगल के फाइनल में



**जेनेवा, जेएनएन।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ जिनेवा ओपन के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की पेत्र रिक्ल और एडम पावलासेक की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर इस सत्र का अपना पहला एटीपी फाइनल सुनिश्चित किया। भारतीय-न्यूजीलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सेमीफाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

### रुतुराज गायकवाड़ पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने बयान में कहा कि धीमी ओवर गति से जुड़ी आचार संहिता के तहत चेन्नई का यह इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए गायकवाड़ पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा इंपैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है।

### चोटिल रघुवंशी आईपीएल से बाहर

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए हैं। रघुवंशी को सिर में चोट (कन्कशन) के साथ बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर है। उन्हें यह चोट मुंबई के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले के दौरान कैच लेने की कोशिश में लगी। केकेआर ने कहा कि मुंबई के खिलाफ 20 मई को मैच के दौरान कैच लेने की कोशिश में रघुवंशी को कन्कशन और बाएं हाथ की एक उंगली में फ्रैक्चर हुआ, जिसके चलते वह 2026 आईपीएल से बाहर हो गए हैं। तीन बार की आईपीएल चैंपियन केकेआर अभी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है।

## विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और नौ टी-20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा कि मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है, ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा।



## रोनाल्डो ने दो गोल दागकर सऊदी अरब में खिताब का सूखा खत्म किया



**रियाद, जेएनएन।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है। पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा। अल-हिलाल ने 34 मैचों के सत्र में अजेय रहने के बावजूद दूसरा स्थान हासिल किया। सादियो माने और किंग्सले कोमन के गोल से अल नासर ने दूसरे हाफ में बढ़त बना ली, जिसके बाद रोनाल्डो ने सत्र के लीग में अपने 27वें और 28वें गोल दागे।

## रोइंग: मध्यप्रदेश की महिला टीम बनी ओवरऑल चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 48वीं जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित 7 पदक अर्जित किए। इसमें 2 रजत एवं 3 कांस्य पदक शामिल हैं। मप्र ने महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। यह चैंपियनशिप गोरखपुर में 17 से 21 मई तक आयोजित की गई थी। सिंगल स्कल्स में संतोष यादव ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। कॉक्सलेस पेयर में जिज्ञासा रेगर एवं स्नेहा कालमे की जोड़ी ने खिताब जीता। डबल स्कल्स में प्रियंका एवं वंशिका साहू की जोड़ी ने रजत पदक अपने नाम किया। कॉक्सलेस फोर में पूनम, प्रतीक्षा, मेघा लवारिस एवं प्रतिज्ञा चिकाने की टीम ने कांस्य प्राप्त किया। डबल स्कल्स में तनिष एवं रिषभ जोशी की जोड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया। कॉक्सलेस फोर में राज कारिया, श्लोक डांगी, हरिओम वर्मा एवं अरुण गुर्जर की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। कॉक्सलेस पेयर स्पर्धा में अयान एवं अनुराग ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## एमपीएल: रॉयल निमाड़ ईगल्स ने शुरू किया हाई-परफॉर्मेंस कैंप



**भोपाल, खेप्र।** रॉयल निमाड़ ईगल्स ने मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 के लिए अपने हाई-परफॉर्मेंस कैंप की शुरुआत कर दी है। तीन जून से इंदौर में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए आईसेक्ट इंडिया समूह की पुरुष क्रिकेट टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स के खिलाड़ी कड़ी मेहनत और आधुनिक प्रशिक्षण के माध्यम से खुद को तैयार कर रहे हैं। यह कैंप खिलाड़ियों को शारीरिक, तकनीकी और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। टीम इस लीग में कप्तान सारांश जैन एवं उप कप्तान हिमांशु मंत्री के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी। टीम में स्टार खिलाड़ी कुमार कार्तिकेय सिंह, आनंद सिंह बैस, प्रणित पाटीदार, पारुष मंडल, पुष्कर विश्वकर्मा, प्रारब्ध मिश्रा, शिवांश चतुर्वेदी, कनिष्क दुबे, धर्मेश पटेल, कार्तिक राजोरिया, शांतनु रघुवंशी, अयान श्रीराज, अभिषेक मावी, देवेंद्र सिंह कठैत एवं शशांक पाटीदार शामिल हैं। आईसेक्ट इंडिया समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं रॉयल निमाड़ ईगल्स टीम के ओनर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी लगातार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

## नेहा साहू 100 आइकॉनिक वूमेन ऑफ इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित

**भोपाल, खेप्र।** शहर की नेहा साहू को प्रतिष्ठित 100 आइकॉनिक वूमेन ऑफ इंडिया अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में नेहा को यह अवार्ड खेल, फिटनेस, युवा सशक्तिकरण और लोक संस्कृति के संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। बॉलीवुड अभिनेत्री रीतू शिवपुरी ने यह अवॉर्ड प्रदान किया। नेहा राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी और नेशनल पावरलिफ्टर हैं। नेहा खेलों के साथ-साथ बुंदेलखंड की लोक संस्कृति को सहेजने का भी काम कर रही हैं। वे राई, दीवारी, बधाई, सैरा और नौरता जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ रही हैं।



## अंडर-18 महिला एशिया कप के लिए मप्र की चार खिलाड़ी भारतीय टीम में

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की चार खिलाड़ियों का चयन जापान में होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए भारतीय महिला अंडर-18 टीम में किया गया है। हॉकी इंडिया ने जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को 18 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है, जिसकी कमान स्वीटी कुजुर को सौंपी गई है। टीम में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी की महक परिहार, स्नेहा दावड़े, नम्मी गीताश्री तथा नौशीन नाज को शामिल किया गया है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए भोपाल में राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लिया था। इस दौरान टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज भी खेली। एशिया कप में भारत को पूल-ए में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर से होगा। भारत 30 मई को मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा, जिसके बाद वह 31 मई को कोरिया और दो जून को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सेमीफाइनल पांच जून और फाइनल छह जून को खेला जाएगा।



**भारतीय महिला अंडर-18 टीम: गोलकीपर:** महक परिहार, खिली कुमारी, **डिफेंडर:** सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रूबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी **मिडफील्डर:** श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री, पुष्पा मांझी, **फॉरवर्ड:** नौशीन नाज, स्वीटी कुजूर (कप्तान), प्रियंका मिंज, संदीपा कुमारी, नैन्सी सरोहा।




सिडनी स्थित पुरस्कार विजेता डिजाइन स्टूडियो एटेलियर सिसु द्वारा ली गई इस तस्वीर में विविड सिडनी फेस्टिवल में एक बड़े पैमाने पर इंटरैक्टिव इंस्टॉलेशन दिखाया गया है 'इनविजिबल सिटीज' शीर्षक इस तस्वीर में वास्तव में परस्पर जुड़े हुए, घुमावदार एल्यूमीनियम रिबन का एक परिदृश्य है। विविड सिडनी फेस्टिवल के हिस्से के रूप में यह आयोजन 22 मई से 13 जून, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

# 5 राज्यों में बिका था नीट का पेपर, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा

## पेपर खरीदने वाले पेरेंट्स की लिस्ट बना रही सीबीआई

**मुंबई, जेएनएन।** सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था। सबसे ज्यादा बिक्री महाराष्ट्र में हुई और दूसरा नंबर राजस्थान का है। एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि अब तक गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ और डिजिटल गैजेट्स खंगालने के बाद यह जानकारी सामने आई है। सीबीआई का कहना है कि आगे और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पेपर लीक का मामला और बड़ा निकल सकता है। इसी कारण एजेंसी अभी यह तय नहीं कर पा रही कि कितने छात्रों ने पेपर खरीदा था। जांच में सामने आया है कि कुछ परिजन ने पेपर को आगे दूसरे लोगों तक बेच दिया था। सीबीआई को महाराष्ट्र और राजस्थान में पेपर के प्रिंट निकालकर बेचने के सबूत मिले हैं। इसी वजह से अभी यह पता लगाना मुश्किल है कि पेपर कितने लोगों तक पहुंचा। जांच में अब तक सामने आया है कि पेपर लीक का सबसे बड़ा केंद्र महाराष्ट्र था।



**पैसे देकर पेपर खरीदने वाले निशाने पर:** अब सिर्फ पेपर लीक करने वाले बिचौलिए और मास्टरमाइंड ही नहीं, बल्कि भारी रकम देकर पेपर खरीदने वाले रसूखदार माता-पिता भी केंद्रीय जांच एजेंसियों के सीधे निशाने पर हैं। जांच एजेंसी अब उन सभी पेरेंट्स की लिस्ट तैयार कर रही है, जिनके बैंक खातों से शिवराज मोटेगांवकर, पी.वी. कुलकर्णी या उनकी सहयोगी मनीषा वाघमारे (पुणे) के खातों में पैसे ट्रांसफर हुए थे। एजेंसी ने ज्यादातर बड़े चेहरों को बेनकाब कर दिया है। टेस्टिंग एजेंसी के अलावा बाहर के कुछ किरदार अभी भी शक के दायरे में हैं।

## आतंकी हमजा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।



अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया। तस्वीर आतंकी हमजा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए अब्दुल्ला कमाल की है।

## संक्षिप्त समाचार


### रोजगार मेले में पीएम बांटेंगे 51 हजार नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री 23 मई को रोजगार मेले में सरकारी नौकरी में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रेलवे द्वारा आज को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार विभिन्न विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।



### करप्शन इन ज्यूडीशियरी के लेखकों पर बैन हटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एनसीईआरटी बुक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले दिया फैसला बदल दिया है। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन तीन शिक्षाविदों ने विवादित हिस्सा लिखा, उन्हें हटा दिया जाए और दोबारा काम न दिया जाए। तीनों शिक्षाविदों की याचिका पर कोर्ट ने आदेश बदलते हुए कहा कि केंद्र, राज्य, यूनिवर्सिटी और सरकारी फंड पाने वाले संस्थान इस मामले में खुद फैसला लें। जिन 3 शिक्षाविदों का नाम आया था, उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन लोगों ने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और छात्रों के सामने न्यायपालिका की नकारात्मक छवि दिखाई।



### पीएम को झालमुड़ी खिलाने वाले को मिली धमकी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम मोदी को पश्चिम बंगाल में झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह जानकारी दुकानदार बिक्रम कुमार ने शुक्रवार को दी। उसने बताया, पाकिस्तान और बांग्लादेश से फोन कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले लोग उनकी दुकान उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। बिक्रम ने बताया कि एक वीडियो कॉल में कुछ लोग उन्हें हथियार भी दिखा रहे थे। इसके चलते वे और उनका परिवार काफी तनाव में है। मोदी ने 20 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में चुनावी रैली की थी। रोड शो के दौरान उन्होंने बिक्रम की दुकान से झालमुड़ी खरीदकर खाई थी।



### महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ ने 4 महिलाओं को मारा

**चंद्रपुर, जेएनएन।** महाराष्ट्र का चंद्रपुर जिला एक बार फिर इंसानों और वन्यजीवों के बीच बढ़ते खूनी संघर्ष का गवाह बना है. जिले के सिंदेवाही तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजेवाही इलाके में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां के जंगलों में घात लगाए बैठे एक बाघ ने तेंदूपत्ता तोड़ने गई चार महिलाओं पर जानलेवा हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। चंद्रपुर के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी और वीभत्स घटनाओं में से एक है, जहां एक ही समय में बाघ के हमले में चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। गुंजेवाही गांव की रहने वाली ये महिलाएं रोजमर्रा की तरह आज सुबह गांव के पास स्थित घने जंगल में तेंदूपत्ता लेने के लिए गई थीं।



# युद्ध की आशंका के चलते खाड़ी देशों की ट्रंप से सैन्य कार्रवाई रोक वार्ता की अपील

**तेल अवीव/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर है। ऐसे में संयुक्त अरब अमीरात सहित खाड़ी देशों को एक बार फिर युद्ध का डर सताने लगा है। यूएई ने अमेरिका को सैन्य कार्रवाई की जगह कूटनीतिक रास्ता अपनाने की सलाह दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई भी सऊदी अरब और कतर के साथ मिलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कूटनीतिक रास्ता अपनाने की अपील कर रहा है। खाड़ी देशों ने ट्रंप से कहा कि वह ईरान के साथ फिर सैन्य कार्रवाई न कर बातचीत की अपील की है। दरअसल, खाड़ी देशों को लग रहा है कि अगर फिर से कोई युद्ध छिड़ा तो इससे पूरा इलाका अस्थिर हो जाएगा और उनकी अर्थव्यवस्थाओं को भी खासा नुकसान पहुंचेगा। भले ही यूएई, सऊदी अरब और कतर इस बात पर एकमत न हों कि अमेरिका को ईरान के प्रति कितना सख्त रवैया अपनाना चाहिए, लेकिन यह सभी देश एक और युद्ध से बचना चाहते हैं।

### तेहरान जा रहे आईएसआई चीफ

इस बीच, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज़ इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद आसिम मलिक तेहरान जा रहे हैं। अल अरबिया ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। वहीं, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ईरान की यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब ईरान अमेरिका के बीच स्थायी शांति के लिए अंतिम ड्रॉफ्ट तैयार हुआ है। हालांकि, इस ड्रॉफ्ट को लेकर अभी अमेरिका ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं।



### अराघची से फिर मिले नकवी

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से 24 घंटे के भीतर दूसरी बार मुलाकात की, ताकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रस्तावित प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जा सके। नकवी बुधवार को बिना किसी पूर्व सूचना के तेहरान पहुंचे थे। एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी दूसरी यात्रा है, जिसका उद्देश्य ईरान और अमेरिका के बीच मतभेदों को कम करना है।

## ईरान की होर्मुज में जहाजों से फीस वसूली की तैयारी

उधर न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमेरिकी और इजराइली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

### ट्रंप और रूबियों ने किया विरोध

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसका विरोध किया। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है।

# विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ पर भड़का दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मां बनने के बाद वापसी की राह पर चल रहीं भारतीय स्टार पहलवान विनेश फोगाट के समर्थन में दिल्ली हाई कोर्ट खुलकर सामने आ गया। कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ को फटकार लगाते हुए साफ कहा कि मातृत्व कोई अपराध नहीं है और किसी खिलाड़ी के साथ बदले की भावना से व्यवहार नहीं किया जा सकता।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि तुरंत विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाए, जो विनेश फोगाट की फिटनेस और प्रतिस्पर्धा में वापसी का आकलन करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि हर हाल में विनेश को आगामी एशियन गेम्स चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने का मौका मिलना चाहिए।




**खेल किसी व्यक्तिगत दुश्मनी से बड़ा : हाईकोर्ट**–अदालत ने सख्त लहजे में कहा, खेल किसी व्यक्तिगत दुश्मनी से बड़ा होता है। विनेश 2023 में महिला पहलवानों के उस ऐतिहासिक आंदोलन का चेहरा भी रही थीं, जिसमें कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए थे।

# भारत और साइप्रस संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरेः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और साइप्रस के संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के बीच नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों की दोस्ती न केवल मजबूत है, बल्कि भविष्य की जरूरतों और संभावनाओं के अनुरूप भी है। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री समेत दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध समय की कसौटी पर बार-बार खरे उतरे हैं और अब इन्हें नई दिशा देने के लिए रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साइप्रस द्वारा दिया गया सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत के प्रति सम्मान और दोनों देशों के गहरे रिश्तों का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस की साझेदारी लोकतंत्र, कानून के शासन और संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान जैसे साझा मूल्यों पर आधारित है।

# बॉर्डर सुरक्षा सिस्टम लागू होगा, अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर करेंगे : शाह

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले एक साल के भीतर पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी करीब 6000 किलोमीटर लंबी सीमा पर स्मार्ट बॉर्डर सुरक्षा सिस्टम लागू करेगी। इसके तहत ड्रोन, रडार, स्मार्ट कैमरे और दूसरी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सीमा की निगरानी मजबूत की जाएगी, ताकि घुसपैठ और तस्करी को पूरी तरह रोका जा सके। दिल्ली में बीएसएफ के रुसतमजी मेमोरियल लेक्चर और बीएसएफ इन्वेस्टिचर सेरेमनी को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सरकार की अवैध घुसपैठ को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने कहा कि देश में मौजूद हर अवैध घुसपैठिए की पहचान की जाएगी और उसे वापस भेजा जाएगा।



**हाईपावर डेमोग्राफी मिशन शुरू होगा:** अमित शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमा सुरक्षा का मुद्दा नहीं है। उन्होंने बीएसएफ जवानों से कहा कि वे इस कोशिश को सफल नहीं होने दें और सीमा सुरक्षा को और मजबूत करें। गृह मंत्रालय जल्द ही एक हाई-पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करेगा। इसका उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव से जुड़े मामलों की निगरानी और सुरक्षा एजेंसियों को सहयोग देना होगा।

## दिल्ली दंगे के आरोपी उमर को मिली 3 दिन की जमानत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में 7 साल से जेल में बंद आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत 1 जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए 1 लाख रुपए का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा- उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है। उन्होंने अदालत की शर्तों का पालन किया था। वह इस मामले में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है, लेकिन उनकी मां की मेडिकल स्थिति को देखते हुए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया गया। उमर ने कोर्ट में 22 मई से 5 जून तक 15 दिन की अंतरिम जमानत मांगी थी। याचिका में कहा था कि वह अपने स्व. मामा के चेहलुम में शामिल होना चाहता है।

# कंगना रनौत ने गुपचुप शादी पर तोड़ी चुप्पी

क्या कंगना रनौत ने गुपचुप शादी कर ली है? एक्ट्रेस की हालिया तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद फैंस और यूजर्स के मन में यही सवाल उठ रहा है। दरअसल, कंगना हाल ही गले में मंगलसूत्र पहने और हाथों में हरी चूड़ियां पहने दिखीं। एक्ट्रेस के इसी अंदाज को देख सवाल उठ रहे हैं कि क्या कंगना ने गुपचुप शादी कर ली है? किससे शादी की है और कब की? लेकिन अब कंगना ने इस पर चुप्पी तोड़ी है और एक पोस्ट किया है। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर मंगलसूत्र और हरी चूड़ियां पहने तस्वीर शेयर कर लिखा, मैं हर दिन शहर में और आसपास शूटिंग करती रहती हूं और किसी ने मेरी यह तस्वीर खींच ली, जिसमें मैं कैरेक्टर के मेकअप लुक में हूं। और अब मेरे पास इतने सारे फोन कॉल्स आ रहे हैं। लेकिन शादीशुदा महिला के लुक को लेकर इतनी बड़ी बात क्या है? एक्टर्स हर तरह के रोल करते हैं। मैं वादा करती हूं कि मैं गुपचुप शादी नहीं करूंगी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कंगना रनौत एक घर से निकलती दिख रही हैं और अपनी गाड़ी की तरफ बढ़ रही हैं, जबकि सिक्योरिटी टीम ने उन्हें घेरा हुआ है। माथे पर बिंदी लगाए कंगना ने लाइट पिंक कलर का सूट पहना है। इस दौरान कंगना की नजर पपाराजी पर तो पड़ी, पर उन्होंने उनसे कोई बात नहीं की, और चुप निकल गईं। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, फैंस सवाल पूछने लगे। एक ने लिखा, मंगलसूत्र? कंगना की शादी हो गई? एक का कमेंट है, शायद वह शूटिंग कर रही थीं। जहां कुछ लोग कंगना के गुपचुप शादी करने का अंदाजा लगा रहे हैं, वहीं, कुछ का कहना है कि एक्ट्रेस किसी फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। तो असल बात यह है कि कंगना ने शादी नहीं की है, बल्कि यह उनकी आने वाली फिल्म क्वीन 2 के शूट का है। कंगना ने हाल ही क्वीन 2 की शूटिंग शुरू की, जिसे क्वीन फॉरेवर नाम से बनाया जा रहा है।



खतरा — प्रशांत महासागर बड़ी घटना की ओर कर रहा इशारा, बनने लगा सुपर अल नीनो

# रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ सकता है दुनिया में तापमान

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** वैज्ञानिकों ने मौसम में बड़े बदलाव को लेकर दुनिया को चेताया है। एक्सपर्ट का कहना है कि प्रशांत महासागर में एक संभावित सुपर अल नीनो तेजी से बन रहा है। अल नीनो किस तरह से और कितना दुनिया पर असर डालेगा, यह अस्थिर हवाओं और वायुमंडल में होने वाले बदलावों पर निर्भर करेगा। तेजी से गर्म हो रहा उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर बड़ी घटना की ओर इशारा कर रहा है। हवाओं (ट्रेड विंड) में कमजोरी इसे धीमा या तेज फिर कर सकती हैं, जो अभी तक नहीं हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये आपसी क्रियाएं बहुत जटिल होती हैं और इनका अनुमान लगाना मुश्किल होता है। इसलिए अभी यह पक्के तौर पर कहना जल्दबाजी होगी कि यह अल नीनो कितना शक्तिशाली हो सकता है। यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) ने कहा कि जुलाई तक अल नीनो के बनने की 80 प्रतिशत संभावना है।



### असामान्य से रूप से बढ़ रहा अल नीनों क्षेत्र में तापमान

भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के मुख्य अल नीनो क्षेत्रों में समुद्र का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इससे सतह के नीचे असामान्य रूप से गर्म पानी का एक बहुत बड़ा भंडार जमा हो रहा है। कई प्रमुख मौसम एजेंसी अनुमान लगा रही हैं कि इस साल के आखिर में प्रशांत महासागर का तापमान औसत से 2.5 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा बढ़ सकता है।

### अब तक सबसे शक्तिशाली हो सकता है अलनीनो

साल 1877-78 में दर्ज किए गए पहले बड़े अल नीनो के बाद से केवल तीन घटनाओं- 1982-83, 1997-98 और 2015-16 में तापमान ने 2 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार की है। यूके मेट ऑफिस में लंबी अवधि के पूर्वानुमान के प्रमुख एडम स्केफ ने कहा कि यह अल नीनो सबसे शक्तिशाली और रिकॉर्ड तोड़ने वाला हो सकता है।

### दुनिया में मच सकती है उथल-पुथल

एनओएए अनुमान लगाया है कि इस घटना के 2 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा तक पहुंचने की एक-तिहाई संभावना है। यह सुपर अल नीनो क्षेत्र में प्रवेश करने जैसा होगा। वहीं एनओएए की अल नीनो-दक्षिणी दोलन की प्रमुख मिशेल एल ह्यूरेक्स ने कहा कि इस पहेली के मुख्य हिस्से अभी तक अपनी जगह पर नहीं आए हैं। अल नीनो की ताकत तब बढ़ती है, जब समुद्र और वायुमंडल गर्मियों के महीनों में एक-दूसरे से ज्यादा जुड़ते हैं। इससे हवा का दबाव, बादलों के पैटर्न और हवाएं बदल जाती हैं। यह प्रतिक्रिया चक्र एक सामान्य अल नीनो को एक बहुत बड़ी घटना में बदल सकता है। इससे गर्मी बहुत बढ़ जाती है और दुनियाभर के मौसम में उथल-पुथल मच जाती है।

### पूरी दुनिया में बढ़ेगा तापमान

अल नीनो आमतौर पर दिसंबर के आस-पास अपने चरम पर होता है लेकिन समुद्र की गर्मी धीरे-धीरे निकलती है। ऐसे में यह अगले सालों में वैश्विक तापमान को बढ़ा सकती है। साल 1998, 2010, 2016, 2023 और 2024 को तेज गर्मी वाले वर्ष गिना जाता है। ये सभी साल अल नीनो की घटनाओं के बाद आए या उनके साथ-साथ विकसित हुए।

दैनिक जागरण वर्गीकृत




**अण्डा**

BHOPAL EGG RATE 520/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

**FOR SALE**

TRACTOR M&M 585 DI YUVO - 4 WD RC No.MP-38- ZE- 3709 ENGINE No. NRE6C7E0083 CHASSIS No. MBNPFNUFRN0E3326, MODEL - 2024, Sundaram Finance,Plot No.6, VNV Plaza,MP Nagar, Zone-2, Bhopal - 07552763104 - 9109190317/9425013492

**सलाह**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

### इंदौर-इच्छापुर हाईवे निरीक्षण में सांसद ने गिनाईं कमियां

**जागरण, खंडवा।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरें के साथ बुरहानपुर के इंदौर-इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को लेकर कमियां गिनाईं और उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश भी दिये।यह निरीक्षण खातला फाटा से शाहपुर तक निर्माणाधीन लगभग 50 किलोमीटर लंबे मार्ग का था। करीब चार घंटे चले इस निरीक्षण में सड़क निर्माण की गुणवत्ता, पुल निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

### हादसे रोकने ग्रामीणों को बांटे हेलमेट

**जागरण, बुरहानपुर।** सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए खकनार पुलिस ने एक यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान, थाना प्रभारी अभिषेक जाधव के नेतृत्व में ग्राम रक्षा समिति के 50 सदस्यों को हेलमेट वितरित किये गये। यह पहल एसपी आशुतोष बागरी के निर्देश पर की गई, जिसमें एक बाइक शोरूम का भी सहयोग रहा। मेरे पापा सेफ हैं और आपके तथा नशे के दुष्प्रभाव की थीम पर नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।




### "ट्वीट ऑफ द डे"



रेखा गुप्ता
सीएम दिल्ली

अब इंफ्रास्ट्रक्चर चार्जेस पूरे प्लॉट एरिया के आधार पर नहीं, बल्कि वास्तविक पानी की जरूरत के अनुसार लिए जाएंगे। इससे लोगों पर अनावश्यक बोझ कम होगा। नई नीति के तहत धार्मिक स्थलों और आयकर अधिनियम की धारा 12 एबी के तहत पंजीकृत संस्थानों को जल और सीवर इंफ्रास्ट्रक्चर शुल्क पर अतिरिक्त 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसके अलावा आम नागरिकों, कॉलोनियों और अन्य श्रेणियों के लिए भी शुल्क को सरल और कम करने के बड़े बदलाव किए हैं।

## जबलपुर में भीषण गर्मी के बीच हुई एनसीसी ट्रेनिंग, 50 कैडेट्स बीमार

# पनीर खाने के बाद बिगड़ी सेहत, 20 छात्राएं और एक छात्र गंभीर, सात आईसीयू में भर्ती



**जागरण, जबलपुर।** जिले में एनसीसी कैडेट्स के प्रशिक्षण कैंप में 50 से अधिक बच्चों की अचानक तबीयत खराब हो गई। दरअसल घटना जिला मुख्यालय से 18 किमी दूर डुमना रोड स्थित ट्रिपल आईटीडीएम परिसर में चल रहे एनसीसी कैंप की है। कई बच्चों को चक्कर, उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया। इनमें 20 छात्राएं और एक छात्र की हालत गंभीर है, जबकि 7 कैडेट्स को आईसीयू में भर्ती कराया है। डॉक्टर की टीम उनके इलाज में जुटी है।

जानकारी के अनुसार एमपी आर्म्ड स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा 14 मई से ट्रिपल आईटीडीएम परिसर में 10 दिनी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-98) आयोजित किया जा रहा है। इसमें जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, कटनी, छिंदवाड़ा, तेंदूखेड़ा, कटंगी और नुनसर सहित कई इलाकों से करीब 450 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। आरोप है कि 43 डिग्री तापमान और भीषण लू के बावजूद निरंतर प्रशिक्षण जारी रखा, इससे बड़ी संख्या में बच्चे प्रभावित हुए। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात 8 बजे कैडेट्स ने भोजन किया, इसके बाद कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों को चक्कर, उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत होने पर आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। बच्चों ने बताया कि शिविर सात दिन पहले शुरू हुआ था और लगातार धूप में प्रशिक्षण चल रहा था।

#### लू एवं भीषण गर्मी बीमारी की वजह

स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन भीषण गर्मी और लू को बच्चों के बीमार होने की प्रमुख वजह मान रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने बताया कि सभी कैडेट्स को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है और अधिकांश बच्चों की हालत सामान्य है।

#### कई कैडेट्स डरे- सहमे नजर आए

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची। अधिकारियों ने बच्चों से जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन कई कैडेट्स डरे-सहमे नजर आए और खुलकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुए। सीएसपी सोनू कुर्मी ने बताया कि सभी कैडेट्स के परिजनों को सूचना दे दी गई है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है। पुलिस फूड पॉइजनिंग समेत अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संभाग कमिश्नर ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

## फूड पॉइजनिंग से सात साल के बच्चे की मौत, 3 परिजन बीमार

### निजी नर्सिंग होम में चल रहा बीमार लोगों का इलाज



**जागरण, सतना।** जिले के उचेहरा ब्लॉक में फूड पॉइजनिंग के चलते सात साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य लोग बीमार हैं। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में शिफ्ट किया गया है। बच्चे के दादा बाबूलाल दहिया ने बताया कि रात को सभी लोगों ने घर में बनी करेले की सब्जी-रोटी खाई थी। उसके बाद बेल का शरबत पीया था। अचानक देर रात को नाती किशुन ,7 वर्ष की तबीयत बिगड़ गई। उसे तेज उल्टी-दस्त होने लगे। देखते ही देखते घर के बाकी सदस्यों को भी चक्कर और उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई। सुबह जब तक परिवार के लोग बच्चे को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर पाते, तब तक तड़प रहे मासूम किशुन ने घर में ही दम तोड़ दिया। परिवार के अन्य तीन सदस्यों को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें नर्सिंग होम में भेजा गया।

### 1 से 12 जून तक आयोजित होगी अग्निवीर परीक्षा, दो सेंटर बनाए

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोपाल में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 1 जून से शुरू होगा जो 12 जून तक चलेगी। राजधानी में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। भर्ती में बड़ा बदलाव क्लर्क और स्टोर कीपर पद के लिए किया गया है। इन के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अलग से टाइपिंग टेस्ट देने की जरूरत नहीं होगी। उनका टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन लिखित परीक्षा के साथ उसी केंद्र पर किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों की यह परीक्षा प्रतिदिन 4 अलग-अलग शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पहला केंद्र प्रेस्टीज कॉलेज, कोकता बायपास और दूसरा केंद्र आरजीपीएम, सनखेड़ी में बनाया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड ज्वाइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर 15 मई को ही अपलोड कर दिए गए हैं। सेना भर्ती मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षार्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट साथ लेकर ही परीक्षा केंद्र पर आएं। इसके बगैर उन्हें सेंटर में दाखिल होने की अनुमति नहीं होगी। सेना भर्ती कार्यालय ने युवाओं को आगाह किया है कि फौज में चयन मेरिट के आधार पर होगा, इसलिए किसी भी तरह के दलालों, ठगों या झांसा देने वालों के बहकावे में न आएं। भर्ती से जुड़ी जानकारी या शंका का समाधान करने के लिए भोपाल में सेना भर्ती कार्यालय ने दो हेल्पलाइन नंबर 0755-2540954 और 9039018588 जारी किए हैं, जिन पर कॉल कर अभ्यर्थी अपनी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फोन-पे हिस्ट्री चेक करते ही रिटायर्ड कर्मचारी के खाते से उड़ाए 1.97 लाख

**जागरण, भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में ठगों ने रिटायर्ड कृषि विभाग के कर्मचारी के खाते से 1.97 लाख रुपए निकाल लिए। फोन-पे हिस्ट्री चेक करते ही ठगों ने खाते रकम निकाल ली। कुंदन सिंह फणसे (63) यूबी सिटी में रहते है। वह कृषि विभाग से सब ऑडिटर के पद से रिटायर्ड हैं। 18 मई की शाम 7 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि गलती से उसके तीन हजार रुपए उनके खाते में ट्रांसफर हो गए हैं, जिन्हें उन्हें वापस करना है। इस पर उन्होंने कहा कि वह पहले बैंक में जाकर खाते की जांच करेंगे। जिस पर जालसाजों ने उन्हें फोन-पे की हिस्री ।र चेक करने के लिए कहा। जब उन्होंने फोन-पे की हिस्ट्री देखी तो खाते में तीन हजार रुपए जमा दिखाई दिए, लेकिन साथ ही 15 और 16 मई के बीच उनके खाते से पहले 1200, 96,080 और फिर एक लाख रूपए कटना दिखाई दिया। अगले दिन उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की पुराना सचिवालय शाखा में पासबुक में एंट्री करवाई तो पता चला कि जालसाजों ने कुल 1 लाख 97 हजार 280 रुपए की ठगी को अंजाम दिया। बाद में ठगी का एहसास होने पर उन्होंने पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### अवैध रेत परिवहन करते तीन ट्रैक्टर पकड़ाए

**जागरण, उमरिया।** मानपुर थाना पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर की। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम परासी स्थित सोन नदी घाट से अवैध रूप से रेत निकाली और परिवहन की जा रही है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान सोनालिका, पावरट्रेक और जॉन डियर कंपनी के तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए, जिनमें रेत भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालकों से रेत परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई भी चालक दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

# फर्जी वारिस बनकर हड़पी करोड़ों की 2 हेक्टेयर जमीन

### मास्टरमाइंड समेत तहसीलदार, पटवारी, सरपंच, सचिव पर एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नीमच जिले के रामपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम बैंसला में मृतक व्यक्ति का फर्जी वारिस बनकर करीब 2 हेक्टेयर (लगभग 5 एकड़) बेशकीमती जमीन हड़पने के मास्टरमाइंड समेत षड्यंत्र में शामिल तत्कालीन तहसीलदार, पटवारी, सरपंच और सचिव के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर ली है। एक साल पुरानी एक शिकायत पर छानबीन के बाद यह उजागर हुआ कि इस मामले में फर्जी दस्तावेजों और पद के दुरुपयोग के जरिए इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया। इस जमीन का बाजार भाव लगभग तीन करोड़ रुपये है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा:** ईओडब्ल्यू की जांच में यह साफ हुआ है कि इस जमीन में मास्टरमाइंड के साथ ही पंचायत सचिव, सरपंच, पटवारी और तहसीलदार की भी अघोषित हिस्सेदारी थी। जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने पाँचों आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी के तहत धोखाधड़ी, कूटरचना, आपराधिक षड्यंत्र रचने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7(ग) एवं 12 के तहत अपराध दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू अधिकारियों के मुताबिक मामले की विवेचना जारी है और सभी आरोपियों के खिलाफ जल्द ही त्वरित गिरफ्तारी आदि की कार्रवाई की जा सकती है। छानबीन में यह भी सामने आया है कि ये पांचों मिलकर इस जमीन का सौदा एक बड़े कारोबारी से करने वाले थे।

#### पिता का नाम बदला और बना दिया फर्जी वारिस



जांच में उजागर हुआ कि नीमच जिले के ग्राम बैंसला निवासी भगवान मीणा ने गांव के ही मृतक केदार की जमीन हड़पने के लिए सरकारी नुमाइंदों की मदद से प्लान बनाया। भगवान मीणा ने स्वयं के असली पिता भेरूलाल का नाम छिपाकर कागजों में खुद को मृतक केदार का पुत्र और एकमात्र वैध वारिस बता दिया। इसके लिए पंचायत की तत्कालीन सरपंच प्रेमलता अमर रावत और सचिव आनंद सक्सेना ने भगवान मीणा को मृतक केदार का वैध पुत्र बताते हुए फर्जी वारिस प्रमाण-पत्र जारी कर दिया। इसके बाद तत्कालीन पटवारी अनुराग पाटीदार ने बिना जांच के ही झूठी वंशावली, पंचनामा और प्रतिवेदन तैयार कर नामांतरण के लिए भेज दिया। इसके बाद तत्कालीन तहसीलदार रामपुरा बालकृष्ण मकवाना ने मृतक केदार के वारिसों की कोई जांच-पड़ताल नहीं की और फर्जी दस्तावेजों को सही मानकर भगवान मीणा के नाम पर जमीन का नामांतरण कर रिकॉर्ड में उसका नाम दर्ज करा दिया।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

RERA No. : P-BPL-25-5394

KHAJURI HOUSING

स्वतंत्र डुप्लेक्स / ट्रिप्लेक्स भवनों की वृहद आवासीय योजना

जम्बूरी मैदान के पास (बीएचईएल) अवधपुरी भोपाल

भवनों का अपसेट मूल्य ₹ 79.58 89.25 एवं 101.62 लाख से प्रारंभ

3 & 4 BHK LUXURY TRIPLEX
3 BHK LUXURY DUPLEX

ऑनलाईन ई-ऑफर सुविधा
www.mphousing.in
www.mponline.gov.in पर उपलब्ध




| भवनों की संख्या | सामान्य वर्ग (अनारक्षित) | | अनु. जाति | | अनु. जनजाति | | पिछड़ा वर्ग | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | सैनिक /भू.पू. सैनिक | मान. सांसद/ विधायक | बुद्धिजीवी/ श्रमजीवी पत्रकार | विकलांग | मंडल कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (म.) | | (म.) | | (म.) | | (म.) | | | | | | |
| टाईप सी- 48/39 | 8 | 2 | 4 | 0 | 5 | 1 | 3 | 0 | 2 | 1 | 9 | 1 | 2 | 1 |
| टाईप डी - 22/10 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 | 1 | 1 | 0 |
| टाईप ई - 77/14 | अनारक्षित | | | | | | E-50, 51, 53, 54, 57, 58, 60, 61, 62, 63, 64, 65, 66, 69 | | | | | | | |

नियम व शर्तें :

1. ऑफर स्वीकृत होने पर ऑफर मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 किस्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। **2. संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मंडल नियमानुसार धरोहर राशि की 50% राशि जब्त कर ली जावेगी।** 3. संपत्ति के एक से अधिक ऑफर स्वीकृत उपरांत उनमे से किसी ऑफर के निरस्त करने के लिए ऑफरकर्ता आवेदन देता है तो उस ऑफर की धरोहर राशि राजसात कर ली जावेंगी। 4. ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/ संपत्ति का अवलोकन कर ले। 5. समस्त कर एवं जी.एस.टी. शासन/मंडल के नियमानुसार पृथक से देय होगा। 6. शासन/मंडल द्वारा निर्धारित लीजरेंट एवं भवनों के मूल्य का 5% कार्पस फंड पृथक से देय होगा। 7. मंडल/शासन के नियम व शर्तें लागू।

**आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 08/06/2026, ऑफर डालने की अंतिम तिथि 09/06/2026 सायं 5.00 बजे तक। ऑफर दिनांक 10/06/2026 को सायं 3.00 बजे online खोले जावेंगे। आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि online Portal से जमा होंगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होंगी। योजना की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in पर उपलब्ध।**

(एस. के. अग्रवाल)
सम्पदा अधिकारी, संभाग - 3 प्रथम तल,
सैटेलाइट प्लाजा, अयोध्या नगर, भोपाल

LOCATION

अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिए संपर्क करें: www.mphousing.in
9691563538, 9406912076, 9826644908

M.P. Madhyam/125971/2026

**स्वच्छता सर्वेक्षण:** सफाई व्यवस्था की जांच करने दिल्ली से आई 6 सदस्यीय टीम

# केंद्रीय मूल्यांकन टीम ने दो दिन में शहर के 100 स्थानों की स्वच्छता का किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** करीब 45 दिन से राजधानी भोपाल को स्वच्छ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखने के लिए स्वच्छता सर्वेक्षण की छह सदस्यीय केंद्रीय मूल्यांकन टीम पिछले दो दिनों से राजधानी में डेरा डाले हुए है। इस केंद्रीय टीम ने दो दिनों में शहर के 100 से ज्यादा स्थानों का निरीक्षण करते हए शहर की सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं की बारीकी से जांच की। दो दिनों से जारी मैराथन निरीक्षण के तहत टीम शहर के विभिन्न पार्कों, गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (कचरा संवेदनशील क्षेत्र), सुलभ कॉम्प्लेक्स, सरकारी स्कूलों, प्रमुख बाजारों, फाउंटेन और वेस्ट टू वंडर साइट्स का ऑन-द-स्पॉट मूल्यांकन कर रही है। शुक्रवार को टीम सुबह करीब 9 बजे ही बिना किसी पूर्व सूचना के बैरागढ़ स्थित जोन-1 में अचानक आ गई। समिति के सदस्यों ने यहां पर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, पार्क बाजार और बस स्टैंड की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद ईदगाह हिल्स, कमला पार्क, मंगलवारा, इतवारा और करोंद-भानपुर इलाके की ओर जांच की गई, जिससे नगर निगम के स्वच्छता अमले में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

#### दो दिनों में इन स्थानों का किया दौरा

टीम ने दो दिवसीय निरीक्षण में शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया है, जिनमें पुराने भोपाल के चौक बाजार, टीला जमालपुरा, नारियल खेड़ा, हमीदिया रोड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, इतवारा और मंगलवारा शामिल है। जबकि नए भोपाल के एमपी नगर, अयोध्या नगर, मिंटो हॉल और ईदगाह हिल्स सहित आसपास के कई अन्य इलाकों में भी स्वच्छता को परखा है।

#### पंजाबी बाग में एक्वेरियम की पेंटिंग ने मोहा मन

निरीक्षण के दौरान टीम ने पंजाबी बाग में दीवार पर बनी एक आकर्षिक पेंटिंग की खूब सराहना की। दरअसल मछली एक्वेरियम की थीम पर बनी आकर्षक दीवार पेंटिंग और गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन को एक बेहद सुंदर सार्वजनिक स्थल में बदले जाने से टीम काफी प्रभावित नजर आई। सुंदरता को देखकर टीम के सदस्यों ने न केवल नगर निगम के प्रयासों को सराहा, बल्कि वहां रुककर सेल्फी भी ली। साथ ही टीम ने सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण करते हुए वहां टॉयलेट की सफाई, कैंपस की स्वच्छता व छात्र-छात्राओं के लिए हाइजीन व्यवस्था का निरीक्षण किया। शहर के विभिन्न सुलभ कॉम्प्लेक्सों और कचरा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर नियमित सफाई और उनके रखरखाव की वास्तविक स्थिति देखी।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।